वर्ष : 07 अंक : 02

बोकारो

पृष्ठ : 12 मूल्य : 2/- रुपया

मंगलवार, 02 जुलाई 2024

RNI No. : JHAHIN/2018/76658

# हिन्दी दैनिक झारखंड दर्शन



Email : jharkhanddarshan405@gmail.com Website: jharkhanddarshan.net

## संवैधानिक संस्थानों में रिक्त पदों का मामला : हाई कोर्ट ने पूछा– इन्हें अब तक भरा क्यों नहीं गया?

# कछुए की चाल से क्यों चल रही राज्य सरकार : हाईकोर्ट

संवाददाता

**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट ने राज्य में लोकायुक्त, सूचना आयुक्त, मानवाधिकार आयोग सहित अन्य संवैधानिक संस्थानों में पदों को राज्य सरकार द्वारा नहीं भरे जाने पर मौखिक कहा कि सरकार कछुए की गति से क्यों चल रही है? लोकायुक्त, मानवाधिकार आयोग, सूचना आयुक्त सहित कई संवैधानिक संस्थाओं के पद तीन से पांच साल से खाली पड़े हैं लेकिन इन्हें अब तक नहीं भरा जा सका है।



कोर्ट ने कहा कि शपथ पत्र के माध्यम से राज्य सरकार द्वारा लोकायुक्त सहित कई संवैधानिक पदों पर नियुक्ति को लेकर एक टाइम फ्रेम दिया जा रहा है, जो एक माह से ज्यादा का समय है। सरकार को टाइम फ्रेम की अवधि कम करनी होगी। हाई कोर्ट में सोमवार को राज्य में सूचना आयुक्तों की नियुक्ति से संबंधित राजकुमार की अवमानना याचिका समेत राज्य के 12 संवैधानिक संस्थाओं में अध्यक्ष एवं सदस्यों के पद रिक्त रहने को लेकर दायर जनहित याचिका की सुनवाई हुई।

राजकुमार की अवमानना याचिका में याचिकाकर्ता ने कोर्ट को बताया था कि वर्ष 2020 में हाई कोर्ट ने सूचना आयुक्तों कि नियुक्ति से संबंधित एक याचिका को राज्य सरकार का पक्ष सुनने के बाद निष्पादित कर दिया था। उस समय सरकार की ओर से कोर्ट में अंडरटेकिंग देते हुए कहा गया था कि सूचना आयुक्तों की नियुक्ति जल्द कर ली जाएगी।

### सरकार को फ्रेश शपथ पत्र दाखिल करने का निर्देश

कोर्ट ने मामले की सुनवाई मंगलवार निर्धारित करते हुए सरकार को फ्रेश शपथ पत्र दाखिल करने का निर्देश दिया। कोर्ट में सरकार को लोकायुक्त सहित अन्य संवैधानिक संस्थाओं में नियुक्ति के लिए निर्धारित किए गए टाइम फ्रेम को कम करने का निर्देश दिया है। इससे पहले वरीय अधिवक्ता वीपी सिंह ने कोर्ट को बताया कि सरकार की ओर से सूचना आयुक्त, लोकायुक्त सहित कई संवैधानिक पदों पर नियुक्ति के लिए पहले नेता प्रतिपक्ष नहीं रहने की आपत्ति को लगाया गया था।

### सभी रिक्त पदों को जल्द भरने पर भी फोकस करें : न्यायालय

इसमें करीब डेढ़ साल का समय बीत गया। सरकार अब भी इन पदों पर नियुक्ति के लिए एक माह से अधिक का टाइम फ्रेम निर्धारित कर रही है। सरकार को जल्द से जल्द इन पदों पर नियुक्त प्रक्रिया शुरू की जानी चाहिए थी। इस पर सरकार की ओर से कोर्ट को बताया गया की सूचना आयुक्त की नियुक्ति के लिए विज्ञापन निकाला गया है। इस पर कोर्ट ने मौखिक कहा कि सिर्फ सूचना आयुक्त की नियुक्ति प्रक्रिया शुरू करने से काम नहीं चलेगा। लोकायुक्त, राज्य मानवाधिकार आयोग एवं अन्य संवैधानिक संस्थाओं में रिक्त पदों को जल्द भरने पर भी फोकस करें।

## भारत की दंड संहिता में एक जुलाई की तारीख ने लिखा नया इतिहास

# देश में तीन नये अपराधिक कानून लागू

- प्राथमिकी से लेकर फैसले तक को समय सीमा में बाधा गया
- ट्रायल को गति देने के लिए 35 जगह टाइम लाइन जोड़ी गई

एजेंसी

**नई दिल्ली।** देश में रविवार रात घड़ी पर बड़ी और छोटी सूई का कांटा ठीक 12 पर पहुंचते ही एक जुलाई की तारीख ने भारत की दंड संहिता में नया इतिहास लिख दिया। आज से देश में आईपीसी, सीआरपीसी और भारतीय साक्ष्य अधिनियम की जगह तीन नये कानून भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनिमय लागू हो गए। तीन नये कानूनों में त्वरित न्याय सुनिश्चित करने के लिए प्राथमिकी (एफआईआर) से लेकर फैसले तक को समय सीमा में बांधा गया है।

यही नहीं आपराधिक ट्रायल को गति देने के लिए नये कानून में 35 जगह टाइम लाइन जोड़ी गई है। शिकायत मिलने पर एफआईआर दर्ज करने, जांच पूरी करने, अदालत के संज्ञान लेने, दस्तावेज दाखिल करने और ट्रायल पूरा होने के बाद फैसला सुनाने तक की समय सीमा तय है। इसी के साथ आधुनिक तकनीक का भरपूर इस्तेमाल और इलेक्ट्रानिक साक्ष्यों को कानून का हिस्सा बनाने से मुकदमों के जल्दी निपटारे का रास्ता आसान किया गया है। शिकायत, समन और गवाही की प्रक्रिया में इलेक्ट्रानिक माध्यमों के इस्तेमाल से न्याय की रफ्तार तेज होगी।



### अब शिकायत पर तीन दिन में होगी एफआईआर

नये कानून में तय समय सीमा में एफआईआर दर्ज करना और उसे अदालत तक पहुंचाना सुनिश्चित किया गया है। भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता में व्यवस्था है कि शिकायत मिलने पर तीन दिन के अंदर एफआईआर दर्ज करनी होगी। तीन से सात साल की सजा के केस में 14 दिन में प्रारंभिक जांच पूरी करके एफआईआर दर्ज की जाएगी। 24 घंटे में तलाशी रिपोर्ट के बाद उसे न्यायालय के सामने रख दिया जाएगा।

### आरोप–पत्र की भी टाइम लाइन तय

दुष्कर्म केस में सात दिन के भीतर पीड़िता की चिकित्सा रिपोर्ट पुलिस स्टेशन और कोर्ट भेजी जाएगी। इससे पहले सीआरपीसी में इसकी कोई समय सीमा तय नहीं थी। नया कानून आने के बाद समय में पहली कटौती यहीं से होगी। नए कानून में आरोप-पत्र की भी टाइम लाइन तय है। आरोप-पत्र दाखिल करने के लिए पहले की तरह 60 और 90 दिन का समय तो है लेकिन 90 दिन के बाद जांच जारी रखने के लिए कोर्ट से इजाजत लेनी होगी और जांच को 180 दिन से ज्यादा लंबित नहीं रखा जा सकता। 180 दिन में आरोप-पत्र दाखिल करना होगा। ऐसे में जांच चालू रहने के नाम पर आरोपपत्र को अनिश्चितकाल के लिए नहीं लटकाया जा सकता।

### अदालत के लिए भी समय सीमा

अदालत के लिए भी समय सीमा तय की गई है। मजिस्ट्रेट 14 दिन के भीतर केस का संज्ञान लेंगे। केस ज्यादा से ज्यादा 120 दिनों में ट्रायल पर आ जाए इसके लिए कई उपाय किए गए हैं। प्ली बार्गेनिंग का भी समय तय है। प्ली बार्गेनिंग पर नया कानून कहता है कि अगर आरोप तय होने के 30 दिन के भीतर आरोपी गुनाह स्वीकार कर लेगा तो सजा कम होगी। ट्रायल पूरा होने के बाद अदालत को 30 दिन में फैसला सुनाना होगा अभी सीआरपीसी में प्ली बार्गेनिंग के लिए कोई समय सीमा तय नहीं थी। नए कानून में केस में दस्तावेजों की प्रक्रिया भी 30 दिन में पूरी करने की बात है। फैसला देने की भी समय सीमा तय है। ट्रायल पूरा होने के बाद 30 दिन में फैसला सुनाना होगा।

### ऐसा है नया कानून

- पहली बार आतंकवाद को परिभाषित किया गया।
- राजद्रोह की जगह देशद्रोह बना अपराध।
- मॉब लिंचिंग सेल में आजीवन कारावास या मौत की सजा।
- पीड़ित कहीं भी दर्ज करा सकेंगे एफआईआर।
- राज्य को एकतरफा केस वापस लेने का अधिकार नहीं।
- एफआईआर, केस डायरी, चार्जशीट, जजमेंट होंगे डिजिटल।
- तलाशी और जब्ती में आडियो-वीडियो रिकार्डिंग अनिवार्य।
- गवाह के लिए ऑडियो-वीडियो से बयान रिकार्ड कराने का विकल्प।
- सात साल या उससे अधिक सजा के अपराध में फॉरेंसिक साक्ष्य जुटाना अनिवार्य।
- छोटे अपराधों में जल्द निपटारे के लिए समरी ट्रायल (छोटी प्रक्रिया में निपटारा) का प्रावधान।
- पहली बार के अपराधी के ट्रायल के दौरान एक तिहाई सजा काटने पर मिलेगी जमानत।
- भगोड़े अपराधियों की संपत्ति होगी जब्त।
- इलेक्ट्रानिक डिजिटल रिकार्ड माने जाएंगे साक्ष्य।
- भगोड़े अपराधियों की अनुपस्थिति में भी चलेगा मुकदमा।

### बड़ा बदलाव

- इंडियन पीनल कोड (आईपीसी)1860 की जगह ली भारतीय न्याय संहिता 2023 ने।
- क्रिमिनल प्रोसीजर कोड (सीआरपीसी) 1973 की जगह ली भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 ने।
- इंडियन एवीडेंस एक्ट 1872 की जगह अब भारतीय साक्ष्य अधिनियम 2023।

## मुख्यमंत्री ने ब्रहमानन्दम अस्पताल का किया उद्‍घाटन

# बेहतर चिकित्सा सुविधा मिलेगी तभी लोग स्वस्थ रहेंगे : चम्पाई



संवाददाता

**जमशेदपुर।** मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन ने सोमवार को कागल नगर, सोनारी स्थित ब्रह्मानंदम अस्पताल का विधिवत उद्घाटन किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि मनुष्य जीवन में अस्पताल की काफी महत्ता है। अस्पताल का खुलना सराहनीय प्रयास है। बेहतर चिकित्सीय सुविधा मिलेगी तभी लोग स्वस्थ रहेंगे। ब्रह्मानंदम अस्पताल पहले से ही सरायकेला-खरसांवा जिले में अपनी सेवा दे रहा है। जमशेदपुर के शहरी क्षेत्र में इस अस्पताल के खुलने से अब यहां के लोग लाभान्वित होंगे।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने अस्पताल प्रबंधन को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी। उन्होंने विश्वास जताया कि अस्पताल प्रबंधन गरीब-जरूरतमंद मरीजों के बेहतर स्वास्थ्य सेवा प्रदान करेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार राज्य में चिकित्सा व्यवस्था के गुणात्मक सुधार के लिए निरंतर प्रयासरत है। यहां के लोगों को गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सुविधा मुहैया करायी जा सके यह राज्य सरकार की प्राथमिकता है। स्वस्थ एवं निरोगी समाज से ही समृद्ध एवं विकसित राज्य की परिकल्पना पूरी की जा सकेगी। मुख्यमंत्री ने नवनिर्मित अस्पताल के ओटी, चाइल्ड केयर यूनिट (एनआईसीयू), महिला-पुरुष वार्ड सहित अन्य चिकित्सीय सुविधाओं का अवलोकन भी किया। इस दौरान स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग के मंत्री बन्ना गुप्ता, विधायक सविता महतो, विधायक रामदास सोरेन, राज्य गोसेवा आयोग के अध्यक्ष राजू गिरी, 20 सूत्री उपाध्यक्ष मोहन कर्मकार, जिला के उपायुक्त, वरीय पुलिस अधीक्षक सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## एक नजर

### सीजीएसटी का सहायक आयुक्त रिश्वत लेते गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने केंद्रीय वस्तु एवं सेवा कर (सीजीएसटी) गुवाहाटी में तैनात एक सहायक आयुक्त को 50 हजार रुपये घूस लेते हुए गिरफ्तार किया है। आरोपित सहायक आयुक्त एम श्रीनिवास राव को गुवाहाटी स्थित जीएसटी आयुक्त कार्यालय से गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तारी के बाद सीबीआई ने गुवाहाटी और हैदराबाद में आरोपितों के आधिकारिक और आवासीय परिसरों की तलाशी ली। सीबीआई ने सोमवार 01 जुलाई को यह जानकारी दी।

### ग्लोबल इंडिया एआई शिखर सम्मेलन 3 जुलाई से नई दिल्ली में

**नई दिल्ली।** आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) के विकास, तैनाती और इसे अपनाने के लिए इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय द्वारा 3 और 4 जुलाई 2024 को नई दिल्ली में 'ग्लोबल इंडिया एआई (जीपीएआई) शिखर सम्मेलन' का आयोजन किया जा रहा है। इस शिखर सम्मेलन की अध्यक्षता भारत करेगा। इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने सोमवार को यह जानकारी दी। मंत्रालय के मुताबिक शिखर सम्मेलन विज्ञान, उद्योग, नागरिक समाज, सरकारों, अंतरराष्ट्रीय संगठनों और शिक्षा जगत के प्रमुख अंतरराष्ट्रीय एआई विशेषज्ञों को प्रमुख एआई मुद्दों और चुनौतियों पर अंतर्दृष्टि साझा करने के लिए एक मंच प्रदान करेगा।

### कविता की ईडी व सीबीआई मामले में जमानत याचिकाएं खारिज

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाई कोर्ट की जस्टिस स्वर्णकांता शर्मा की बेंच ने दिल्ली आबकारी घोटाला में बीआरएस नेता के. कविता की ईडी और सीबीआई मामले में जमानत याचिकाएं खारिज कर दी हैं। कोर्ट ने 28 मई को फैसला सुरक्षित रख लिया था। ईडी ने के. कविता की जमानत याचिका का विरोध करते हुए कहा था कि जमानत पर रिहा होने की स्थिति में आगे की जांच पर गंभीर असर पड़ सकता है। ईडी ने कहा था कि ये दलील सही नहीं है कि महिला होने की वजह से जमानत दी जाए। ईडी ने कहा था कि के कविता एक प्रभावशाली महिला हैं। ईडी ने कहा था कि के कविता ने काफी गंभीर अपराध किया है। वे गवाहों को प्रभावित कर सकती हैं और साक्ष्यों से छेड़छाड़ कर सकती हैं। ईडी ने कहा था कि के कविता ने अन्य आरोपितों के साथ मिलकर सौ करोड़ रुपये की रिश्वत ली।

# केजरीवाल ने सीबीआई की गिरफ्तारी को दिल्ली उच्च न्यायालय में दी चुनौती

एजेंसी

**नई दिल्ली।** आबकारी नीति 2021-22 (जो विवाद के बाद रद्द कर दी गई) कथित घोटाला मामले के आरोपी दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) की ओर से दी गई गिरफ्तारी और विशेष अदालत के केंद्रीय जांच एजेंसी को उन्हें हिरासत में देने के आदेश के साथ ही गिरफ्तारी को उचित बताते की टिप्पणी के खिलाफ दिल्ली उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया है।

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के मुकदमे में मार्च से न्यायिक हिरासत में तिहाड़ जेल बंद आरोपी श्री केजरीवाल को 26 जून को औपचारिक तौर पर सीबीआई ने गिरफ्तार किया था। विशेष अदालत ने उसी दिन सीबीआई की गुहार पर उन्हें इस केंद्रीय जांच एजेंसी की तीन दिनों की हिरासत में भेज दिया था।

हिरासत अवधि समाप्त होने के बाद विशेष अदालत ने सीबीआई के अनुरोध पर शनिवार 29 जून को उन्हें 12 जुलाई तक न्यायिक हिरासत में भेज दिया। राऊज एवेन्यू स्थित अवकाशकालीन विशेष न्यायाधीश सुनैना शर्मा ने सीबीआई की ओर से श्री केजरीवाल की हिरासत बढ़ाने की मांग नहीं करने और 14 दिनों की न्यायिक हिरासत में भेजने का आग्रह के बाद यह आदेश पारित किया था।

# लातेहार में चार नक्सली गिरफ्तार, हथियार बरामद

संवाददाता

**लातेहार।** पुलिस ने छिपादोहर थाना क्षेत्र में छापेमारी कर नक्सली संगठन जेजेएमपी के चार नक्सलियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार नक्सलियों की पहचान छिपादोहर थाना क्षेत्र निवासी बीतन लोहरा, गुड्डू लोहरा, लखन लोहरा और बरवाडीह थाना क्षेत्र निवासी वीरेंद्र सिंह के रूप में हुई। इनके पास से पुलिस ने दो देसी बंदूक और आठ गोली समेत अन्य सामग्री बरामद किया है।



डीएसपी वेंकटेश प्रसाद ने सोमवार को पत्रकार वार्ता में बताया कि रविवार की रात लातेहार एसपी को गुप्त सूचना मिली थी कि जेजेएमपी के नक्सली व्यवसाईयों से रंगदारी वसूलने छिपादोहर की ओर आ रहे हैं। एसपी के निर्देश पर नक्सलियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस ने टीम बनाकर छिपादोहर थाना क्षेत्र के बाघटोला के पास नाका लगाकर छापेमारी आरंभ की। इसी दौरान तीन मोटरसाइकिल पर पांच लोग संदिग्ध अवस्था में आते दिखे। पुलिस को देखकर मोटरसाइकिल सवार भगाने का प्रयास करने लगे लेकिन पुलिस ने घेराबंदी कर चारों को गिरफ्तार कर लिया जबकि एक व्यक्ति भागने में सफल रहा। उनके पास से दो देसी बंदूक और आठ गोली बरामद हुई।

## एक और उपलब्धि : भारत ने विकसित किया दुनिया का सबसे खतरनाक विस्फोटक सेबेक्स–2

# चंद सेकंड में सेबेक्स–2 दुश्मन के खेमे में मचा सकती है तबाही

- सशस्त्र बलों के लिए गेम चेंजर साबित हो सकते हैं विकसित तीन नये विस्फोटक
- नये विस्फोटक सेबेक्स-2 से भारत की हथियार क्षमता में क्रांति आने की उम्मीद

एजेंसी

**नई दिल्ली।** भारत ने दुनिया के सबसे ताकतवर और खतरनाक तीन विस्फोटक विकसित किये हैं, जो चंद सेकंड में दुश्मन के खेमे में तबाही मचाकर सशस्त्र बलों के लिए गेम चेंजर साबित हो सकते हैं। ताकतवर गैर-परमाणु विस्फोटकों में से एक इस विस्फोटक को सेबेक्स-2 नाम दिया गया है। भारत रक्षा क्षेत्र में लगातार नई उपलब्धियां हासिल करके रक्षा उत्पादन में पड़ोसी देशों को पीछे छोड़ता जा रहा है। इस विस्फोटक के विकसित होने के बाद भारत की विस्फोटक क्षमता में क्रांति आने की उम्मीद है।



नागपुर स्थित सोलर इंडस्ट्रीज की सहायक कंपनी इकोनॉमिक एक्सप्लोसिव्स लिमिटेड ने 'मेक इन इंडिया' के तहत तीन नये विस्फोटक फॉमूर्लेशन विकसित किए हैं।

सोलर इंडस्ट्रीज के अधिकारी का कहना है कि यह तीन नये विस्फोटक फॉमूर्लेशन सशस्त्र बलों के लिए गेम चेंजर साबित हो सकते हैं, क्योंकि इनमें फायरपावर और विस्फोटक प्रभाव में बहुत वृद्धि हुई है। सेबेक्स-2 एक नया विस्फोटक फॉमूर्लेशन है, जो वर्तमान में उपलब्ध किसी भी ठोस विस्फोटक की तुलना में बहुत अधिक शक्तिशाली विस्फोट प्रभाव प्रदान करता है। किसी भी विस्फोटक का प्रदर्शन ट्राई नाइट्रोटॉल्विन (टीएनटी) समतुल्यता के संदर्भ में मापा जाता है। नया विस्फोटक टीएनटी से दोगुना ज्यादा घातक है।

### कई गुना बढ़ जाएगी हथियारों की क्षमता

उच्च टीएनटी समतुल्यता वाले विस्फोटकों में अधिक मारक क्षमता और विनाशकारी शक्ति होती है। पारंपरिक विस्फोटक जैसे डेनटेक्स और टारपेक्स का इस्तेमाल पारंपरिक वारहेड, हवाई बम और दुनिया भर में कई अन्य गोला-बारूद बनाने में किया जाता है। इस नए विस्फोटक से तबाही मचाने वाले हथियारों की क्षमता कई गुना बढ़ जाएगी, जिससे चंद सेकंड में दुश्मन के खेमे में तबाही मच सकती है। नये विस्फोटक का परीक्षण भारतीय नौसेना के डिफेंस एक्सपोर्ट प्रमोशन स्कीम के तहत किया जा चुका है। कंपनी का दावा है कि आने वाले समय इस विस्फोटक को दुनियाभर की सेनाएं इस्तेमाल करने के लिए आगे आएंगी।

### सबसे घातक गैर–परंपरागत विस्फोटक

कंपनी की ओर से बताया गया है कि एक ग्राम टीएनटी के विस्फोट में निकलने वाली ऊर्जा लगभग 4000 जूल (0.9560229 किलो कैलोरी) के बराबर होती है। इस उच्च प्रदर्शन वाले विस्फोटक का उद्देश्य वजन बढ़ाए बिना विनाशकारी शक्ति को बढ़ाकर बम, तोपखाने के गोले और वारहेड्स में क्रांति लाना है। भारत ने अब तक का सबसे घातक विस्फोटक ब्रह्मोस मिसाइल के वारहेड में लगाया है, जिसकी टीएनटी 1.50 समतुल्य है। फिलहाल दुनिया के अधिकतर वारहेड्स की टीएनटी तुल्यता 1.25-1.30 के बीच होती है। सेबेक्स-2 की टीएनटी तुल्यता 2.01 है, जो अब तक का सबसे घातक गैर-परंपरागत विस्फोटक माना जा रहा है।

# मेधा पाटकर को पांच माह की कैद व 10 लाख रुपये जुर्माना

एजेंसी

**नई दिल्ली।** दिल्ली के साकेत कोर्ट ने दिल्ली के उप-राज्यपाल वीके सक्सेना की ओर से दाखिल आपराधिक मानहानि मामले में दोषी करार नर्मदा बचाओ आंदोलन की नेता मेधा पाटकर को पांच महीने कैद की सजा सुनाई है। मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट राघव शर्मा ने मेधा पाटकर को जुर्माना की रकम दस लाख रुपये का भुगतान वीके सक्सेना को करने का आदेश दिया।

कोर्ट ने कहा कि इस मामले में अधिकतम सजा दो साल की होती है, लेकिन मेधा पाटकर के स्वास्थ्य को देखते हुए पांच महीने की सजा दी जाती है। कोर्ट ने इस सजा को 30 दिनों तक निलंबित रखने का भी आदेश दिया। कोर्ट ने 7 जून को सजा की अवधि पर फैसला सुरक्षित रख लिया था। 30 मई को शिकायतकर्ता वीके सक्सेना की ओर से पेश वकील ने मेधा पाटकर को अधिकतम सजा देने की मांग की थी। भारतीय दंड संहिता में आपराधिक मानहानि के मामले में अधिकतम दो साल की कैद की सजा का प्रावधान है।

साकेत कोर्ट ने 24 मई को मेधा पाटकर को दोषी करार दिया था। कोर्ट ने मेधा पाटकर को भारतीय दंड संहिता की धारा 500 के तहत दोषी करार दिया था। कोर्ट ने कहा था कि ये साफ हो गया है कि आरोपित मेधा पाटकर ने सिर्फ प्रतिष्ठा को नुकसान पहुंचाने के लिए वीके सक्सेना के खिलाफ गलत जानकारी के साथ आरोप लगाए।

### राज्य सरकार के संरक्षण में युवाओं की नौकरी बेचने का लगाया आरोप

# ठगबंधन सरकार युवाओं को नौकरी दे नहीं रही बल्कि बेच रही: बाउरी

वरीय संवाददाता

**रांची।** युवाओं को सपने दिखा कर, राज्य की जनता को झुठ बोल कर सत्ता में आयी जेएमएम, कांग्रेस और राजद की सरकार के खिलाफ अब युवा आक्रोशित है क्योंकि ठगबंधन सरकार ने आज तक जो भी परीक्षाएं ली है उन सभी परीक्षाओं में गड़बड़ियां सामने आयी है। ऐसे में राज्य सरकार को चाहिए कि वो युवाओं के हित में इन सभी परीक्षाओं के गड़बड़ियों की जांच सीबीआई से कराने की अनुशंसा करे। उक्त बातें नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी ने सोमवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय में संवाददाताओं को संबोंधित करते हुए कही। श्री बाउरी ने कहा कि कल जेएसएससी पीजीटी के अभ्यार्थियों ने मुलाकात कर बताया कि इस परीक्षा में धांधली हुई है। इसकों लेकर अभ्यार्थी पिछले 17 दिनों से धरना कर रहे है। अभ्यार्थियों ने अपने आवेदन में बताया कि एक ही सेंटर से 70-80 प्रतिशत अभ्यार्थी पास हुए है। बोकारो जिला के श्रेया डिजिटल और रांची जिला के शिवा इनफोटेक से सबसे अधिक अभ्यार्थी पास हुए है। सिरिया डिजिटल से 513 अभ्यार्थी, शिवा इनफोटेक से 279 अभ्यर्थी पास हुए वहीं धनबाद डिजिटल से 273 पास हुए है। अभ्यार्थियों ने बताया कि इस परीक्षा में धांधली हुई है। पैसे का खेल हुआ है।



परीक्षा आयोजित करने के लिए जिस एजेंसी को नियुक्त किया गया है वह पहले से ही ब्लैक लिस्टेड है। राज्य सरकार ने एसआईटी गठित कर जांच करवाने का फैसला भी लिया है लेकिन अभी तक कोई भी गिरफ्तारी नहीं की गयी। जेएसएससी पीजीटी में ऐसे अभ्यार्थियों का भी चयन हुआ मूकबधिर दिव्यांग कोटा से हुआ है, जो बातचीत कर रहा। उन्होंने कहा कि एक बड़ा घोटाला राज्य सरकार ने किया है। पांच लाख नौकरी के नाम पर सत्ता में आयी हुई सरकार ने नौकरी तो नहीं दिया लेकिन नौकरी बेचने का काम जरुर कर रही है।

इसका मास्टरमाइंड कौन है, अभी तक नहीं पता चल सका है। यह पूरा मामला राज्य सरकार के इशारे पर ही हो रहा है। राज्य के कई अधिकारी और मंत्रियों के मिलीभगत से ही इस तरह का घोटाला हो रहा है जिससे झारखंड के युवाओं का भविष्य को खतरे में डाल रहे है। युवाओं को ठगने का काम सरकार और सरकार की एजेंसी ही कर रही है। इन विषयों को लेकर केन्द्रीय मंत्री के साथ भी पत्राचार किया जायेगा, ताकि सीबीआई सभी मामले की जांच एक साथ कर सके। नेता प्रतिपक्ष ने सरकार से मांग किया कि इस पूरे विषय पर सरकार निष्पक्ष जांच के लिए सीबीआई को अनुशंसा करे ।और जब तक जांच पूर्ण नहीं होती है तब तक नियुक्ति को रोका जाये। उन्होंने आगाह करते हुए कहा कि यदि इस मामले पर सरकार कोई ठोस कदम नहीं उठाती है तो जब भाजपा की सरकार राज्य में आयेगी तो वैसे अभ्यार्थी जो पैसे के बल पर परीक्षा दे रहे है और नियुक्ति ले रहे है, वैसे अभ्यार्थियों की नौकरी भी जायेगी और उन्हें जेल भी जाना होगा। नेता प्रतिपक्ष ने बताया कि 2014-19 तक भाजपा ने जितनी भी नौकरी दी उसपर कोई भी गड़बड़ी नहीं हुई है। लेकिन आज की स्थिति बिल्कुल अलग है। छात्र खुद को ठगा हुआ महसुस कर रहे है। प्रेसवार्ता में प्रदेश मीडिया प्रभारी शिवपूजन पाठक, प्रवक्ता अविनेश कुमार सिंह,भाजपा युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष शशांक राज उपस्थित रहे।

## पासवा ने दो हजार प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं को किया सम्मानित

वरीय संवाददाता

**रांची।** प्राइवेट स्कूल्स एंड चिल्ड्रेन वेलफेयर एसोसिएशन पासवा ने 12 वां अति प्रतीक्षित प्रतिभा सम्मान आयोजित कर दो हजार प्रतिभाशाली बच्चों को सम्मानित किया। यह कार्यक्रम कडरु स्थित जामिया बैंक्विट हॉल में आयोजित हुआ । इस प्रतिभा सम्मान समारोह का शुभारंभ लिटिल एंजेल स्कूल रांची और हजारीबाग फहिमा एकैडमी के स्कूल बैंड की टीम ने अतिथियों तिलक लगाकर, एस्कॉर्ट और स्वागतम नृत्य के साथ सभी अतिथियों का स्वागत किया गया। वही कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अनिल कुमार महतो जैक चेयरमैन, पासवा के राष्ट्रीय अध्यक्ष सैयद शमायल अहमद, धनंजय किशोर रिटायर ऑफिसर एयर इंडिया, एम सईद पेट्रोन अदरे शरिया, प्रदेश उपाध्यक्ष अरविन्द कुमार, निशा भगत, महासचिव मसूद कच्ची, अनिल गुप्ता, प्रदेश सचिव तौफीक हुसैन ने मुख्य रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। अतिथियों को पुष्पगुच्छ, शॉल और संगठन का प्रतीक चिन्ह भेंट किया गया सभी अतिथियों ने 10 वीं और 12वीं में सफलता प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को मेडल और सर्टिफिकेट देकर सम्मानित करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना किया। 12वां प्रतिभा सम्मान समारोह में पासवा ने बेस्ट स्कूल का अवार्ड फहीमा एकैडमी हजारीबाग को दिया।



कार्यक्रम का संचालन एसोसिएशन के प्रदेश उपाध्यक्ष अरविंद कुमार ने किया।

मुख्य अतिथि अनिल कुमार महतो ने अपने संबोधन में संगठन द्वारा आयोजित प्रतिभा सम्मान समारोह की सराहना की और कहा बच्चों के मनोबल को बढ़ाने के लिए इस प्रकार का आयोजन अति आवश्यक एवं अनिवार्य है और आरटीई नियमों के संशोधन में पासवा की आवाज बनूँगा । उन्होंने बताया की पूर्व शिक्षा मंत्री स्व जगन्नाथ महतो द्वारा नियमों में संशोधन के लिए भी कार्य किए गए थे उसपर एसोसिएशन से पहल करने का आग्रह किया। कार्यक्रम को सफल बानने में कार्यकारी अध्यक्ष मोहम्मद उस्मान, निशा भगत, अरविंद कुमार, सैयद अंसारुल्लाह, मसूद कच्छी , अनिल गुप्ता के साथ-साथ संगठन के सभी पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने अहम भूमिका निभाई।

### सरकार ने जनता को छलने का काम किया : सुदेश महतो

**रांची।** आजसू पार्टी के केंद्रीय उपाध्यक्ष अकिल अख्तर ने सोमवार को पूर्व उप मुख्यमंत्री सह पार्टी अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो से रांची स्थित उनके आवासीय कार्यालय में मुलाकात की। इस दौरान पाकुड़ में व्याप्त जनसमस्याओं और क्षेत्र की मौजूदा राजनीतिक एवं सांगठनिक स्थिति पर विस्तृत चर्चा हुई। मौके पर अकिल अख्तर ने क्षेत्र की समस्याओं से सुदेश कुमार महतो को अवगत कराते हुए कहा कि पाकुड़ में स्वास्थ्य व्यवस्था बेहद ही दयनीय है। क्षेत्र में ढंग का अस्पताल न होने के कारण यहां की जनता को मजबूरन बेहतर इलाज के लिए बंगाल जाना पड़ता है। साथ ही बीड़ी रोजगार प्रभावित होने से युवा जीवन यापन करने के अन्य राज्यों में पलायन कर रहे हैं।

## डालसा का तमाड़ प्रखंड में चला डोर-टू-डोर जागरूकता कार्यक्रम

संवाददाता

**रांची।** झालसा के निर्देश पर न्यायायुक्त के मार्गदर्शन में तमाड़ प्रखंड के हिंदरीडीह गांव में डालसा के द्वारा डोर-टू-डोर कार्यक्रम चलाया गया। एलएडीसीएस अधिवक्ता कविता खाती ने बच्चों से संबंधित कानूनों जैसे जे.जे एक्ट, पोक्सो एक्ट इत्यादि की जानकारी, नशा उन्मूलन पर फोकस करते हुए कहा कि नशा न करें, नशा से धन और स्वस्थ दोनों पर बुरा असर पड़ता है। नशा के सेवन से पूरा घर-परिवार बरबाद हो जाता है। उन्होंने बाल विवाह के रोकथाम के विषय पर विस्तार से चर्चा की एवं बाल विवाह अधिनियम के बारे में बताया। पीएलवी ने बाल श्रम एवं बाल संरक्षण पर प्रकाश डाला। इसके अलावा दहेज प्रथा कानून के बारे में विस्तार से बताया गया। कविता खाती ने एमएसीटी एक्ट के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी। रूकमनी देवी एवं सोनामनी देवी ने सड़क दुर्घटना में मिलनेवाली मुआवजा के बारे में बताया। उन्होंने वृद्धा पेंशन और विधवा पेंशन की जानकारी दी। पीएलवी अनिमा मल्लिक ने प्रधानमंत्री आवास योजना एवं श्रम कार्ड की जानकारी दी और पेंशन से संबंधित लाभ लेने की बातें कहीं उन्होंने कहा कि जिला विधिक सेवा प्राधिकार, रांची में इससे संबंधित आवेदन दे सकते हैं। ज्ञात हो कि डालसा के पीएलवी ने आगामी 13 जूलाई को आयोजित होनेवाली राष्ट्रीय लोक अदालत के बारे में जानकारी दी। लोक अदालत की सफलता के लिए अपने वादों का निस्तारण मध्यस्थता के माध्यम से कराने पर प्रकाश डाला।




### निलंबित आईएएस छवि रंजन सहित नौ की हिरासत अवधि बढ़ी

**रांची।** बरियातू मौजा के सेना के कब्जे वाली 4.55 एकड़ जमीन की अवैध तरीके से खरीद-बिक्री में शामिल निलंबित आईएएस अधिकारी छवि रंजन सहित नौ आरोपितों की न्यायिक हिरासत अवधि बढ़ा दी गई है।

पीएमएलए के विशेष न्यायाधीश राजीव रंजन की अदालत में सोमवार को जेल में बंद आरोपितों को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से पेश किया गया। अदालत ने अगली पेशी की तारीख आठ जुलाई निर्धारित की है। मामले में छवि रंजन चार मई, 2023 से जेल में बंद हैं। मामले में छवि रंजन के साथ बड़गाई अंचल के निलंबित राजस्व उप निरीक्षक भानु प्रताप प्रसाद, प्रदीप बागची, दलाल रिम्स कर्मी अफसर अली, इम्तियाज अहमद, सद्दाम हुसैन, तल्हा खान, फैयाज अहमद एवं अमित अग्रवाल न्यायिक हिरासत में हैं।

## संविधान की क्रिया कलापों पर डॉक्टर जयशंकर सिंह ने व्याख्यान प्रस्तुत किया

संवाददाता

**रांची।** सोमवार को रांची विश्वविद्यालय के इंस्टीट्यूट ऑफ लीगल स्टडीज में राजीव गांधी नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी, पटियाला के कुलपति प्रोफेसर डॉक्टर जयशंकर सिंह के द्वारा संविधान की क्रिया कलापों पर एक व्याख्यान प्रस्तुत किया गया। इस एक दिवसीय व्याख्यान में उनके द्वारा बीबीए, एलएलबी और एलएलएम के विद्यार्थियों को संबोधित किया गया और बताया गया कि किस तरह भारत का संविधान विश्व के संविधानों से बिलकुल भिन्न है।

उन्होंने कहा कि हम कई वर्षों तक अंग्रेजों की गुलामी में जकड़े रहे तत्पश्चात हमें आजादी मिली और उस आजादी का एक बहुत ही सुंदर उपहार हमारा संविधान है। संविधान की विशिष्टताओं पर प्रकाश डालते हुए उनके द्वारा बताया गया कि हमारे संविधान में मौलिक अधिकारों की चर्चा की गई है। ये वो मौलिक अधिकार हैं जिन्हें कभी बदला नहीं जा सकता। इन्हीं मौलिक अधिकारों की बदौलत हम एक स्वच्छंद नागरिक की तरह अपना जीवन यापन कर पाने में समर्थ हैं। उनके द्वारा यह भी बताया गया कि नागरिकों के अधिकार को सुरक्षित रखने के लिए संविधान में तीन स्तम्भों की व्यवस्था की गई है यथा व्यवस्थापिका, कार्यपालिका एवं न्यायपालिका। मौके पर टीएलएस के निदेशक डॉक्टर एस.एन. मिश्रा के अलावे निशिकांत प्रसाद, डॉक्टर शालिनी साबू, सुश्री रिमझिम वैष्णवी, डॉक्टर अजय राज, डॉक्टर अंगिका जयसवाल, अजीत कुमार सिंह, उदय प्रताप सिंह, बिमल मनोहर, डॉक्टर हैपी भाटिया, डॉक्टर जाकिर सहित सभी सहायक प्रोफेसर एवं अन्य संस्थान के कर्मी भी उपस्थित थे।



### वन डिस्ट्रिक्ट वन एक्टिविटी कार्यक्रम के तहत पहाड़ी मंदिर प्रांगण में किया गया पौधा रोपण



**रांची।** लायन क्लब ऑफ रांची ग्रेटर ने वन डिस्ट्रिक्ट वन एक्टिविटी कार्यक्रम के तहत ट्री प्लांटेशन का कार्यक्रम का आयोजन राजधानी के ऐतिहासिक पहाड़ी मंदिर प्रांगण में किया। जिसके अंतर्गत करीब एक सौ फलदार पौधे लगाए गए। इसमौके पर क्लब के प्रेजिडेंट लायन संजीव चौधरी, सचिव लायन सुनील कुमार वर्मा , ट्रेजर लायन अभिषेक झाझरिया लायन ए डी पी मित्तल, लायन संजय अग्रवाल, लायन सुरेश भगत, लायन गणेश सिंह, लायन अपर्णा झा , लायन दीपाली रस्तोगी, लायंस रश्मि सिंह , लायन चंद्रकांता सिन्हा, लायन पुष्पलता वर्मा, लायन शिव कुमार सिंह, लायन बिनोद बरनवाल, लायन शरवन बरनवाल,,लायन विद्या मेहता, लायन अनंत यश इत्यादि मौजूद रहे। लायन प्रेम शंकर मिश्रा एवं बिजेंद्र शर्मा, आरसी और लायन अभिषेक कुमार, संयुक्त सचिव 322 ए भी, कार्यक्रम के प्रोजेक्ट चेयरपर्सन लायन राकेश चौधरी , लायन धर्मेंद्र सिन्हा, लायंस धर्मेंद्र सिंह लायन ऋषिकेश शर्मा मौजूद रहे। सभी ने मिलकर इस नए साल के पहले कार्यक्रम को सफल बनाया।

### तल्हा खान की डिस्चार्ज पिटीशन पर फैसला चार जुलाई को

**रांची।** पीएमएलए के विशेष न्यायाधीश राजीव रंजन की अदालत में सेना के कब्जेवाली बरियातू मौजा के 4.55 एकड़ जमीन की अवैध तरीके से खरीद-बिक्री मामले में शामिल आरोपित तल्हा खान की ओर से दाखिल डिस्चार्ज पिटीशन पर सोमवार को सुनवाई हुई। सुनवाई के बाद अदालत ने आदेश सुरक्षित रख लिया है। अदालत अपना सुरक्षित आदेश चार जुलाई को सुनाएगी। आरोपित ने अपने आप को मामले में निर्दोष बताते हुए 20 मई को डिस्चार्ज पिटीशन दाखिल की थी।

## झारखंड में दो व तीन जुलाई को भारी बारिश की संभावना

संवाददाता

**रांची।** राज्य के लगभग सभी हिस्सों में मानसून का असर देखा जा रहा है। इसके साथ तापमान में गिरावट दर्ज की जा रही है। हालांकि, जून में मानूसन देर से आने पर राज्य में बारिश कम ही हुई है। फिर भी लोगों को गर्मी से राहत मिली है।

रांची मौसम विभाग के वैज्ञानिक अभिषेक आनंद के अनुसार, दो और तीन जुलाई को राज्य के उत्तर पूर्वी और निकटवर्ती मध्य भागों में भारी बारिश की संभावना है। इसमें रांची, रामगढ़, हजारीबाग, खूंटी, गुमला, बोकारो, देवघर, धनबाद, दुमका, गिरिडीह, गोड्डा, जामताड़ा, पाकुड़ शामिल हैं।



इस दौरान वज्रपात भी होने के संकेत हैं। केंद्र ने इसके लिए यलो अलर्ट जारी किया है।

चार और पांच जुलाई को राज्य के अधिकांश हिस्सों में हल्के से मध्यम दर्जे की बारिश होगी। विभाग के अनुसार, अबतक सिर्फ 73.5 मिमी वर्षा रिकार्ड की गई है जबकि पूवार्नुमान के अनुसार राज्य में अब तक 189.5 मिमी वर्षा होनी चाहिए थी। राजधानी में 197.6 मिमी की जगह 90.8 मिमी वर्षा हुई है, जो कि सामान्य से भी कम है। पिछले 24 घंटे के दौरान राज्य के तापमान में चार डिग्री तक कमी दर्ज की जा रही है। मौसम विज्ञान केंद्र के मुताबिक, रांची का अधिकतम तापमान 34 डिग्री और न्यूनतम तापमान 24 डिग्री दर्ज किया गया है। राज्य का औसतन अधिकतम तापमान 32 डिग्री और न्यूनतम तापमान 26 डिग्री दर्ज हुआ है। आने वाले दिनों में तापमान में दो डिग्री तक की कमी दर्ज की जायेगी।

## दुष्कर्म के बाद हत्या करने के दोषी को आजीवन कारावास की सजा

संवाददाता

**रांची।** अपर न्यायायुक्त एमके वर्मा की अदालत ने 11 साल पुराना मामले में दुष्कर्म के बाद हत्या कर शव को कुएं में फेंकने के मामले के दोषी सुकेन उरांव को सोमवार को आजीवन कारावास की सजा सुनाई। इससे पूर्व 19 जून को अदालत ने इसे दोषी करार दिया था। यह मामला 20 जून, 2013 का बेड़ो थाना क्षेत्र का है। मामले में अभियोजन की ओर से 15 गवाह पेश किए गए। आरोपित मूल रूप से गुमला के भरनो थाना क्षेत्र के महादेव चुरिया गांव का निवासी है। सुकेन घटना के बाद से ही जेल में है। घटना को अंजाम देने के दौरान



आरोपित सुकेन उरांव बेड़ो में रहा था। इसी दौरान 20 जून, 2013 उसने बेड़ो थाना क्षेत्र की युवती के साथ दुष्कर्म किया। युवती ने जब मामले को गांव वालों को बताने की बात कही तो वह डर गया, उसकी पत्थर से मारकर हत्या कर दी। साक्ष्य छिपाने की नियत से शव को कुएं में फेंक दिया था। बाद में युवती के घर वालों के बयान पर केस दर्ज किया गया था।

### रांची में 24वीं झारखंड राज्य ताइक्वांडो प्रतियोगिता पांच जुलाई से

**रांची।** 24वीं झारखंड राज्य ताइक्वांडो प्रतियोगिता रांची में आयोजित होगी। झारखंड ताइक्वांडो संघ के तत्वावधान में रांची जिला ताइक्वांडो संघ की ओर से पांच से सात जुलाई को आइडियल इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल, दलादली में इसका आयोजन किया जाएगा। इसमें 46 प्लेयर्स गोल्ड मेडल के लिए आपस में फाइट करेंगे। चैंपियनशिप में आयोजन सचिव झारखंड ताइक्वांडो संघ के मिथलेश कुमार सिंह होंगे। चैंपियनशिप में पूरे झारखंड से सब जूनियर, जूनियर गर्ल्स ब्वॉयज कोच, मैनेजर समेत लगभग 600 लोग भाग लेंगे।



## झारखंड हाई कोर्ट ने विधायक इरफान की अग्रिम जमानत याचिका मंजूर की

संवाददाता

**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट से जामताड़ा से जुड़े एसटी-एससी से जुड़े एक मामले में जामताड़ा विधायक इरफान अंसारी को सोमवार को बड़ी राहत मिली है। कोर्ट ने उनकी अग्रिम जमानत याचिका को मंजूर कर लिया।

सुनवाई के दौरान इरफान अंसारी की ओर से शिकायतवाद दर्ज करने वाली महिला के द्वारा लगाए गए आरोप को बेबुनियाद बताया गया। कहा गया कि महिला के समर्थन में जिन लोगों ने गवाही दी थी वह किसी खास राजनीतिक पार्टी के कार्यकर्ता थे। विधायक को षड्यंत्र के तहत इस मामले में फंसाया गया है। एक महिला सुनीला देवी ने दो जुलाई, 2022 को अपने एक अन्य एसटी-एससी केस का अनुसंधान सही तरीके से नहीं होने को लेकर एसडीओ ऑफिस, जामताड़ा के समक्ष धरना दिया था। आरोप है कि विधायक इरफान अंसारी अपने करीब 15 समर्थकों के साथ वहां पहुंचे थे और महिला का धरनास्थल का टेंट उखाड़ दिया। साथ ही जाति सूचक शब्द का इस्तेमाल भी किया था। मामले को लेकर जामताड़ा की निचली अदालत में शिकायतवाद दर्ज किया गया था, जिस पर अदालत में संज्ञान लिया था। कोर्ट ने इरफान अंसारी की अग्रिम जमानत याचिका खारिज कर दी थी। बाद में यह मामला दुमका के एमपी-एमएलए कोर्ट में स्थानांतरित किया गया है। इसके बाद इरफान अंसारी ने हाई कोर्ट में अग्रिम जमानत याचिका दाखिल की थी।

**चेशायर होम रोड मामले में राजेश राय की जमानत अर्जी खारिज**

झारखंड हाई कोर्ट में चेशायर होम रोड की एक एकड़ जमीन की अवैध तरीके से खरीद-बिक्री से जुड़े मामले में राजेश राय की जमानत याचिका पर सोमवार को सुनवाई हुई। मामले में कोर्ट ने प्रार्थी एवं ईडी का पक्ष सुनने के बाद राजेश राय को राहत नहीं देते हुए उसकी जमानत अर्जी खारिज कर दी। विष्णु अग्रवाल पर चेशायर होम रोड की एक एकड़ की जमीन गलत ढंग से खरीदने का आरोप है।

## राज्य के सरकारी स्कूलों ने लक्ष्य प्राप्ति की दिशा में हासिल किया सफलता का शानदार पड़ाव : आदित्य

संवाददाता

**रांची।** मिशन लाइफ के तहत राज्य के सरकारी विद्यालयों में इस वर्ष निर्धारित लक्ष्य की प्राप्ति के लिए एक लाख पौधे लगाए जा चुके हैं। झारखंड शिक्षा परियोजना को प्राप्त आंकड़ों के मुताबिक राज्य के सभी स्कूलों ने पर्यावरण संरक्षण की दिशा में अभूतपूर्व प्रयास जारी रखते हुए विद्यालयों के कैंपस को हरा भरा बनाने के लिए अबतक एक लाख से अधिक पौधे लगाए हैं।

इस मिशन के तहत विद्यालयों में 5,153 आदर्श किचेन गार्डेन बनाये गए हैं। राज्य के सभी विद्यालयों में मध्याह्न भोजन के लिए उपयोग होने वाले पोषक सब्जियों, मौसमी या औषधीय पौधों को यहां पौधरोपित किया गया है। इस लक्ष्य की प्राप्ति के लिए विद्यालयों को विद्यालय समितियों, जनप्रतिनिधियों और समाजसेवियों का भी योगदान मिल रहा है। दो जून से शुरू हुए इस पौधरोपण अभियान के तहत प्राथमिक विद्यालयों में कम से कम 10 पौधे, मध्य विद्यालयों में कम से कम 20 पौधे और उच्च विद्यालयों में कम से कम 30 पौधे लगाना अनिवार्य होगा।



झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद के निदेशक आदित्य रंजन ने सोमवार को बताया कि इस वर्ष सरकारी विद्यालयों में पर्यावरण संरक्षण के लिए पांच लाख पेड़ लगाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इस लक्ष्य की प्राप्ति के लिए सभी स्कूलों को विस्तृत दिशा-निर्देश के साथ राशि उपलब्ध कराई गयी थी। अबतक प्राप्त आंकड़े संतोषजनक हैं।

सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले विद्यालयों को पुरस्कृत करने की भी योजना है।

**वर्षा जल का होगा संरक्षण, ईको क्लब के माध्यम से होगी ट्रैकिंग**

राज्य के सभी सरकारी विद्यालयों में बारिश के दौरान वर्षा जल संरक्षण के ठोस उपायों को अमल करने का निर्देश दिया गया है। मॉनसून के साथ ही वर्षा जल संरक्षण का कार्य शुरू कर दिया गया है। विद्यालयों को वर्षा जल से संगृहीत जल की मात्रा को ट्रैक करने के लिए तंत्र विकसित करने का निर्देश दिया गया था। इसके लिए ईको क्लब के सदस्यों को प्रोजेक्ट वर्क दिया गया है।

भविष्य में इस ट्रैकिंग तंत्र के माध्यम से यह पता लगाया जाएगा कि कितना वर्षा जल संरक्षित किया गया या संरक्षित वर्षा जल का उपयोग कहां किया जा रहा है।

## एक नजर

### बोकारो इस्पात जनता मजदूर संघ में नए सदस्यों का स्वागत

**बोकारो।** बोकारो इस्पात जनता मजदूर संघ की सदस्यों की बैठक संयुक्त महामंत्री आशा देवी के आवासीय कार्यालय में तारकेश्वर मेहता की अध्यक्षता में हुई। बैठक में मुख्य रूप से संघ में नव आगंतुक सदस्यों को माला पहनाकर उनका संगठन में स्वागत किया गया। नए सदस्यों में कुलदीप कुमार पाठक, सुरेंद्र कुमार, मंजू देवी, आशा देवी एवं फागु कुमार गोप का सभी सदस्यों ने एकमत से स्वागत किया। नए सदस्यों ने संघ के प्रति आस्था व्यक्त की। बैठक का संचालन संयुक्त महामंत्री आशा देवी ने किया। कार्यालय सचिव गंगेश कुमार पाठक ने कहा कि संघ मजदूर-हित में तत्पर रहा है। धन्यवाद ज्ञापन उपाध्यक्ष नवीन सिंह ने किया। मौके पर एस.एन. प्रसाद, रजनी देवी, एस. आर. सिंह, रंजू देवी, लक्ष्मी देवी, आनंद लोहरा, दिनेश सिंह, विनोद वर्मा आदि मौजूद रहे।

### यूथ हॉस्टल्स एसोसिएशन का चुनाव सितंबर में

**बोकारो।** यूथ हॉस्टल्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया की बोकारो यूनिट का चुनाव आगामी 1 सितम्बर 2024 को बोकारो सेक्टर 4 स्थित मे कराया जाएगा। इसकी जानकारी देते हुए बोकारो यूनिट के सचिव रमेश बाबू सिंह ने बताया की इस बावत अधिसूचना जारी कर दी गयी है। इस चुनाव मे सत्र 2024 से 2027 तक के लिए इसके बोकारो यूनिट के पदाधिकारियों का चुनाव किया जाएगा, जिसमे इसके बोकारो जिला के सभी सदस्य भाग लेंगे। कहा कि बोकारो जिले मे एसोसिएशन के द्वारा रोमांचक खेल और युवाओं से संबंधित और अन्य कई कार्यक्रम आयोजित किये जाते है। उन्होंने बताया की पूरी दुनिया में अपने हॉस्टल के माध्यम से हमारा संगठन युवाओं के विकास के लिए कार्यक्रम करता है और भारत के विभिन्न राज्यों मे हमारे द्वारा ट्रेकिंग, साइकिलिंग, बाइकिंग, रॉक क्लाइंबिंग और अन्य रोमांचक खेलों का आयोजन किया जाता है।

### बोकारो में झारखंड दर्शन के केंद्रीय कार्यालय का संचार प्रमुख ने किया उद्घाटन, कहा

# प्रतिस्पर्धा के युग में भी झारखंड दर्शन ने स्थापित की सशक्त पहचान : एमके धान

संवाददाता





**बोकारो।** बोकारो शहर के कॉपरेटिव कॉलोनी में झारखंड दर्शन दैनिक समाचार पत्र के आधुनिक व नए लुक के साथ केंद्रीय कार्यालय का उद्घाटन बतौर मुख्य अतिथि एवं उद्घाटनकर्ता बोकारो स्टील प्लांट के संचार प्रमुख व महाप्रबंधक एम के धान ने फीता काटकर किया। इस दौरान डीके सिंह उप सहायक महाप्रबंधक, अभिनव शंकर वरीय प्रबंधक, रवि सिन्हा, वेद प्रकाश आनंद भी मुख्य रूप से उपस्थित रहे। इस अवसर पर श्री धान ने कहा कि प्रतिस्पर्धा एवं डिजिटल इंडिया के इस आधुनिक युग में जहां इलेक्ट्रॉनिक व वेब पोर्टल ने तेजी से पांव पसारना शुरू कर दिया है, उस वक्त भी झारखंड दर्शन जैसे समाचार पत्र ने अपनी बेवाक खबरों से अखबारी दुनिया में एक नई पहचान स्थापित की है। उन्होंने इस अखबार के अत्याधुनिक तकनीक से लैस कार्यालय की प्रशंसा करते हुए कहा कि अखबार सामाजिक विकास एवं बदलाव का एक सशक्त माध्यम बने, इसके लिए टीम भावना के साथ अखबार प्रबंधन की पूरी टीम को मेहनत करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि अखबार दिनोदिन तरक्की करे एवं बोकारो, झारखंड से लेकर देश विदेश में इसकी प्रसिद्धि का परचम लहराए। झारखंड दर्शन के प्रबंध संपादक विनय कुमार तिवारी ने जानकारी देते हुए बताया कि झारखंड दर्शन का पोर्टल, वेबसाइट एवं इ पेपर का लांचिंग भी इस अवसर पर सोमवार को ही किया गया है, शीघ्र हीं यू ट्यूब चैनल का भी लांचिंग किया जाएगा।

उन्होंने बताया कि कम समय में झारखंड दर्शन ने जिस मुकाम को प्राप्त किया एवं जिस तरह का अपार स्नेह व प्यार दुलार मिला, वह सराहनीय है।

उन्होंने अपने तमाम पाठकों एवं विज्ञापन दाताओं का आभार जताते हुए कहा कि जल्द ही अखबार अपनी नई तकनीक के साथ ईपेपर, पोर्टल एवं वेबसाइट के माध्यम से पाठकों को हर रोज नई नई खोजपरक जानकारियों से रूबरू कराएगा, ताकि पाठकों की रुचि नए जमाने के अनुरूप बरकरार रहे।

इस दौरान डॉ० अशोक कुमार पांडेय, रौशन कुमार सिंह, एस के विद, अनिल कुमार द्विवेदी, कुमार राकेश, ओमकार नाथ तिवारी व अन्य कई अतिथियों ने कार्यालय उद्घाटन के मौके पर अखबार एवं प्रबंधन की सुख समृद्धि की कामना करते हुए आशीर्वाद दिया। इससे पूर्व कार्यालय में विधिवत पूजा अर्चना भी की गई। मौके पर शारदा, ओम शारदा, रंजीत कुमार ठाकुर, राजकुमार झा, शेखर, तनवीर हसन, अमर कुमार, समरेश सिंह, सुजीत कुमार, राजेश कुमार व अन्य कई लोग उपस्थित थे।

## तीन नए अपराधिक कानून के लागू होने से अधिवक्ताओं की बढ़ी जिम्मेवारी : गिरि

संवाददाता



**बोकारो।** बोकारो कोर्ट परिसर में सोमवार को अधिवक्ताओं ने सोमवार से लागू हुए तीनों कानून के कानूनी पहलुओं पर विचार किया गया। ज्ञात हो कि पहली जुलाई से देश भर में पुराने अपराधिक कानूनों को समाप्त कर तीन नया कानून लाया गया है। जिसमें भारत न्याय संहिता, भारत नागरिक सुरक्षा संहिता, भारतीय साक्ष्य अधिनियम आज से प्रभावी हो गया है। आज इंडियन एसोसिएशन ऑफ लॉयर्स द्वारा एक कार्यक्रम आयोजित कर नए कानूनों के बारीकी पहलुओं पर परिचर्चा किया गया। इंडियन एसोसिएशन ऑफ लॉयर्स के नेशनल कौंसिल मेंबर अधिवक्ता रणजीत गिरि ने कहा की ब्रिटिश काल से चल रहे तीनों कानून को आज से समाप्त कर दिया गया है। अब कोर्ट में नए कानून के तहत मुकदमा होंगे और उसी के तहत मुकदमा का निस्तारण भी किया जायेगा। आज से सभी थानों में भारतीय दण्ड विधान के बदले भारतीय न्याय संहिता के तहत मुकदमा होंगे। अब किसी भी पीड़िता को न्याय के लिए यहां वहां भटकना नहीं पड़ेगा। अब सभी थानों में जीरो एफआईआर की व्यवस्था किया गया है। अब न्यायालय में वीडियो के तहत गवाही और जेल में कार्य किया जायेगा। अब अधिवक्ताओं को नई कानून के तहत कोर्ट में मुकदमा की पैरवी करना पड़ेगा। इस कानून में कुछ कमियां भी है, जिसे समय के अनुसार बदलाव करने की जरूरत है।

## पंचायतों को पूर्ण डिजिटल बनाने के लिए वीएलई को दिया गया प्रशिक्षण

**बोकारो।** बोकारो जिले के पंचायतों में डिजिटल पंचायत केंद्र स्थापित करने के उद्देश्य से सोमवार को जिला पंचायती राज कार्यालय सभागार में विलेज लेवल इंटरपेनर (वीएलई) को एक दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण की अध्यक्षता जिला पंचायती राज पदाधिकारी मो० सफीक आलम ने की। मौके पर मास्टर ट्रेनर प्रशिक्षक के रूप में सीएससी डिजी ग्राम हर्ष कुमार समेत जिला प्रभारी सीएससी रोमी सिंह, डीपीएम अभिषेक कुमार, यूआइडी डीपीएम शैलेंद्र मिश्र आदि उपस्थित थे। मौके पर अपने संबोधन में जिला पंचायती राज पदाधिकारी ने कहा कि प्रशिक्षण में शामिल सभी वीएलई बताई गई बातों को ध्यान से सुनें।

### नावाडीह के गुंजरडीह डकैती कांड का हुआ उद्भेदन

## पांच डकैत गिरफ्तार, लूटे गए सामान व बाइक बरामद

संवाददाता



**बोकारो।** बोकारो जिला के नावाडीह थाना क्षेत्र के गुंजर डीह में हुई डकैती कांड का पुलिस ने उद्भेदन कर लिया है। इस मामले को लेकर बोकारो पुलिस अधीक्षक पूज्य प्रकाश ने सोमवार दोपहर प्रेस कांफ्रेंस कर जानकारी दी। उन्होंने बताया कि उक्त डकैती कांड के बाद एक स्पेशल इन्वेस्टिगेशन टीम (एसआईटी) का गठन किया गया था। टीम ने तीन दिनों में गुंजरडीह गांव में हुई डकैती कांड का खुलासा किया है। इस घटना में पांच डकैतों को गिरफ्तार किया गया है और उनके कब्जे से डकैती के दौरान लूटे गए सामान और दो बाइक भी बरामद की गई हैं। उन्होंने बताया कि सूचना संग्रह कर तथा तकनीकी शाखा के सहयोग से नावाडीह थाना क्षेत्र के बिरनी तथा गुंजरडीह गांव में छापामारी की गई। छापेमारी में तीन अपराधकर्मियों गुड्डु रवानी, मिथुन कुमार महतो और संजय कुमार कोड़ा उर्फ संजय मोदी को गिरफ्तार किया गया। इनलोगों के पास से घटना में प्रयुक्त मोटरसाईकिल, लूटा हुआ मंगलसूत्र तथा पैसा का बंटवारा वाले जगह पर गुल्लक का टूटा फूटा अवशेष बरामद किया गया। इन लोगों के स्वीकारोक्ति बयान के अनुसार रामगढ़ जिला के नयी सराय, अरगड्डा गांव से तीन अपराधर्मियों अमन कुमार चौहान, दुलार चन्द कुमार उर्फ पंचु, मिथुन करमाली को गिरफ्तार किया गया। इनलोगों की निशानदेही के आधार पर लूटे गये कान की बाली, काण्ड में प्रयुक्त मोटरसाईकिल एवं काण्ड में प्रयुक्त फाइटर पंच एवं वादिनी के घर से लूटा हुआ मोबाईल सेट बरामद कर लिया गया। मालूम हो कि 27 जून की रात्रि में नावाडीह थाना क्षेत्र अन्तर्गत गुजरडीह गांव स्थित शांति देवी के घर में अज्ञात अपराधकर्मियों के द्वारा डकैती की घटना की गई थी। शांति देवी पति पीषण महतो के लिखित आवेदन के आधार पर नावाडीह थाना में मामला दर्ज किया गया था। इस दौरान छापेमारी दल में बेरमो एसडीपीओ बीएन सिंह, बेरमो इंस्पेक्टर नवल किशोर सिंह, नावाडीह थाना प्रभारी रवि कुमार, थाना प्रभारी, पेंक नारायणपुर, थाना प्रभारी अनिल लिण्डा, पुअनि बिपिन चन्द्र महतो कुमार, पुअनि मिथिलेश, हवलदार बिहारी महतो, नरेन्द्र कुमार सिंह, कौशलेन्द्र कुमार, सोहराब अंसारी और लखी नारायण लोहरा शामिल थे।

### राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस पर चास रोटरी ने डाक्टरों को किया सम्मानित

## चिकित्सक जीवनदाता का रूप : बिनोद चोपड़ा

संवाददाता



**बोकारो।** राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस पर चास रोटरी क्लब की तरफ से नीलम नर्सिंग होम में चिकित्सकों को स्वास्थ्य क्षेत्र में बेहतर काम करने के लिए सोमवार को सम्मानित किया गया। यह सम्मान उन्हें नर्सिंग होम में आयोजित सम्मान समारोह में किया गया।

रोटरी क्लब चास के अध्यक्ष बिनोद चोपड़ा ने कहा कि जीवनदाता के रूप में समाज में चिकित्सकों का बहुमूल्य योगदान है। कार्यक्रम के संयोजक संजय बैद ने कहा कि जिस तरह सीमा पर सैनिक हमारी रक्षा में लगे हैं, इसी तरह चिकित्सक भी समाज में मानव सेवा में लगे हैं। नीलम नर्सिंग होम के निर्देशक डॉ रतन केजरीवाल ने कहा की वर्तमान में चिकित्सक बेहद कठिन परिस्थितियों में कार्य कर रहे हैं। डॉ केजरीवाल ने कहा कि चिकित्सकों के साथ दुर्व्यवहार की घटनाएं काफी बढ़ गई है और समाज को इस पर चिंतन करना चाहिए।

डॉ आलोक झा ने चिकित्सकों को सम्मानित करने पर रोटरी क्लब चास की प्रशंसा की। डॉ आलोक ने कहा कि इससे कार्य क्षमता बढ़ती है। डॉ परिंदा सिंह ने इस दिन के महत्व पर प्रकाश डाला। रोटरी क्लब चास के सचिव मुकेश अग्रवाल ने कहा कि चिकित्सकों का मनोबल बढ़ाने के लिए समाज को उन्हें प्रोत्साहित करना चाहिए। मौके पर डॉ रतन केजरीवाल, डॉ मिथिलेश कुमार,डॉ के के सिन्हा, डॉ आलोक झा, डॉ रणवीर सिंह, डॉ सुजीत कुमार सिंह, डॉ अवनीश, डॉ अमरेश कुमार सिंह, डॉ पंकज कश्यप, डॉ अंकिता रतन अग्रवाल, डॉ अमरेश कुमार सिंह, डॉ वरूणा झा, डॉ अमन श्रीवास्तव,डॉ अंजु परेरा को शॉल ओढ़ाकर एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इसके अलावा डॉ सुमन, डॉ पुष्पा, डॉ संजीव को भी सम्मानित किया गया। इस अवसर पर पूजा बैद, डिंपल कौर, मंजीत सिंह, कुमार अमरदीप, नरेंद्र सिंह, माधुरी सिंह, ललिता चोपड़ा,रितु अग्रवाल, सिद्धार्थ पारख, पूनम अग्रवाल अर्चना सिंह,आनंद अग्रवाल, प्रेम शंकर सिंह, हरबंस सिंह सलूजा, विपिन अग्रवाल, प्रकाश अग्रवाल, उषा कुमार,शैल रस्तोगी आदि मौजूद थे।

## डीजीपी आज बोकारो में, डीपीएस में होगा पुलिस महकमे का जुटान

**बोकारो।** झारखंड के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) अजय कुमार सिंह मंगलवार को बोकारो पहुंच रहे हैं। श्री सिंह नगर के सेक्टर- 4 स्थित दिल्ली पब्लिक स्कूल (डीपीएस) बोकारो के 38वें स्थापना दिवस समारोह में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करेंगे। विद्यालय की ओर जारी आधिकारिक सूचना के अनुसार, डीजीपी के साथ-साथ स्कूल के समारोह में पुलिस महकमे के तमाम आला अधिकारियों का जुटान होना है। 11 बजे से विद्यालय के अश्वघोष कला क्षेत्र में आयोजित समारोह के सम्मानित अतिथियों में उत्तरी छोटानागपुर प्रक्षेत्र के पुलिस महानिरीक्षक (आईजी) माइकल राज एस. एवं कोयला क्षेत्र के पुलिस उपमहानिरीक्षक (डीआईजी) सुरेन्द्र कुमार झा तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में बोकारो के पुलिस अधीक्षक (एसपी) पूज्य प्रकाश उपस्थित रहेंगे।

### चिकित्सकों के साथ मिल चिन्मय विद्यालय ने मनाया डॉक्टर्स डे

## विद्यार्थियों को दिए गए सेहत की देखभाल के गुर

संवाददाता



**बोकारो।** चिन्मय विद्यालय बोकारो परिवार के सदस्यों और विद्यार्थियों ने सोमवार को चिकित्सकों के साथ मिलकर राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस मनाया। सर्वप्रथम विद्यालय प्राचार्य सूरज शर्मा, उपप्राचार्य नरमेन्द्र कुमार, वरीय चिकित्सक डॉ. सतीश, डॉ शाहनवाज, डॉ अमरीश, डॉ. अभय सिन्हा, डॉ. मनीषा एवं डॉ. ऋचा सोनी ने दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। प्राचार्य श्री शर्मा ने कहा कि हर साल 1 जुलाई के दिन डॉक्टर्स डे मनाया जाता है। डॉक्टरों को भगवान का दूसरा रूप कहा जाता है, क्योंकि कभी कोई स्वास्थ्य से जुड़ी संकट में हम फंसते हैं तो डॉक्टर ही वह शख्स होता है जिस पर हमें विश्वास होता है कि यह हमें मौत की गोद से निकालकर दोबारा हमें जिंदगी देगा। यह खास दिन डॉक्टरों और स्वास्थ्य सेवा पेशेवरों के योगदान का सम्मान करता है।

उपस्थित चिकित्सकों ने ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि नेशनल डॉक्टर्स डे 2024 की थीम हीलिंग हैंड्स, केयरिंग हार्ट्स है। यह थीम डॉक्टरों की अपने मरीजों के प्रति करुणा और समर्पण पर जोर देती है। डॉक्टर की बात सुनकर किसी भी बीमार मरीज और किसी बीमारी से पीड़ित मरीजों को उनकी बात सुनकर सुकून मिलता है। उन्होंने विद्यार्थियों के प्रश्नों का उत्तर भी दिया और उनका जिज्ञासाएं शांत कीं। कार्यक्रम का संचालन सोनाली गुप्ता एवं रागिनी मिश्रा ने किया। इस अवसर पर देवज्योति बराल, गोपाल चौधरी, अशोक चौबे, संजीव सिंह एवं अन्य शिक्षक उपस्थित थे। इधर, विद्यालय में चार्टेड अकाउंटेंट दिवस भी मनाया गया। इस अवसर पर चास बोकारो के प्रसिद्ध चार्टर्ड अकाउंटेंट निर्मल कुमार सिंह, जीएम, बोकारो स्टील प्लांट एवं चार्टर्ड अकाउंटेंट अनमोल लच्छीरामका उपस्थित थे। उन्होंने सीए के क्षेत्र में विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया।

## जरूरतमंद के लिए जीवनदान व खुद के लिए सेहतमंद है रक्तदान : अभिषेक

### बैंक दिवस के अवसर पर एसबीआईकर्मियों ने लगाया रक्तदान शिविर

संवाददाता



**बोकारो।** बैंक दिवस के अवसर पर नगर के सेक्टर-4 स्थित भारतीय स्टेट बैंक के क्षेत्रीय व्यावसायिक कार्यालय प्रांगण में बोकारो जनरल अस्पताल के सहयोग से रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्घाटन भारतीय स्टेट बैंक बोकारो क्षेत्र के क्षेत्रीय प्रबंधक अभिषेक कुमार सिन्हा, रासमेक के सहायक महाप्रबंधक रंजन कुमार सिंह एवं बोकारो जनरल अस्पताल ब्लड बैंक के डॉक्टर सुरेंद्र कुमार ने संयुक्त रूप से किया। थैलेसीमिया के मरीजों को रक्त मुहैया कराने तथा खून की कमी से लोगों की जान न जाए, इसलिए लोगों के बीच जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से आयोजित इस शिविर में भारतीय स्टेट बैंक के कर्मियों द्वारा लगभग 50 यूनिट रक्तदान किया गया।

इस अवसर पर क्षेत्रीय प्रबंधक ने रक्तदान को महादान बताते हुए कहा कि रक्तदान करने से हम सिर्फ किसी का जीवन को तो बचाते ही हैं, साथ ही अपने शरीर को स्वस्थ रखने में भी मदद करते हैं।

भारतीय स्टेट बैंक कर्मचारी संघ, धनबाद अंचल के उप महासचिव राघव कुमार सिंह ने कहा कि हमारे एक यूनिट रक्तदान से किसी और को पूरा जीवन मिल जाता है, इससे ज्यादा प्रसन्नता की और कोई बात नहीं हो सकती। बीजीएच के अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी डा. सुरेन्द्र कुमार ने कहा कि र दान करने से दिल की सेहत में सुधार, दिल की बीमारियों और स्ट्रोक के खतरे का खतरा कम होता है। उन्होंने कहा कि 18 साल से 60 साल के तक कोई भी स्वस्थ व्यक्ति स्वेच्छा से साल में तीन बार रक्तदान कर सकता है। रक्तदान करने से शरीर के किसी अंग में कमजोरी नहीं आती है। शिविर की सफलता में बोकारो जनरल अस्पताल के रक्त केन्द्र के डा. सुरेन्द्र कुमार, डॉ गौरव विशाल एवं सहकर्मी रंजीता एक्का, सोनालीश्री, अंकि , मनीष पैट्रिक एवं कौशल तथा काउंसेलर कविता कुमार (झारखण्ड सरकार) के अलावा वंदना कुमारी, राघव कुमार सिंह, प्रवीण कुमार झा, रिपु सूदन महथा, विवेक कुमार, राम प्यारा सिंह, ममता कुमारी, कोमल कश्यप, रतन राज मुर्मू , मनोज पांडेय, संतोष कुमार चंदन, मोहम्मद फिरोज आदि का योगदान रहा।

## बोकारो के नए उप विकास आयुक्त गिरिजा शंकर प्रसाद ने किया योगदान

संवाददाता



**बोकारो।** बोकारो जिले के 27 वें उप विकास आयुक्त के रूप में गिरिजा शंकर प्रसाद ने सोमवार को अपना पदभार ग्रहण किया। निवर्तमान डीडीसी संदीप कुमार ने समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में उन्हें पदभार सौंपा। मालूम हो कि, गिरिजा शंकर प्रसाद इससे पूर्व संयुक्त सचिव, उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग, झारखंड रांची के पद पर पदस्थापित थे। जानकारी हो कि, पिछले दिनों कार्मिक, प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग ने अधिसूचना जारी करते हुए निवर्तमान डीडीसी संदीप कुमार को निदेशक खेलकूद, पर्यटन कला संस्कृति एवं युवा कार्य विभाग झारखंड रांची स्थानांतरित कर दिया गया था। मौके पर डीपीएलआर मेनका, अपर समाहर्ता मो. मुमताज अंसारी, प्रभारी पदाधिकारी विधि शाखा प्रभाष दत्ता, जिला खेल पदाधिकारी हेमलता, जिला आपूर्ति पदाधिकारी शालिनी खालखो, जिला अभियंता हरी दास, जिला आपदा प्रबंधन पदाधिकारी शक्ति कुमार, सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी अविनाश कुमार सिंह, डीआरडीए के पंकज दूबे, माणिकचंद्र प्रजापति सहित डीआरडीए कर्मीगण आदि उपस्थित थे।

## एक नजर

### रोटरी क्लब आफ बोकारो मिड्टाउन कपल्स ने लगाए फलदार वृक्ष



**बोकारो।** रोटरी क्लब ऑफ बोकारो मिड्टाउन कपल्स के सदस्यों द्वारा सोमवार को केन्द्रीय विद्यालय, सेक्टर 4 बोकारो में फलदार वृक्ष लगाए गए। रोटरी के सदस्यों ने केन्द्रीय विद्यालय के प्राचार्य मनोज कुमार, शिक्षकों और छात्र छात्राओं के साथ मिलकर वृक्षारोपण किया। रोटरी के अध्यक्ष रंजन गुप्ता ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण के लिए वृक्ष लगाने बहुत जरूरी है। बारिश के मौसम में सभी को वृक्षारोपण में बढ़ चढ़ कर हिस्सा लेना चाहिए। कारण कि बारिश में पेड़ जल्दी उग जाते हैं। क्लब के सचिव पुनीत जोहर ने बताया कि पेड़ जीवन का आधार है, पेड़ों से हीं हमारे जीवन में हरियाली आती है। क्लब के कोषाध्यक्ष सुभाष जैन ने कहा कि ये फलदार वृक्ष भविष्य में यहां के निवासियों के लिए आजीविका कमाने के भी स्रोत बनेंगे। इस कार्यक्रम में रोटरी मिडटाउन क्लब के कोषाध्यक्ष सुभाष जैन, असिस्टेंट गवर्नर रोटेरीयन साजन कपूर, शिव अग्रवाल, अनूप अग्रवाल, अमीषा अग्रवाल, मिनी स्टीफन कपूर, कविता विकास जैन, साक्षी अमित जोहर , अनुपम गर्ग आदि ने हिस्सा लिया।

### डॉक्टर्स डे पर ढोरी जीएम ने केंद्रीय अस्पताल ढोरी के चिकित्सकों को किया सम्मानित



**बेरमो।** डॉक्टर्स डे के अवसर पर सीसीएल के केंद्रीय अस्पताल ढोरी में सोमवार को ढोरी जीएम रंजय कुमार सिन्हा ने अस्पताल के सीएमओ अरविंद कुमार सहित सभी महिला-पुरुषों व चिकित्सकों को शॉल ओढ़ा कर सम्मानित किया। जीएम श्री सिन्हा ने कहा कि जीवन में डॉक्टर कितना महत्व रखते हैं इस बारे में सभी को पता है। कहा कि डॉक्टर इंसान के रूप में भगवान के समान होते हैं। जो नई जिंदगी प्रदान करते हैं। हर किसी को चिकित्सकों का सम्मान करना चाहिए। कहा कि आप सभी ने कोरोना वायरस संक्रमित मरीजों की पूरी निष्ठा और ईमानदारी के साथ सेवा की। अपनी जान को जोखिम में डालकर आप सभी ने मरीजों के जीवन की रक्षा की है। वहीं सम्मनित होने वाले चिकित्सकों में डॉ० नीतीश कुमार, डॉ० रोहित शर्मा, डॉ० शदाब, डॉ० अनिरूद्ध डॉन, डॉ० आरएन झा, डॉ० पुनीत गुप्ता, डॉ० राहुल कुमार, ड़ॉ० रुकशाना आदि शामिल हैं। मौके पर ढोरी एसओपी प्रतुल कुमार, सीएसआर अधिकारी शैलश कुमार, कृपाल सिंह, पीके झा, दीपक कुमार आदि मौजूद थे।

### भीम आर्मी ने किया ढोरी जीएम का स्वागत



**बेरमो।** भीम आर्मी भारत एकता मिशन फुसरो नगर कमेटी ने सीसीएल ढोरी के नये जीएम रंजय कुमार सिन्हा से उनके कार्यालय में मुलाकात कर उन्हें बुके देकर स्वागत किया। भीम आर्मी के पदाधिकारियों ने ढोरी क्षेत्र में एक अंबेडकर पुस्तकालय भवन एवं पुराना बीडीओ ऑफिस ढोरी स्थित प्रस्तावित बाबा साहेब डॉ० भीम राव अंबेडकर की आदमकद प्रतिमा लगाने सहित सीसीएल ढोरी क्षेत्र के एससी/एसटी/ओबीसी कर्मचारियों को समय पर प्रमोशन देने की मांग की। स्वागत करने वालों में फुसरो नगर अध्यक्ष नकुल रविदास, नगर प्रभारी शैलेश घांसी, उपाध्यक्ष मानवेल जार्ज, बेरमो प्रखंड उपाध्यक्ष मनोज शर्मा, चंद्रपुरा प्रखंड उपाध्यक्ष मनसुख कालिंदी, अशोक भुइयां, प्रकाश नायक, दिनेश आजाद आदि शामिल थे।

# पर्यावरण वैश्विक समस्या, एक पेड़ मां के नाम का होगा दुरगामी परिणाम : चुन्नू कांत

संवाददाता

**गिरिडीह।** एक पेड़ मां के नाम का कार्यक्रम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की एक बड़ी सोच है, जिसका दूरगामी परिणाम होगा। उक्त बातें भाजपा प्रदेश कार्य समिति के सदस्य चुन्नू कांत ने कहीं। वे गिरिडीह विधानसभा क्षेत्र के अजीडीह गांव में स्थित नेत्रहीन विद्यालय में पौधारोपण करने आए थे। भाजपा के प्रमुख कार्यकताओं के साथ उन्होंने विद्यालय परिसर में कई पेड़ लगाए। वहां उपस्थित कर्मियों से भी पेड़ लगाने और उनकी सुरक्षा का निवेदन किया। इसी कड़ी में श्री कांत ने पत्रकारों के साथ बातचीत के क्रम में कहा कि जलवायु परिवर्तन पूरे दुनिया की समस्या है ।जिस तरह से जलवायु में परिवर्तन हो रहे हैं ,समय रहते अगर हम लोग इसके प्रति सचेत नहीं हुए तो इसका भयंकर



परिणाम भुगतना पड़ेगा। लगातार बढ़ते तापमान और जलवायु परिवर्तन का सबसे मूल कारण असंतुलित पर्यावरण है।

जिसके जड़ में पेड़ों एवं वनों की अंधाधुंध कटाई है। लोगों ने आंख मूंदकर पेड़ों का विनाश किया। जिस कारण से पूरी पृथ्वी आज खतरे में है।

जिस तरह से गर्मी लगातार बढ़ रही है यह तो एक आगाज है आने वाले समय में अगर लोग बाग सचेस्ट नहीं हुई तो इसके बड़े भयंकर दुष्परिणाम होंगे। इसीलिए प्रधानमंत्री का यह कार्यक्रम इस मायने में बहुत ही सामयिक है कि लोगों को आगे बढ़कर के पेड़ लगाना चाहिए। उसको सुरक्षित रखना चाहिए। बातचीत के क्रम में उन्होंने राज्य सरकार पर भी कड़े कटाक्ष किये।

कहा कि पिछले 4 वर्षों में सरकार सारे कार्य को ठंडे बस्ते में डाल दिया था और एक सूत्री कार्यक्रम था कि सरकार में शामिल लोग कैसे और किस प्रकार से धन उगाही करें। अब सरकार अपने खजाने को रेवाड़ी की तरह धन लूट रही है। यहां की जनता सब जानती है कि यह इस तरह के कारनामे राज्य सरकार क्यों कर रही है? जिस तरह से राज्य में भ्रष्टाचार है वह किसी से छुपा हुआ नहीं है। इस दौरान उनके साथ भाजपा नेता दीपक पंडित, पूर्वी मंडल के महामंत्री प्रदीप राय, गौतम तिवारी, सूरज कुमार आदि कई लोग साथ थे।

## होटलों के संचालकों के साथ एसडीपीओ डुमरी ने की बैठक



संवाददाता

**डुमरी/गिरिडीह।** एसडीपीओ कार्यालय सभागार में सोमवार को एसडीपीओ सुमित प्रसाद की अध्यक्षता में डुमरी प्रखंड में संचालित प्रमुख होटलों के संचालकों के साथ बैठक की गई। बैठक में उपस्थित होटल संचालकों को होटल से संबंधित सुरक्षा व्यवस्था,अपराध नियंत्रण सहित अन्य मुद्दों पर चर्चा किया गया।साथ हीं संचालकों को कई दिशा निर्देश दिया। एसडीपीओ ने कहा कि आये दिन होटलों में वेश्यावृत्ति की घटनाएं और अवैध रूप से शराब पिलाने की सूचनाएं मिलती रहती है, जिस पर रोक लगाने को लेकर पुलिस प्रतिबद्ध है। अनुमंडल क्षेत्र में ऐसे धंधों का संचालन नहीं हो इसके लिए पुलिस पूरी तरह से गंभीर है। क्योंकि क्षेत्र के किसी भी होटल में ऐसे धंधे का संचालन होने की सूचना यदि पुलिस को मिलती है तो उसके विरूद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी।।वहीं होटल संचालकों को फायर सेफ्टी का एनओसी रखने, सीसीटीवी कैमरे लगाने एवं पार्किंग स्थल रखने का निर्देश दिया गया।

## मृणालिका ने चिकित्सकों को सम्मानित किया



संवाददाता

**बोकारो।** स्वंयसेवी संस्था मृणालिका सपनों की उड़ान ने चिकित्सक दिवस के अवसर पर बोकारो के कई नामचीन चिकित्सकों को अपने प्रधान कार्यालय में सम्मानित किया।संस्थापक सदस्या किशु सिंह ने बताया कि एक सादे समारोह में बोकारो के प्रसिद्ध डॉ० उपेंद्र मोहन्ती, अन्तर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ० सतीश कुमार, चेस्ट स्पेशलिस्ट डॉ० अनिल अग्रवाल, चर्म रोग विशेषज्ञ डॉ० विजया मोहन्ती, वरीय रेडियोलोजिष्ट डॉ० प्रियंका अग्रवाल एवं डॉ० ईशा को सम्मानित किया गया। संस्था की अध्यक्षा करूणा सिंह, सचिव सुधा पाण्डेय ने सभी सदस्यों के साथ महिला चिकित्सकों को पुष्प गुच्छ देकर और शाल ओढ़ाकर आभार प्रकट किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के के ठाकुर व सम्मानित अतिथि खुशहाल बोकारो के संचालक अमरेंद्र कुमार झा ने सभी चिकित्सकों को मिथिला की स्नेह भेंट 'पाग' पहनाकर सम्मानित किया। इस अवसर पर सभी आमंत्रित चिकित्सकों ने टीम मृणालिका के कार्यों की भूरि - भूरि प्रशंसा की। संरक्षक ए एस गंगवार ने चिकित्सकों के योगदान को अतुलनीय बताया और उन्हें भगवान का प्रारूप बताया।

## साहू समाज के खरगडीहा की बैठक में कमिटी का पुनर्गठन



**जमुआ/गिरिडीह।** जमुआ प्रखण्ड की पौराणिक नगरी खरगडीहा में साहू समाज की बैठक हुई। बैठक में सर्व सम्मति से पुरानी कमिटी को भंग कर नई कमिटी का गठन किया गया। नई कमिटी में रविन्द्र साहू अध्यक्ष, सूरज साहू उपाध्यक्ष, प्रदीप साहू सचिव, अनूप साहू उपसचिव, रंजीत कुमार साहू कोषाध्यक्ष, अमीष कुमार उपकोषाध्यक्ष,मन्टू कु साव,एवं शिवशंकर साव कोष संग्रह प्रभारी ,सुमित कुमार साव धर्मशाला प्रभारी ,सत्यनारायण साव सुनील कुमार साव, बालगोविंद साहू,विजय एवं मन्टू साव संयोजक बनाये गए हैं।

## हिंदी सरल और सहज भाषा है अधिक से अधिक सीसीएल कर्मी प्रयोग करें : जीएम

### ऑफिसर्स क्लब ढ़ोरी में राजभाषा के विकास के लिए कार्यशाला आयोजित

संवाददाता

**बेरमो।** सीसीएल ढ़ोरी क्षेत्र के ऑफिसर्स क्लब में सोमवार को राजभाषा के विकास के लिए कार्यशाला का आयोजन किया गया। ढोरी महाप्रबंधक रंजय कुमार सिंहा, एसओपी प्रतुल कुमार, एसओ ईएंडएम जयशंकर प्रसाद, सीएसआर अधिकारी शैलेश कुमार ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शरुआत की।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए महाप्रबंधक रंजय कुमार सिंहा ने कहा कि अधिकारी और कर्मचारी अधिक से अधिक हिंदी भाषा का प्रयोग करें ताकि राजभाषा का विकास हो। कहा कि राजभाषा में संपूर्ण देश को जोड़ने की क्षमता है।



देश में अधिकतर लोग हिंदी का प्रयोग करते हैं और यह भाषा सरल और सहज है। ढ़ोरी डीएवी के प्रो० एसबी सिंह व एसके शर्मा ने कहा कि सभी विभागों में राजभाषा का सकारात्मक विकास हुआ है।

अधिक से अधिक लोगों को हिंदी का प्रयोग करना चाहिए और दूसरों को भी हिंदी का प्रयोग के लिए प्रेरित करना चाहिए। स्वागत भाषण एसओपी प्रतुल कुमार ने दिया जबकि धन्यवाद ज्ञापन कार्मिक प्रबंधक माला देवी ने किया।

कार्यक्रम के सफल आयोजन में कार्मिक प्रबंधक मो० तौकीर आलम, यूनियन नेता घीरज पांडेय सहित अरूण कुमार का विशेष रूप से सराहनीय योगदान रहा। इस मौके पर काफी संख्या मे सीसीएल कर्मी उपस्थित थे।

## सीसीएल कथारा क्षेत्र ने झिरकी पंचायत में लगाया नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर

### स्वास्थ्य शिविर में 104 ग्रामीणों की हुई स्वास्थ्य जांच

संवाददाता

**कथारा।** सीसीएल कथारा क्षेत्र के झिरकी पंचायत में सोमवार को निःशुल्क मेडिकल हेल्थ कैंप का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य श्रवण तंत्रिका क्षति और अन्य स्वास्थ्य समस्याओं का विश्लेषण कर प्रभावित व्यक्तियों को उचित स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करना था। इस आयोजन में झिरकी पंचायत के मुखिया मिखाईल अंसारी, सहिया, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, ग्राम समिति के सदस्य, स्कूल शिक्षक और अन्य स्थानीय लोग शामिल हुए, जिन्होंने इस प्रक्रिया को प्रभावी बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। यह कार्यक्रम सीसीएल मुख्यालय के



निदेर्शानुसार और सीएमएस, रांची के सहयोग से संजय कुमार महाप्रबंधक कथारा क्षेत्र के कुशल मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। इस शिविर का संचालन डॉ० अमित कुमार एमएस ईएनटी सेंट्रल हॉस्पिटल नई सराय द्वारा किया गया, जिनका सहयोग डा०मेघनारायण राम एरिया मेडिकल ऑफिसर, डॉ० निशा टोप्पो, डॉ० सुशील कुमार और एरिया हॉस्पिटल कथारा के अन्य सहायक कर्मचारियों ने किया। कैंप में 104 ग्रामीणों और परियोजना प्रभावित व्यक्तियों ने अपना स्वास्थ्य जांच कराया। इस स्वास्थ्य शिविर के लाभार्थियों द्वारा अत्यधिक सराहना की गई। ग्रामीण क्षेत्रों में इस प्रकार के स्वास्थ्य शिविर स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं और विभिन्न समुदायों के लिए अत्यधिक लाभकारी साबित होते हैं। सीसीएल की यह पहल समाज के प्रति उनकी जिम्मेदारी और प्रतिबद्धता को दशार्ती है।

## ट्रांसफार्मर जला, मंझलीटांड ग्रामीण दस दिनों से अंधेरे में

**जमुआ/गिरिडीह।** जमुआ प्रखण्ड के पंचायत के मंझलीटांड एवं बसकुपाय मोहल्ले का ट्रांसफार्मर दस दिनों पहले जल गया है। 63 के बी के ट्रांसफार्मर से 63 घरों में में बिजली आपूर्ति की जाती है ।लेकिन दस दिनों से लोग अंधेरे में रहने को विवश हैं। रविवार को स्थानीय उपभोक्ताओ ने रविवार को बिजली विभाग के खिलाफ आक्रोश प्रकट किया। उपभोक्ताओं ने कहा कि यदि तीन दिनों के भीतर ट्रांसफर विभाग द्वारा मुहैया नही कराया गया तो वे विभागीय कार्यालय के समक्ष प्रदर्शन करने को बाध्य होंगे। कहा कि स्थानीय जनप्रतिनिधि का रवैया भी जन समस्याओं के प्रति उदासीन है। ग्रामीणों ने कहा कि जमुआ के विधायक से इस सम्बंध में जानकारी देकर न्याय की गुहार लगाई है।

## नशा मुक्ति के लिए स्कॉलर बीएड कॉलेज से निकाली गई जागरूकता रैली



संवाददाता

**गिरिडीह।** स्कॉलर बीएड कॉलेज के प्रशिक्षुओं द्वारा सोमवार को नशा मुक्ति को लेकर जागरूकता रैली निकाली गई। कॉलेज की प्राचार्य डॉ० शालिनी खोवाला के नेतृत्व में एन एस एस के बैनर तले निकली इस रैली के माध्यम से लोगों को नशा से दूर रहने का संदेश दिया गया।

रैली के पूर्व कॉलेज परिसर में कॉलेज के शिक्षकों और प्रशिक्षुओं ने नशा से दूर रहने का शपथ लिया। मौके पर प्राचार्य शालिनी खोवाला ने कहा कि नशा से दूर रहने का जो शपथ लिया गया है उसे हमेशा अपने जीवन में आत्मसात रखने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि युवा वर्ग ही देश की रीढ़ हैं। युवा जागेगा तो पूरा देश जागेगा। संबोधन के बाद प्राचार्य द्वारा रैली को कॉलेज परिसर से रवाना किया गया कॉलेज से रैली मोतीलेदा गांव पहुंची और पूरे गांव का भ्रमण कर नशा नहीं करने का संदेश दिया गया। इस दौरान प्रशिक्षुओं ने नशा से बचने और नशा के नुकसान पर आधारित नारे बुलंद किए। कार्यक्रम में कॉलेज की सहायक प्रख्यात हरदीप कौर, एन एस एस के समन्वयक सुधांशु शेखर, प्रशिक्षु सुन्नदनी, निकिता, उमाशंकर, बबिता, किरण, बैजनाथ, सिकंदर समेत अन्य लोग उपस्थित रहे।

## चिन्मय विद्यालय में मनाया गया राष्ट्रीय चिकित्सक एवं चार्टड एकांउंटेट दिवस

संवाददाता

बोकारो। चिन्मय विद्यालय के सभागार में सोमवार को राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस एवं चार्टर्ड अकाउंटेंट दिवस मनाया गया। इस दौरान सर्वप्रथम विद्यालय के प्राचार्य सूरज शर्मा, उपप्राचार्य नरमेन्द्र कुमार, डॉ० सतिश, डॉ० सहनवाज, डॉ० अमरीश, डॉ० अभय सिंहा, डॉ० मनिषा एवं डॉ० रिचा सोनी ने दीप प्रज्जवलीत कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। संगीत विभाग द्वारा स्वागत गान गा कर सभी का स्वागत किया गया। इस दौरान सभी सम्मानित अतिथियो को पुष्प गुच्छ भेंट की गई । हर साल 1 जुलाई के दिन डॉक्टर्स डे मनाया जाता है। डॉक्टर्स को भगवान का दूसरा रूप कहा जाता है, क्योंकि कभी कोई



स्वास्थ्य से जुड़ी संकट में हम फंसते हैं, तो डॉक्टर ही वह शख्स होता है, जिस पर हमें विश्वास होता है कि यह हमें मौत की गोद से निकालकर दोबारा हमें जिंदगी देगा। चिन्मय विद्यालय के प्राचार्य सूरज शर्मा ने सभी सम्मानित डॉक्टरो का स्वागत करते हुए कहा कि स्वास्थ्य और उपचार के प्रति डॉक्टरों की अटूट प्रतिबद्धता के लिए उनका आभार व्यक्त करने का यह एक खास अवसर है। यह खास दिन डॉक्टरों और स्वास्थ्य सेवा पेशेवरों के योगदान का सम्मान करता है। इस दौरान इंस्टिट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट ऑफ इंडिया का गठन किया गया जो प्रति वर्ष उच्च कोटि के प्रशिक्षित चार्टर्ड अकाउंटेंट तैयार करता है। यह सेवा भारत का एक प्रतिष्ठित सेवा श्रोत है। 1 जुलाई 1948 में लेखा जोखा कार्य हेतु प्रशिक्षित चार्टर्ड अकाउंटेंट तैयार करने के लिए भारतीय संसद ने अधिनियम बनाकर दी। इस अवसर पर चास बोकारो के प्रसिद्ध चार्टर्ड अकाउंटेंट निर्मल कुमार सिंह, जीएम, बोकारो स्टील प्लांट, एवं चार्टर्ड अकाउंटेंट अनमोल लछिरामका उपस्थित थे। मौके पर प्राचार्य सूरज शर्मा ने सभी उपस्थित अतिथियों को पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत करते हुए कहा कि यह बहुत ही हर्ष का विषय है कि इससे हमारे होनहार विद्यर्थियों को इनके अनुभव का बहुत लाभ मिलेगा। चार्टर्ड अकाउंटेंट निर्मल कुमार सिंह ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि भारतीय अर्थव्यवस्था में चार्टर्ड अकाउंटेंट की भूमिका बहुत ही महत्वपूर्ण होती है। कक्षा 9 से ही हम इसकी तैयारियां प्रारम्भ कर सकते हैं। अनुसाशन के साथ उचित मार्गदर्शन लेकर चार्टर्ड अकाउंटेंट बनने में सफलता पाई जा सकती है। चार्टर्ड अकाउंटेंट अनमोल लछिरामका ने सभी बच्चों को सफलता के उपाय बताए एवं चार्टर्ड अकाउंटेंट की परीक्षा पास करने के टिप्स बताए। दोनों अनुभवी विशेषज्ञों ने बच्चे को कई जिज्ञासा भरे प्रश्नों का उत्तर दिया। कॉमर्स विभाग के प्रभारी निशांत कुमार सिंह ने धन्यवाद ज्ञापन दिया। कार्यक्रम का संचालन पुनीत दोषी एवं शोनाली गुप्ता ने किया।

## मारवाड़ी सम्मेलन ने लगाया नि:शुल्क होमियोपैथिक चिकित्सा शिविर एवं जरूरतमंदों को बांटे व्हील चेयर

संवाददाता

**बेरमो।** मारवाड़ी सम्मेलन फुसरो के तत्वाधान में स्व० नागरमल अग्रवाल की पुण्य स्मृति में उनके पुत्र डुमरसीदास अग्रवाल एवं उनके परिवार के सौजन्य से सोमवार को निःशुल्क होमियोपैथिक चिकित्सा एवं व्हील चेयर वितरण शिविर लगाया गया। शिविर में आसपास के 42 लोगों ने अपना उपचार कराया। जरूरतमंदों की ओर से अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला सम्मेलन की सदस्याओं के प्रति आभार प्रकट किया गया। यह निःशुल्क होमियोपैथिक चिकित्सा शिविर प्रत्येक माह अग्रसेन भवन में आयोजित की जाती है। शिविर में डॉ० उत्तम कुमार नाग द्वारा लगभग



सौ मरीजों का निःशुल्क दवा सहित इलाज किया गया। इसके लिए मारवाड़ी सम्मेलन के पदाधिकारियों द्वारा उनके परिवार जनों को बुके देकर सम्मानित किया गया। मौके पर मारवाड़ी सम्मेलन फुसरो के अध्यक्ष सुरेंद्र खेमका, संरक्षक ओम प्रकाश अग्रवाल, दिलीप गोयल, ललित अग्रवाल, आनंद गोयल, राम अवतार कारीवाल, मुरारी अग्रवाल, भवानी अग्रवाल, नेमीचंद गोयल सहित अनेकों गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## एक नजर

### धनबाद विधायक ने पीसीसी पथ निर्माण कर जनसेवा में समर्पित किया



**धनबाद।** धनबाद विधायक राज सिन्हा ने बैंक मोड़ मण्डल अंतर्गत मटकुरिया बस्ती में आंगनबाडी केंद्र से कपिल गोस्वामी के घर तक 300 फीट पीसीसी पथ निर्माण कर जनसेवा में समर्पित किया। मौके पर ग्रामीणों के बच्चों के बिच विधायक राज सिन्हा ने अपने हाथों से मिठाई बांटी। मौके पर भाजपा द्वार चलाये जा रहे एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत दर्जनों वृक्षारोपण भी किये गए। मौके पर बैंक मोड़ मण्डल अध्यक्ष शिवेंद्र सिंह सोनू, जिला महामंत्री रवि सिन्हा, नीरज सिन्हा, बृजमोहन प्रसाद, रोहित विश्वकर्मा, प्रेम श्रीवास्तव, सुनीता देवी, छबिला देवी, अनीता देवी, गीता देवी, कंचन देवी, मीरा देवी एवं दर्जनों स्थानीय लोग उपस्थित रहें।

### तेतुलमारी नगरीकला के झाड़ियों में मिली एक लावारिस स्कूटी

**धनबाद।** तेतुलमारी थाना क्षेत्र के नगरीकला के पास जंगली झाड़ियों में ग्रामीणों ने रविवार को जेएच 10 सी डब्लु 8333 नंबर की एक लावारिस स्कूटी को देख तेतुलमारी थाना को सूचित किया। तुरंत पुलिस ने मौके पर पहुंच कर उक्त वाहन को अपने कब्जे में लेकर थाना ले गयी। वही लोगों ने बताया कि उक्त नीले रंग की स्कूटी जिसमें कई जगह खरोंच भी लगा हुआ है, वह लगातार दो दिनों से झाड़ीयो के समीप देखी जा रही थी। यह देख लोगों के बीच तरह-तरह की चर्चा होने लगी। कुछ लोगों का कहना था कि कहीं अपराधिक घटना को अंजाम देकर अपराधियों ने उक्त स्कूटी को झाड़ी में रखकर चल दिया हो तो किसी ने कहा कि चोरी की गई वाहन होगी जिसे झाड़ी में फेंका गया है। स्कूटी के समीप से पानी की खाली बोतल व वियर का बोतल भी देखा गया। इस संबंध में तेतुलमारी थानेदार लव कुमार चौधरी ने कहा कि उक्त स्कूटी को ईस्ट बसुरिया थाना की पुलिस को सौंप दिया गया है आगे जांच पड़ताल की जा रही है।

### रोटरी क्लब ऑफ धनबाद ने रोटरी वर्ष 2024-25 के शुभारंभ के अवसर पर कार्यक्रम आयोजित



**धनबाद।** रोटरी क्लब ऑफ धनबाद के द्वारा रोटरी वर्ष 2024-25 के शुभारंभ के अवसर पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। रोटरी क्लब एवं सी ए फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में सेवेंटीन डिग्री होटल में रक्तदान शिविर एवं निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। रकदान शिविर में कुल 25 यूनिट रक्तदान किया गया। वहीं स्वास्थ्य जांच शिविर में लोगों का निःशुल्क अन्य जांच की गई और लोगों को उनके स्वास्थ्य से संबंधित परामर्श प्रदान किया गया। रोटरी क्लब ऑफ धनबाद के नवनिर्वाचित अध्यक्ष राहुल व्यास ने बताया कि रोटरी क्लब ऑफ धनबाद का उद्देश्य समाजसेवा रहा है और हमारी नई टीम पूर्व की तरह इस वर्ष भी विभिन्न सामाजिक कार्यों को करती रहेगी। इसी क्रम में आज अपने कार्यकाल के प्रथम दिवस पर रोटरी क्लब ऑफ धनबाद के द्वारा रक्तदान शिविर, स्वास्थ्य जांच शिविर एवं अंत्योदय कार्यक्रम के तहत श्याम रसोई के द्वारा जरूरतमंद लोगों के बीच निःशुल्क भोजन का वितरण तथा जीवन ज्योति के बच्चों के बीच फल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में अनु नारंग डिस्ट्रिक गवर्नर, राहुल व्यास अध्यक्ष, रोटरी क्लब ऑफ धनबाद, कनव बाली, रोहित पोद्दार कोषाध्यक्ष, संदीप नारंग, संजय खेमका, राजेश परकेरिया, सोनल संघवी एवं रोटरी क्लब ऑफ धनबाद के अन्य सदस्य उपस्थित थे।

### दुर्गा मंदिर प्राण प्रतिष्ठा को लेकर भूमि पूजन, 12 से होगा यज्ञ

**रामगढ़।** रामगढ़ नगर परिषद अंतर्गत सेवटा वीआरएल कॉलोनी में मंदिर निर्माण समिति द्वारा दुर्गा मंदिर का निर्माण किया गया है। नवनिर्मित मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर मंदिर निर्माण समिति द्वारा आगामी 12 जुलाई से यज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। आयोजित होनेवाले यज्ञ को लेकर सोमवार को भूमि पूजन किया गया। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि नगर परिषद के निवर्तमान उपाध्यक्ष मनोज कुमार महतो उपस्थित हुए। इस दौरान यज्ञाचार्य बालमुकुंद पांडे एवं यज्ञाधीश पंडित दुधिष्ठिर शास्त्री की देखरेख में यजमान उपेंद्र सिंह , अरूण दुबे एवं प्रदीप साहू ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच 12 जुलाई से माता दुर्गा मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर आयोजित किए जानेवाले यज्ञ को लेकर भूमि पूजन का अनुष्ठान संपन्न किया।

### उपायुक्त की अध्यक्षता में की गई लीज बंदोबस्ती समेत अन्य मामलों की बैठक

# भू मापी कर एक हफ्ते के अंदर रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश

संवाददाता



**धनबाद।** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी माधवी मिश्रा की अध्यक्षता में कोल कंपनियों से जुड़े भूमि हस्तांतरण एवं लीज बंदोबस्ती मामलों से संबंधित बैठक समाहरणालय स्थित सभागार में की गई। बैठक के दौरान उपायुक्त द्वारा विभिन्न विभागों में लंबित अनापत्ति प्रमाण पत्र, भूमि हस्तांतरण एवं लीज बंदोबस्ती, ओबी डंप, ग्राम सभा, मुआवजा, नियोजन, विस्थापन समेत अन्य मामलों की समीक्षा कर संबंधित पदाधिकारी को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। इस दौरान अपर समाहर्ता विनोद कुमार ने बताया कि कई खनन क्षेत्रो के निवासियों द्वारा यह शिकायत प्राप्त होती है कि बिना भूमि हस्तांतरण एवं अनुमति के कोल कंपनियों द्वारा ओबी डंप किया जाता है। इस मामले को लेकर उपायुक्त ने खनन पदाधिकारी एवं संबंधित अंचलाधिकारी को खनन क्षेत्र के भू मापी कर एक हफ्ते के अंदर रिपोर्ट प्रस्तुत करने हेतु निर्देशित किया। साथ ही अंचलाधिकारियों को लंबित ग्राम सभा ससमय करवाने हेतु निर्देशित किया गया। बैठक में वन्य प्रमंडल पदाधिकारी विकास पालीवाल, अपर समाहर्ता विनोद कुमार, जिला भू-अर्जन पदाधिकारी राम नारायण खालको, जिला खनन पदाधिकारी मिहिर सलकर, आईटी मैनेजर रूपेश मिश्रा, बीसीसीएल के पदाधिकारी, ईसीएल मुगमा के पदाधिकारी, अंचलाधिकारी पुटकी, निरसा, कलियासोल, बाघमारा समेत अन्य पदाधिकारी मौजूद रहें।

## खाली आवास को तोड़ने गये बीसीसीएल व आउटसोर्सिंग कर्मियों को विरोध का सामना करना पड़ा

संवाददाता



**धनबाद।** सिजुआ क्षेत्र के मोदीडीह कोलियरी में संचालित हिलटाप आउटसोर्सिंग कंपनी के परियोजना विस्तारीकरण को लेकर खाली आवास को तोड़ने गये बीसीसीएल व आउटसोर्सिंग कर्मियों को विरोध का सामना करना पड़ा। जहां सीआईएसएफ के महिला व पुरुष बल तैनात किया गया था। करीब एक घंटे तक हंगामा के बाद कर्मी पेलोडर लेकर चलते बने। लोग पुनर्वास तथा बिजली काटे जाने का विरोध कर रहे थे। उनका कहना था कि पहले 25 परिवार को दूसरे जगह शिफ्ट कराया जाय उसके बाद हम आवास तोड़ने देंगे। इधर कंपनी कर्मियों का कहना था कि आवास पहले से खाली है, जिसे परियोजना विस्तारीकरण को लेकर हटाना जरूरी है। अगर इन खाली पड़े आवासों को नहीं हटाया गया तो काम बंद हो जाएगा। स्थानीय लोग बिजली काटे जाने का आरोप लगा रहे थे। पेलोडर चल रहा था इस कारण बिजली काटी गई है। काम होने के बाद पुनः चालू कर दिया जाएगा। इधर तेतुलमुड़ी डिनोबली बस्ती के ग्रामीण रवि महतो अपने परिवार के सदस्यों के साथ पहुंचे और अपने आवास को तोड़े जाने को लेकर हंगामा करने लगे। उनका कहना था कि बगल में उनका रैयती जमीन है आखिर वे कहां जायेंगे। पीओ संजय सिंह ने दूरभाष पर उन्होंने सोमवार को वार्ता के लिए बुलाया।

## गोबिंदपुर कुरैशी नगर स्थित कांग्रेस कार्यालय में बैठक आयोजित

संवाददाता



**धनबाद।** गोबिंदपुर कुरैशी नगर स्थित कांग्रेस कार्यालय में आयोजित बैठक की अध्यक्षता जिला उपाध्यक्ष अनिल साव ने की। जिसका संचालन धनबाद जिला कांग्रेस के महासचिव मंजूर आलम उर्फ सोनू खान ने किया। उक्त बैठक में बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित धनबाद जिला कांग्रेस के जिलाध्यक्ष संतोष कुमार सिंह ने कहा कि भाजपा का चेहरा अब धिरे धिरे बेनकाब हो रहा है। मोदी सरकार के कारण देश भर में बेरोजगारी में बेतहासा वृद्धि हुई है। जिलाध्यक्ष श्री सिंह ने कहा कि धनबाद लोक सभा चुनाव हो या गिरीडीह लोक सभा का चुनाव हो, जिला कांग्रेस के एक एक पदाधिकारियों ने चुनाव में कांग्रेस उम्मीदवार के लिए मजबूती से काम किया है। जिलाध्यक्ष संतोष सिंह ने शायराना अंदाज मे कहा कि मंज़िले भी जिद्दी है, रास्ते भी जिद्दी हैं। देखते हैं कल क्या होगा,क्योकि मेरे हौसले भी जिद्दी हैं। उन्होने कहा कि कांग्रेस के कार्यकताओ को विधान सभा चुनाव के लिए तैयार रहना चाहिए। झारखंड में इंडिया महागठबंधन की सरकार बनेगी ।उन्होने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को जमानत देते हुए माननीय उच्च न्यायालय झारखंड ने ईडी के पक्षपातपूर्ण रवैए पर जो टिप्पणी की है इससे इडी के भ्रष्ट अधिकारियो को शर्म से डूब जाना चाहिए। जिलाध्यक्ष श्री सिंह ने धनबाद और झरिया में पानी बिजली की समस्याओ पर कहा कि राज्य सरकार और जिला प्रशासन को इन समस्याओ पर त्वरित कार्रवाई करनी चाहिए। बैठक में सर्व श्री धनबाद जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष अनिल साव, बकील बाउरी, ईरफान खान चौधरी, महासचिव मोइन अंसारी, असद कलिम, अजीत जायसवाल, मुकेश कुमार, पूर्वी टुंडी प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष योगेश रजक, माजिद अंसारी, नईम अंसारी, बाबर खान, मुकेश कुमार, पप्पू अंसारी सहित अन्य मुख्य रूप से उपस्थित थें।

## दिव्यांग बच्चों का विशेष विद्यालय जीवन ज्योति में कार्यक्रम का आयोजन

संवाददाता



**धनबाद।** रोटरी क्लब ऑफ धनबाद द्वारा संचालित दिव्यांग बच्चों का विशेष विद्यालय जीवन ज्योति में रोटरी क्लब ऑफ धनबाद के द्वारा रोटरी वर्ष 2024-25 के आरम्भ के अवसर पर एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया कोलियरी & के एक्जीक्यूटिव डायरेक्टर अनूप कुमार उपस्थित हुए। इस कार्यक्रम में स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया कोलियरी & उउरड के द्वारा सामाजिक दायित्व योजना के अंतर्गत जीवन ज्योति विशेष विद्यालय को एक स्कूल वैन प्रदान किया गया। अनूप कुमार ने इस मौके पर कहा कि जीवन ज्योति विशेष विद्यालय के द्वारा दिव्यांग बच्चों के लिए किए जा रहे कार्य बहुत हीं सराहनीय है और यहां आकर बहुत हीं खुशी की अनुभूति प्राप्त होती है। हमारे द्वारा दिया जा रहा ये एक छोटा सा उपहार जीवन ज्योति के विशेष बच्चों को समाज की मुख्यधारा से जोड़ने के प्रयास को थोड़ा और गति प्रदान करने का काम करेगी। भविष्य में भी सेल जीवन ज्योति विशेष विद्यालय को हरसंभव सहायता प्रदान करती रहेगी। कार्यक्रम की शुरूआत में बच्चों ने आए हुए आगंतुकों को मोमेंटो और बुके प्रदान कर उनका स्वागत किया। राजेश परकेरिया सचिव जीवन ज्योति ने सेल की पूरे टीम को उनके द्वारा जीवन ज्योति विशेष विद्यालय को सहायता प्रदान करने हेतु धन्यवाद ज्ञापन किया। रोटरी क्लब ऑफ धनबाद के द्वारा जीवन ज्योति के विशेष बच्चों के बीच अतिथियों के हाथों मीठे आम वितरित किए गए। इस कार्यक्रम में स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया कोलियरी & उउरड चीफ जनरल मैनेजर संजय तिवारी, जनरल मैनेजर राजीव तिवारी, उदय कुलकर्णी जी एम - एच आर, मनीष भाटिया ए जी एम, राजेश परकेरिया सचिव , जीवन ज्योति, राहुल व्यास अध्यक्ष, रोटरी क्लब ऑफ धनबाद, सुश्री अपर्णा दास प्राचार्या, जीवन ज्योति विशेष विद्यालय शामिल थे।

## छिनतई का विरोध करने पर अमरदीप को मारी थी गोली : एसएसपी

### प्रेस वार्ता कर एचपी जनार्दन ने दी विस्तृत जानकारी

संवाददाता



**धनबाद।** धनबाद के लॉ कॉलेज दामोदरपुर में 21 जून को अमरदीप भगत की हत्या में शामिल पांच अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। यह जानकारी एसएसपी ह्रदीप पी जनार्दनन ने अपने कार्यालय में एक जुलाई को प्रेस कांफ्रेंस आयोजित कर दी। इस दौरान उन्होंने बताया कि लॉ कॉलेज के पास 21 जून को सूचना मिली कि एक व्यक्ति की हत्या कर दी गई है।

उसकी मां की शिकायत पर एक टीम का गठन किया गया है। जिसका नेतृत्व सिटी एसपी अजीत कुमार ने की। जिसमें डीएसपी लॉ एंड ऑर्डर अरविंद कुमार सिन्हा। धनबाद थाना प्रभारी व बैंक मोड़ थाना प्रभारी शामिल थे। जांच के दौरान सूचना प्राप्त हुई कि आकाश जे सी मल्लिक रोड के काली मंदिर के पास रहता है, जो इस कांड में शामिल है। इसके पास देसी कट्टा भी है।

उसके घर में छापेमारी कर उसे गिरफ्तार किया गया और उसके निशानदेही पर देसी कट्टा को भी बरामद किया गया। पूछताछ पर कांड में शामिल अपने साथ चार साथियों का भी नाम बताया। पुलिस के अनुसार आकाश से पूछताछ पर उन्होंने बताया कि रात में छिनतई करने के लिए उन लड़कों का साथ लिया था। लड़का जब विरोध किया तो गुस्से में आकर उसको मार दिया गया। आकाश के साथ संदीप मंडल, मुकेश कुमार, विष्णु कुमार सहित उसके पांच साथियों को गिरफ्तार किया गया है। जिनके पास से एक देसी कट्टा और एक पिस्टल बरामद किया गया है।

## जोगता के श्यामबाजार इलाके से तीन साइबर ठगों को तीन थाने की पुलिस ने छापेमारी कर धर दबोचा

### महंगी गाड़ी, मोबाइल, लेपटॉप, चेकबुक, एटीएम व अन्य सामान बरामद

संवाददाता




**धनबाद।** जोगता थाना क्षेत्र के मोदीडीह श्यामबाजार इलाके में गुप्त रूप से संचालित साइबर ठगी का मामला उस समय प्रकाश में आया जब जिले के तीन थानो की पुलिस ने संयुक्त रूप से छापेमारी कर तीन युवक को धर दबोचा। पुलिस ने कांड अंकित कर तीनो युवक क्रमश रजनीश पांडेय, नवीन पांडेय व गौरी शंकर साव को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। पुलिस गिरफ्त में आए युवको के पास से गेमिंग के ठगी से खरीदी गई चारपहिया थार वाहन संख्या जेएच 09 बीजी 9191 सहित को तीन मोबाइल फोन, दो चेकबुक, कई एटीएम कार्ड, एक लेपटॉप, सीम कार्ड व अन्य सामान जब्त किया। गुप्त सूचना पर जोगता पुलिस हुई सक्रिय, मिली सफलता जोगता थाना क्षेत्र में साइबर ठगी की गुप्त जानकारी मिलने के बाद पुलिस सक्रिय हुई। थानेदार राजेश कुमार ने मामले को गंभीरतापूर्वक? लेते हुए अपने स्तर से जानकारी इकट्ठा की।? पुख्ता जानकारी मिलने के बाद एक टीम गठित कर शुक्रवार को नया श्यामबाजार में दबीश? दी।? यहां से पुलिस ने रजनीश पांडेय, नवीन पांडेय व गौरीशंकर साव को धर दबोचा।? इन्हे जोगता थाना लाकर पड़ोस? के तेतुलमारी थाना में रख कड़ाई से पुछताछ की गई।? इस दौरान इनलोगो ने कोटक महिंद्रा व फिनो बैंक सहित अन्य बैंकों से ऑनलाइन लेन-देन की बात स्वीकार की। पकड़े गए युवको में रजनीश पांडेय मास्टर माइंड बताया जाता है। जोगता थाना प्रभारी राजेश कुमार के लिखित शिकायत पर ऑनलाइन गेमिंग के जरिए साइबर ठगी करने का मामला दर्ज कर तीनो युवको को जेल भेज दिया। पूरे मामले में जोगता सहित तेतुलमारी व लोयाबाद थानेदार का सक्रिय योगदान रहा।

## राजकमल में प्रतिभा सम्मान समारोह में 136 प्रतिभाओं को सम्मानित किया गया

संवाददाता



**धनबाद।** राजकमल सरस्वती विद्या मंदिर धनबाद में आयोजित प्रतिभा सम्मान समारोह कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं वंदना के साथ हुआ। मौके पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बीआईटी सिंदरी के निदेशक पंकज राय, विद्यालय के संरक्षक शंकर दयाल बुधिया, अध्यक्ष विनोद कुमार तुलस्यान, उपाध्यक्ष रविंद्र कुमार पटनिया, सचिव संजीव अग्रवाल, सहसचिव दीपक रूईया, विद्यालय समिति के अधिकारी व सदस्य गण एवं प्राचार्य सुमंत कुमार मिश्रा उपस्थित थे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पंकज राय ने मेधावियों को संबोधित करते हुए कहा कि मोबाइल का इस्तेमाल समझदारी के साथ करें। आप अधिक लिखने का अभ्यास करें। प्रतियोगिताओं में लिखने की क्षमता से हीं सफलता मिलती है। मुझे भी इस बात का गर्व है कि बी आई टी सिंदरी में राजकमल से उत्तीर्ण लगभग 80 बच्चे नामांकन हेतु आते हैं। हमें हमेशा याद रखना है कि हम लिखकर पढ़ें। आपकी सफलता में मां का योगदान सर्वोपरि है। विद्यालय के अध्यक्ष विनोद कुमार तुलस्यान ने कहा कि आप उड़ने को तैयार रहें। सारा आकाश आपकी प्रतीक्षा में है । आप सभी भविष्य में माता-पिता एवं विद्यालय का नाम रोशन करें यही मेरी शुभकामना है। विद्यालय के प्राचार्य सुमंत कुमार मिश्रा ने कहा कि विद्यालय की परंपरा रही है कि हम मेधावी छात्रों का सम्मान समारोह प्रतिवर्ष आयोजित करते हैं। आज आप सबों को यहां देखकर प्रसन्नता हो रही है क्योंकि आप भविष्य के होनहार नागरिक हैं। प्राचार्य ने मंचासीन पदाधिकारियों का परिचय कराया। दसवीं के 90% से अधिक अंक प्राप्त करने वाले चिराग कुमार गुप्ता, शिवेंद्र तिवारी, रोशन रंजन, ऋषभ गुप्ता, आदित्य कुमार गुप्ता, पीयूष आनंद, दिव्यांशु कुमार, दिलशाद आलम, हिमांशु कुमार सिंह, शौर्य झा ,रोशन कुमार प्रिंस कुमार ,प्रिंस कुमार सिंह,समीर कुमार, सुमित , मानसी ,परी रानी, शांभवी गुप्ता ,तृषा घोष ,ज्योति कुमारी, कनक कुमारी ,जिज्ञासा कुमारी ,धनिया भव्य कुमारी, संस्कृति कुमारी ,रिद्धिमा मिश्रा ,शांभवी सिंह तथा जानवी कुमारी को सम्मानित किया गया।।वहीं द्वादश विज्ञान में एमडी साहिल, अभिजीत मंडल ,प्रणव पांडे,अर्पित बांका, नंदलाल कुमार, सौरभ मंडल, सुमित कुमार, एवं वाणिज्य में अमित कुमार गुप्ता, हर्ष अग्रवाल ,हर्षित सेठ, प्रथम कुमार चौधरी ,आयुष गोयल ,आयुष कुमार, सिद्ध अग्रवाल, उत्सव कुमार मित्तल, अहान अग्रवाल, एवं छात्राओं में अनुष्का साक्षी परमार आध्या पाठक, कृपा आदर्श, नंदिनी शर्मा, रहीम, महेश, श्वेता कुमारी, कनक रंजन, साक्षी कुमारी सिंह ,गरिमा श्रीवास्तव, सहेली कुमारी, सोनम रानी, राधिका त्याल अंशिका अग्रवाल ,गुंजा चौधरी ,श्रेया कुमारी, खुशी कुमारी, प्राची कुमारी श्रुति कुमारी, असलिया कुमारी ,एवं कला में विधि धनानी दिशा शर्मा, कोमल जितेंद्र सिंह, भूमि आनंद, अन्वेष सरकार ,दिया कुमारी, को सम्मान दिया गया ।बताते चलें की विषय में सर्वोत्तम अंक लाने वाले छात्र-छात्राओं को भी सम्मानित किया गया।

## आदिवासी परिवारों की बस्ती का मुआयना करने पहुंचे नारी उत्थान संकल्प समिति के दर्जनों सदस्य

संवाददाता



**कतरास।** नारी उत्थान संकल्प समिति के दर्जनों सदस्य रघुनाथपुर पंचायत व फाटामहुल पंचायत में कतरी नदी के किनारे रहने वाले आदिवासी परिवारों के बीच पहुंचे। समिति के सदस्यों ने सरकारी योजनाओं से वंचित होकर रह रहे परिवारों से उनके प्रतिदिन के जीवन शैली को जाना। आदिवासी परिवारों ने बताया कि वे लोग किस प्रकार बिना बिजली, बिना पानी, बिना सरकारी आवास एवं बिना अन्य सरकारी सुविधाओं के आज तक रहते आ रही हैं। वहीं नारी उत्थान संकल्प समिति के अध्यक्ष जानकी देवी एवं सचिव संगीता देवी ने बताया कि उन्हें आश्चर्य हो रहा है कि 21 वीं सदी में भी कोई परिवार नदी और पोखर का पानी पीकर अपने जीवन की प्यास बुझाने को मजबूर हैं। कहा कि केंद्र की मोदी सरकार एवं झारखंड सरकार प्रत्येक जरूरतमंद लोगों को बिजली, पानी, गैस और आवास देने के लिए संकल्पित हैं। इसके लिए कई योजनाएं भी चलाई जा रही हैं। जिन लोगों का अपना जमीन नहीं है। उन भूमिहीन लोगों को सरकारी योजनाओं के तहत जमीन मुहैया करा कर आवास दिया जा रहा है। समिति के सदस्यों ने कहा कि वर्षों से सरकारी सुविधाओं से वंचित इन आदिवासी परिवारों को बिजली, पानी, आवास एवं अन्य मूलभूत सुविधाओं और अधिकारों को दिलाने के लिए समिति हर लड़ाई लड़ने के लिए तैयार है।

## सुभाषितम्

**जिसके पास उम्मीद है, वह हार कर भी नहीं हारता।**

**- अज्ञात**

## मन की बात बे-मन से कब तक?

भारत का तीसरी बार बैशाखियों के सहारे नेतृत्व कर रहे प्रधानमंत्री श्रीनरेंद्र दामोदर दास मोदी की एक ही बात मुझे अच्छी लगती है कि वे देश की जनता से भले ही विपक्ष के नेता राहुल गांधी की तरह सड़कें नापकर संवाद न करते हों, लेकिन आकाशवाणी के जरिये देश की जनता से अपने मन की बात जरूर करते हैं। जो आदमी प्रेस से बात न करता हो, किसानों से बात न करता हो ,नौजवानों से बात न करता हो ,वो आदमी यदि देश के अवाम से घर बैठे मन की बात करता है तो ये काबिले तारीफ बात है। प्रधानमंत्री जी पिछले एक दशक से आकाशवाणी के जरिये देश की अवाम से अपने मन की बात कहते है। ये एक तरफा संवाद है और 30 जून 2024 को उन्होंने 111 वीं बार अपने मन की बात की। मन एक तरह से दर्पण होता है। मन के बारे में 1965 में ही साहिर लुधियानवी ने लिख दिया था कि - तोरा मन दर्पण कहलाये। उसे देखना-दिखाना हर आदमी के बूते की बात नहीं है। मोदी जी के सामने समस्या ये थी कि उनके सामने उनके मन की बात सुनने और करने वाला कोई है नही।

मां का स्वर्गवास हो चुका है और पत्नी का वे परित्याग कर चुके है। बाल-बच्चे हैं नहीं। ऐसे में देश ही उनका यानि मोदी परिवार है। संघ परिवार से भी उनका इन दिनों मन मुटाव चल रहा है 'दिखावे के लिए' ऐसे में देश की जनता ही है जो उनके मन की बात सुन सकती है। लेकिन सवाल ये है कि क्या सचमुच मोदी जी अपने मन की बात करते हैं? मुझे न जाने क्यों मोदी जी के विरोधियों में शुमार किया जाता है लेकिन आप यकीन मानिये कि मै अपना कीमती 'दो कौड़ी कि कीमत वाला' समय मोदी जी के मन की बात सुनने पर खर्च करता हूं। उनके अधिकांश मन की बात एपिसोड मैंने सुने हैं। मैंने क्या देश में उनके अधिकांश भक्तों ने सुने है। उन्हें सुनना पड़ती है मोदी जी के मन कि बात। न सुनें तो पार्टी से बाहर कर दिए जायेंगे फौरन। बेचारे भक्त और कार्यकर्ता अपने घर वालों के मन कीबात सुनें न सुनें लेकिन मोदी जी मन की बात अवश्य सुनते है। पार्टी कार्यालय में बैठकर सुनते हैं। ड्राइंग रूम में बैठकर सुनते हैं और फिर सबूत के तौर पर अपने फोटो ७ पर, इंस्ट्राग्राम पर ,फेसबुक पर अपलोड भी करते हैं। मजबूरी का नाम महात्मा मोदी जो ठहरा! मोदी जी के मन की बात लगभग राजाज्ञा की तरह न केवल आकाशवाणी पर बल्कि देश के सभी टीवी चैनलों, सॉशल मीडिया पर भी सुनाई जाता है। मोदी जी चूंकि विश्वगुरु हैं इसलिए इस एपिसोड का विश्व-व्यापी प्रसारण किया जाता है, ये बात और है कि कोई इसे सुने या न सुने। इस सब ठठकर्म पर देश का कितना पैसा खर्च होता है? ये न मै आपको बता सकता हूं और न मुझे किसी ने बताया है।

बात मोदी जी के मन की बात की है इसलिए खर्च-सर्च की बात ही बेमानी और राष्ट्रविरोधी है। और आप कम से कम मुझसे तो किसी भी तरह का राष्ट्रविरोधी काम करने कि उम्मीद कर नहीं सकते। मोदी जी आकशवाणी पर लगभग 20 मिनिट तक अपने मन की बात करते है। आकाशवाणी के नियमों के मुताबिक मोदी जी को इस कार्यकर्म कि रिकार्डिंग के मेहनताने के रूप में कम से एक-डेढ़ हजार रुपए तो मिलना ही चाहिए। मैं जब आकाशवाणी में बुलाया जाता था तब मुझे तो कम से कम इतने ही पैसे मिलते थे। लेकिन जब से मोदी जी सत्ता में आये हैं आकाशवाणी ने मुझे काली सूची में दर्ज कर दिया है मै भूल चुका हूँ कि देश में आकशवाणी जैसी कोई संस्था थी भी। वैसे भी आकशवाणी की दशा देश कि अर्थव्यवस्था कि तरह खराब है। आकाशवाणी के पास न स्टाफ है और न पर्याप्त बजट। जो है उससे केवल और केवल प्रधानमंत्री जी के मन की बात कार्यक्रम की रिकार्डिंग और विश्व-व्यापी प्रसारण हो पाता है। असली सवाल यही है कि पूरे 111 बात देश के समाने मन की बात कर चुके देश ने क्या सचमुच उनके मन की बात गौर से सुनी? और अगर सुनी तो उन्हें लोकसभा चुनाव में 400 पार क्यों नहीं कराया? क्यों 303 से लेकर 240 पर ला पटका?

## चिंतन-मनन

### हर जीव में व्याप्त नारायण

**वैदिक साहित्य से हम जानते हैं कि परम-पुरुष नारायण प्रत्येक जीव के बाहर तथा भीतर निवास करने वाले है। वे भौतिक तथा आध्यात्मिक दोनों जगतों में विद्यमान हैं। यद्यपि वे बहुत दूर हैं, फिर भी हमारे निकट हैं-आसीनो दूरं व्रजति शयानो याति सर्वतरू हम भौतिक इन्द्रियों से न तो उन्हें देख पाते हैं, न समझ पाते हैं अतएव वैदिक भाषा में कहा गया है कि उन्हें समझने में हमारा भौतिक मन तथा इन्द्रियां असमर्थ हैं। किन्तु जिसने, भक्ति में कृष्णभावनामृत का अभ्यास करते हुए, अपने मन-इन्द्रियों को शुद्ध कर लिया है, वह उन्हें निरन्तर देख सकता है। ब्रध्संहिता के अनुसार परमेर के लिए जिस भक्त में प्रेम उपज चुका है, वह निरन्तर उनके दर्शन कर सकता है। और भगवद्गीता में कहा गया है कि उन्हें केवल भक्ति द्वारा देखा-समझा जा सकता है। भगवान सबके हृदय में परमात्मा रूप में स्थित हैं। तो क्या इसका अर्थ यह हुआ कि वे बंटे हुए हैं? नहीं। वास्तव में वे एक हैं। जैसे सूर्य मध्याह्न समय अपने स्थान पर रहता है, लेकिन यदि कोई पांच हजार मील की दूरी पर घूमे और पूछे कि सूर्य कहां है, तो सभी कहेंगे कि वह उसके सिर पर चमक रहा है। इस उदाहरण का अर्थ है कि यद्यपि भगवान अविभाजित हैं, लेकिन इस प्रकार स्थित हैं मानो विभाजित होंवैदिक साहित्य में यह भी कहा गया है कि अपनी सर्वशक्तिमत्ता द्वारा एक विष्णु सर्वत्र विद्यमान हैं। जिस तरह एक सूर्य की प्रतीति अनेक स्थानों में होती है। यद्यपि परमेर प्रत्येक जीव के पालनकर्ता हैं, किन्तु प्रलय के समय सबका भक्षण भी कर जाते हैं। सृष्टि रची जाती है, तो वे सबको मूल स्थिति से विकसित करते हैं और प्रलय के समय सबको निगल जाते हैं। वैदिक शास्त्र पुष्टि करते हैं कि वे समस्त जीवों के मूल तथा आश्रय-स्थल हैं। सृष्टि के बाद सारी वस्तुएं उनकी सर्वशक्तिमत्ता पर टिकी रहती हैं और प्रलय बाद सारी वस्तुएं पुनः उन्हीं में विश्राम पाने के लिए लौट आती हैं।**

## आज का राशिफल

**मेष** : मन प्रसन्न बना रहेगा। अचल संपति की खरीद अथवा कृषि उद्यम में रुचि पैदा होगी। परिवार के साथ मनोरांजनिक स्थल की यात्रा होगी।

**वृष** : दिनभर का माहौल आडंबरपूर्ण और व्ययकारी होगा। वरिष्ठ लोगों से कहासुनी के कारण तनाव पैदा हो सकता है।

**मिथुन** : घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा।

**कर्क** : सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। प्रेमभाव बढ़ेगा। आमोद.प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी।

**सिंह** : कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा।

**कन्या** : आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं।

**तुला** : व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। शत्रुभयए चिंताए संतान को कष्टए अपव्यय के कारण बनेंगे। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है।

**वृश्चिक** : कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी।

**धनु** : यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी।

**मकर** : मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। नैतिक दायरे में रहें।

**कुंभ** : परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा।

**मीन** : अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी।

# सबके लिए त्वरित न्याय की अवधारणा पर आधारित हैं नए कानून



डॉ. मोहन यादव

भारत में आपराधिक कानूनों में परिवर्तन और सुधार एक महत्वपूर्ण विषय है, जो समाज की बदलती आवश्यकताओं और न्याय की आवश्यकता को पूरा करने के लिए समय-समय पर किया जाता है। हाल ही में, भारतीय दंड संहिता, आपराधिक प्रक्रिया संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम जैसे आपराधिक कानूनों को संसद में पारित किया गया। अब एक जुलाई 2024 से पूरे देश में यह लागू हो रहा है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने संसद में कानून को पेश करते हुए कहा कि खत्म होने वाले ये तीनों कानून अंग्रेजी शासन को मजबूत करने और उसकी रक्षा करने के लिए बनाए गए थे। इनका उद्देश्य दंड देने का था, न की न्याय देने का। तीन नए कानून की आत्मा भारतीय नागरिकों को संविधान में दिए गए सभी अधिकारों की रक्षा करना, इनका उद्देश्य दंड देना नहीं बल्कि न्याय देना होगा। भारतीय आत्मा के साथ बनाए गए इन तीन कानूनों से हमारे क्रिमिनल जस्टिस सिस्टम में बहुत बड़ा परिवर्तन आएगा।

पुराने कानूनों में गुलामी की बू आती थी। ये तीनों पुराने कानून गुलामी की निशानियों से भरे हुए थे, क्योंकि इन्हें ब्रिटेन की संसद ने पारित किया था और हमने सिर्फ इन्हें अपनाया था। इन कानूनों में पार्लियामेंट ऑफ यूनाइटेड किंगडम, प्रोविंशियल एक्ट, नोटिफिकेशन बाई द क्राउन रिप्रेजेन्टेटिव, लंदन गैजेट, ज्यूरी और बैरिस्टर, लाहौर गवर्नमेंट, कॉमनवेल्थ के प्रस्ताव, यूनाइटेड किंगडम ऑफ ग्रेट ब्रिटेन एंड आयरलैंड पार्लियामेंट का जिक्र है। इन कानूनों में हर मैजेस्टी और बाइ द प्रिवी काउंसिल के रेफेरेंस दिए गए हैं, कॉपीज एंड एक्सट्रैक्ट्स कंटेट इन द लंदन गैजेट के आधार पर इन कानूनों को बनाया गया, पजेशन ऑफ द ब्रिटिश क्राउन, कोर्ट ऑफ जस्टिस इन इंग्लैंड और हर मैजेस्टी डॉमिनियन्स का भी जिक्र इन कानूनों में कई स्थानों पर है। अच्छी बात यह कि गुलामी की निशानियों को पूरी तरह मिटा दिया गया है। जिसके तहत 475 जगह गुलामी की निशानियों को समाप्त कर दिया गया है। हमारे क्रिमिनल जस्टिस सिस्टम में बहुत समय लगता है, कई बार न्याय इतनी देर से मिलता है कि न्याय का कोई मतलब ही नहीं रह जाता है, लोगों की श्रद्धा उठ जाती है और अदालत में जाने से डरते हैं।

इन कानूनों को बनाने के पीछे बहुत लंबी प्रक्रिया रही है। इन कानूनों को आज के समय के अनुरूप बनाने में प्रधानमंत्री मोदी ने अगस्त, 2019 में सर्वोच्च न्यायालय के सभी न्यायाधीशों, देश के सभी उच्च न्यायालयों के मुख्य न्यायाधीशों और देश के सभी कानून विश्वविद्यालयों को पत्र लिखे थे। वर्ष 2020 में सभी, महामहिम राज्यपालों, मुख्यमंत्रियों और सांसदों एवं संघ-शासित प्रदेशों के महामहिम प्रशासकों को पत्र लिखे गए। इसके बाद व्यापक परामर्श के बाद ये प्रक्रिया कानून बनने जा रही है। इसके लिए 18 राज्यों, 6 संघशासित प्रदेशों, सुप्रीम कोर्ट, 16 हाई कोर्ट, 5 न्यायिक अकादमी, 22 विधि विश्वविद्यालय, 142 सांसद, लगभग 270 विधायकों और जनता ने इन नए कानूनों पर अपने सुझाव दिए हैं। यह प्रक्रिया सरल नहीं थी, काफी मेहनत की गई बीते 4 सालों में। खूब विचार विमर्श किया गया है। इस संदर्भ में हुई 158 बैठकों में केंद्रीय गृह मंत्री शाह उपस्थित रहे हैं।

इन कानूनों में क्या बदलाव हुआ है, इस पर केंद्रीय मंत्री अमित शाह ने बताया कि आज तक आतंकवाद से परिचित सभी थे लेकिन आतंकवाद की परिभाषा, व्याख्या नहीं थी। अब ऐसा नहीं रहेगा। अब अलगाव, सशस्त्र विद्रोह, विध्वंसक गतिविधियां, अलगाववाद, भारत की एकता, संप्रभुता और अखंडता को चुनौती देने जैसे अपराधों की पहली बार इस कानून में व्याख्या की गई है। इससे जुड़ी संपत्तियों को जब्त करने का अधिकार भी दिया गया है। जांचकर्ता पुलिस अधिकारी के संज्ञान पर कोर्ट इसका आदेश देगा।

गौरतलब है कि अनुपस्थिति में ट्रायल के बारे में केंद्र सरकार ने एक ऐतिहासिक फैसला किया है। सेशंस कोर्ट के जज द्वारा प्रक्रिया के बाद भगोड़ा घोषित किए गए व्यक्ति की अनुपस्थिति में ट्रायल होगा और उसे सजा भी सुनाई जाएगी, चाहे वो दुनिया में कहीं भी छिपा हो। उसे सजा के खिलाफ अपील करने के लिए भारतीय कानून और अदालत की शरण में आना होगा। अभी तक देखा गया है कि देश भर के पुलिस स्टेशनों में बड़ी संख्या में केस संपत्तियां पड़ी रहती हैं। अब इस ओर भी तेजी लाई जाएगी। यानी अब इनकी वीडियोग्राफी करके सत्यापित प्रति कोर्ट में जमा कर-के इनका निपटारा किया जा सकेगा।

इन कानूनों में अत्याधुनिकतम तकनीकों को समाहित किया गया है। दस्तावेजों की परिभाषा का विस्तार कर इलेक्ट्रॉनिक या डिजिटल रिकॉर्ड्स, ई-मेल, सर्वर लॉग्स, कम्प्यूटर, स्मार्ट फोन, लैपटॉप्स, एसएमएस, वेबसाइट, लोकेशनल साक्ष्य, डिवाइस पर उपलब्ध मेल और मैसेजेस को कानूनी वैधता दी गई है, जिनसे अदालतों में लगने वाले कागजों के अंबार से मुक्ति मिलेगी। इस कानून को डिजिटलाइज किया गया है, यानी एफआईआर से केस डायरी, केस डायरी से चार्जशीट और चार्जशीट से जजमेंट तक की सारी प्रक्रिया को डिजिटलाइज करने का प्रावधान इस कानून में किया गया है। अभी सिर्फ आरोपी की पेशी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से हो सकती है, लेकिन अब पूरा ट्रायल, क्रॉस क्वेश्चनिंग सहित वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से संभव होगी। शिकायतकर्ता और गवाहों का परीक्षण, जांच-पड़ताल और मुकदमे में साक्ष्यों की रिकॉर्डिंग और उच्च न्यायालय के मुकदमे और पूरी अपीलीय कार्यवाही भी अब डिजिटली संभव होगी। सर्च और जब्ती के समय वीडियोग्राफी को अनिवार्य कर दिया है, जो केस का हिस्सा होगी और इससे निर्दोष नागरिकों को फंसाया नहीं जा सकेगा। पुलिस द्वारा ऐसी रिकॉर्डिंग के बिना कोई भी चार्जशीट वैध नहीं होगी। आजादी के 75 सालों के बाद भी दोष सिद्धि का प्रमाण बहुत कम है। यही कारण है कि मोदी सरकार ने फॉरेंसिक साइंस को बढ़ावा देने का काम किया है। तीन साल के बाद हर साल 33 हजार फॉरेंसिक साइंस एक्सपर्ट्स और साइंटिस्ट्स देश को मिलेंगे। साथ ही अमित शाह ने लक्ष्य रखा है कि दोष सिद्धि के प्रमाण को 90 प्रतिशत से ऊपर लेकर जाना है। इसके लिए एक महत्वपूर्ण प्रावधान किया गया है कि 7 वर्ष या इससे अधिक सजा वाले अपराधों के क्राइम सीन पर फॉरेंसिक टीम की विजिट को अनिवार्य किया जा रहा है।

इसके माध्यम से पुलिस के पास एक वैज्ञानिक साक्ष्य होगा जिसके बाद कोर्ट में दोषियों के बरी होने की संभावना बहुत कम हो जाएगी। वर्ष 2027 से पहले देश की सभी अदालतों को कंप्यूटराइज्ड कर दिया जाएगा। इसी प्रकार मोबाइल फॉरेंसिक वैन का भी अनुभव किया जा चुका है। दिल्ली इसका उदाहरण है। दिल्ली में इसका सफल प्रयोग किया गया। इसके तहत 7 वर्ष से अधिक सजा के प्रावधान वाले किसी भी अपराध के स्थल पर फॉरेंसिक साइंस लैबरोटरी (एफएसएल) की टीम पहुंचती है। इतना ही नहीं मोबाइल एफएसएल को भी लॉन्च किया गया। बता दें कि यह संकल्पना पूर्ण रूप से सफल है। यही वजह है कि अब हर जिले में 3 मोबाइल एफएसएल रहेंगी और अपराध स्थल पर जाएंगी। यौन हिंसा के मामले में भी पहले के कानून में फेर-बदल किया गया है। इसके अंतगर्त यौन हिंसा के मामले में पीड़ित का बयान अनिवार्य कर दिया गया है।

# देश की न्यायिक व्यवस्था में मील का पत्थर साबित होगा



कृष्णमोहन झा

एक जुलाई की तारीख भारतीय लोकतांत्रिक और न्यायिक व्यवस्था में मील का पत्थर साबित होगी। देश में पुराने आपराधिक कानून को समाप्त करके नए आपराधिक कानूनों को लागू किया गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के निर्देश पर केंद्रीय गृह मंत्रालय ने पहले देश की संसद में इसका मसौदा पेश किया। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने इसकी एक एक बात को सांसदों के समक्ष रखा। सदन ने जब इसे पास कर दिया, उसके बाद देश में यह कानून लागू हो सका है। पुराने आपराधिक कानूनों को निरस्त करना और नए कानूनों को अपनाना देश की वर्तमान वास्तविकताओं को दशार्ता है। भारतीय लोकाचार और संस्कृति को प्रतिबिंबित करने के लिए इन कानूनों का नाम बदला गया। जैसे कि भारतीय न्याय संहिता 2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 और भारतीय साक्ष्य अधिनियम 2023 - पुरातन ब्रिटिश औपनिवेशिक युग से प्रस्थान का प्रतीक है, जिसमें सजा पर न्याय पर जोर दिया जाता है। भारत सरकार ने जो तीन नए कानून भारतीय न्याय संहिता, 2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 और भारतीय साक्ष्य विधेयक, 2023 बनाए हैं, इसका उद्देश्य राष्ट्र की अद्वितीय सांस्कृतिक, ऐतिहासिक और सामाजिक पहचान की रक्षा करना तथा उसे पुष्ट करना है। अंग्रेजों द्वारा बनाए गए और अंग्रेजी संसद द्वारा पारित किए गए इंडियन पीनल कोड, 1860, क्रिमिनल प्रोसीजर कोड (1898), 1973 और इंडियन एवीडेंस एक्ट, 1872 कानूनों को सरकार ने समाप्त कर दिया है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी द्वारा 15 अगस्त को देश के सामने रखे गए पांच प्रण में से एक प्रण यह भी था कि गुलामी की सभी निशानियों को समाप्त करना। आज के ये तीनों विधेयक एक प्रकार से मोदी जी के इस एक प्रण की अनुपालना करने वाले हैं। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने आजादी से पहले के बनाए गए कानून को निरस्त करके उसे नए सुधारों के साथ देश में लागू करने का मन बनाया।



भारतीय न्याय संहिता विधेयक-2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता विधेयक-2023 और भारतीय साक्ष्य विधेयक, 2023 को लेकर राज्यसभा में हुई चर्चा के बाद केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह ने कहा कि हम इन पर अगस्त, 2019 से ही विचार-विमर्श, चर्चा, सलाह कर रहे थे। सिर्फ कानूनों के नाम नहीं बदले हैं, बल्कि इनके उद्देश्य के अंदर आमूलचूल परिवर्तन किया गया है। इन तीनों कानून का उद्देश्य दंड देने का नहीं है, बल्कि न्याय देने का है, इनमें न्याय का विचार है। हमारे भारतीय विचार में न्याय एक प्रकार से अंब्रेला टर्म है। 'न्याय' शब्द में गुनाह करने वाला और विक्टिम, जिसको गुनाह के कारण भुगतना पड़ा है, दोनों को समाहित करके न्याय की एक संपूर्ण कल्पना है।

कई लोग सवाल उठाते हैं कि जब देश में कानून है, तो इन नए कानून की जरूरत क्या है? ऐसे लोगों को जवाब देते हुए केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह ने कहा कि ऐसे लोगों को 'स्वराज' का मतलब ही मालूम नहीं है। 'स्वराज' का मतलब 'स्वशासन' से नहीं होता है। 'स्व' शब्द सिर्फ 'शासन' से जुड़ा हुआ नहीं है। 'स्वराज' मतलब - 'स्वधर्म' को जो आगे बढ़ाए, वह 'स्वराज' है, 'स्वभाषा' को जो आगे बढ़ाए, वह 'स्वराज' है, 'स्वसंस्कृति' को जो आगे बढ़ाए, वह 'स्वराज' है और 'स्वशासन' को जो प्रस्थापित करे, वह 'स्वराज' है। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी ने शासन परिवर्तन की लड़ाई नहीं लड़ी थी। गांधी जी ने 'स्वराज' की लड़ाई लड़ी थी और आज तक आप 75 सालों में से करीब-करीब 60 साल तक सत्ता में बैठे, लेकिन 'स्व' को जागृत करने का काम नहीं किया। 2014 से श्री नरेन्द्र मोदी ने इस देश की महान आत्मा को, 'स्व' को जागृत करने का काम किया है और वही आज भारत के उत्थान का कारण बना है। इससे पहले 11 अगस्त,2023 को लोकसभा में केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने भारतीय न्याय संहिता 2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 और भारतीय साक्ष्य विधेयक 2023 लोकसभा में पेश किए था।

श्री अमित शाह के अनुसार, कानून में कुल 313 बदलाव किए गए हैं, जो भारत के क्रिमिनल जस्टिस सिस्टम में एक आमूलचूल परिवर्तन लाएंगे और किसी को भी अधिकतम तीन वर्षों में न्याय मिल सकेगा। खासतौर से इस कानून में महिलाओं और बच्चो का विशेष ध्यान रखा गया है, अपराधियों को सजा मिले ये सुनिश्चित किया गया है और पुलिस अपने अधिकारों का दुरुपयोग ना कर सके, ऐसे प्रावधान भी किए गए हैं। एक तरफ राजद्रोह जैसे कानूनों को निरस्त किया गया है, दूसरी ओर धोखा देकर महिला का शोषण करने और मॉब लिंचिग जैसे जघन्य अपराधों के लिए दंड का प्रावधान और संगठित अपराधों और आतंकवाद पर नकेल कसने का काम भी किया है। अमित शाह ने सदन में आश्वस्त किया कि 1860 से 2023 तक अंग्रेजी संसद द्वारा बनाए गए कानूनों के आधार पर इस देश का क्रिमिनल जस्टिस सिस्टम चलता रहा। अब इन तीनों कानूनों की जगह भारतीय आत्मा के साथ ये तीन कानून स्थापित होंगे जिससे हमारे क्रिमिनल जस्टिस सिस्टम में बहुत बड़ा परिवर्तन आएगा।

15 अक्टूबर, 2022 को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विधि मंत्रियों और विधि सचिवों के अखिल भारतीय सम्मेलन के उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए कहा था कि हमारे जैसे विकासशील देश में एक स्वस्थ समाज के लिए और आत्मविश्वास से भरे समाज के लिए एक भरोसेमंद और त्वरित न्याय व्यवस्था की आवश्यकता पर जोर दिया। हर समाज में न्याय व्यवस्था और विभिन्न प्रक्रियाएं व परंपराएं समय अवधि की जरूरतों के अनुसार विकसित हो रही हैं। जब न्याय मिलता दिखाई देता है, तो संवैधानिक संस्थाओं के प्रति देशवासियों का भरोसा मजबूत होता है और जब न्याय मिलता है, तो आम आदमी का भरोसा बढ़ जाता है।

प्रधानमंत्री ने कहा था कि न्याय देने में देरी सबसे बड़ी चुनौती है और न्यायपालिका इस दिशा में पूरी गंभीरता के साथ काम कर रही है। वैकल्पिक विवाद समाधान के तंत्र पर प्रकाश डालते हुए, प्रधानमंत्री ने सुझाव दिया कि यह लंबे समय से भारत के गांवों में बेहतर रूप में उपयोग में लाया गया है और अब इसे राज्य स्तर पर प्रचारित किया जा सकता है। हमें यह समझना होगा कि इसे राज्यों में स्थानीय स्तर पर न्यायिक व्यवस्था का हिस्सा कैसे बनाया जाए। भारत के आपराधिक कानूनों में इन नए संशोधनों का उद्देश्य न्यायिक प्रणाली को अधिक प्रभावी, पारदर्शी, और आधुनिक बनाना है। ये सुधार न्यायिक प्रक्रिया को तेज और अधिक न्यायसंगत बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। नए आपराधिक कानूनों के तहत, यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि सभी नागरिकों को न्याय मिले और अपराधियों को उचित दंड मिले। इन सुधारों का उद्देश्य समाज में कानून और व्यवस्था को बनाए रखना और अपराधों को कम करना है।

# संस्कृत को सम्मान दें, दैनिक जीवन में स्थान दें



डॉ. मयंक चतुर्वेदी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने प्राचीन ज्ञान विज्ञान की समृद्ध भाषा 'संस्कृत' को सम्मान देने और दैनिक जीवन में अपनाने का आह्वान करते हुए आज जो कहा है वह प्रत्येक भारतवासी को गंभीरता से लेने की आवश्यकता है। वास्तव में इस प्राचीनतम एवं वैज्ञानिक भाषा से बहुत कुछ सीखने को मिलता है, इसीलिए ही उन्होंने मन की बात कार्यक्रम में संस्कृत में संवाद करते हुए कहा, "मम प्रियाः देशवासिनः अद्य अहं किञ्चित चर्चा संस्कृत भाषायां आरभे। यानी मेरे प्रिय देशवासियों आज मैं संस्कृत भाषा पर कुछ चर्चा शुरू करता हूं।" वस्तुतः इस भाषा की यह विशेषता ही है कि उसके बूते भारत वास्तवित अर्थों में भारत हो सका है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भी यहां यही समझाते दिखाई दे रहे हैं, "साथियों, संस्कृत की प्राचीन भारतीय ज्ञान और विज्ञान की प्रगति में बड़ी भूमिका रही है। आज के समय की मांग है कि हम संस्कृत को सम्मान भी दें, और उसे अपने दैनिक जीवन से भी जोड़ें। आजकल ऐसा ही एक प्रयास बेंगलुरू में कई और लोग कर रहे हैं। बेंगलुरू में एक पार्क है- कब्बन पार्क! इस पार्क में यहां के लोगों ने एक नई परंपरा शुरू की है। यहां हफ्ते में एक दिन, हर रविवार बच्चे, युवा और बुजुर्ग आपस में संस्कृत में बात करते हैं। इतना ही नहीं, यहाँ वाद- विवाद के कई सत्र भी संस्कृत में ही आयोजित किए जाते हैं। इनकी इस पहल का नाम है झ संस्कृत सप्ताहांत! इसकी शुरूआत एक वेबसाइट के जरिए समष्टि गुब्बी जी ने की है। कुछ दिनों पहले ही शुरू हुआ ये प्रयास बेंगलुरूवासियों के बीच देखते ही देखते काफी लोकप्रिय हो गया है। अगर हम सब इस तरह के प्रयास से जुड़ें तो हमें विश्व की इतनी प्राचीन और वैज्ञानिक भाषा से बहुत कुछ सीखने को मिलेगा।" यह सच भी है और इसे हमें खुले मन से स्वीकारना भी चाहिए।

वास्तव में भारत की सांस्कृतिक पहचान अगर आज पूरी दुनिया में है, तो उनमें से एक संस्कृत भाषा भी है। जिसे हम देव भाषा भी कहते हैं। इसके आंचल से ही हिन्दी, पाली, प्राकृत आदि कई भाषाएं विकसित हुई हैं, यह भाषा संस्कृति की तरह व्यापक है। संस्कृत भाषा हिन्दू धर्म, जैन धर्म, बौद्ध धर्म और सिख धर्म में संचार का पारंपरिक साधन रही है। संस्कृत साहित्य को प्राचीन कविता, नाटक और विज्ञान के साथ-साथ धार्मिक और दार्शनिक ग्रंथों में इस्तेमाल होने वाले विशेषाधिकार भी प्राप्त है। हम देखते भी हैं कि इतिहासकार अलब-ए-रूनी ने संस्कृत भाषा की विशेषता पर खूब चार्चा की है। इतिहासकार विल डूरान्ट लिखते हैं, "भारत की मातृभूमि कई प्रजातियों की जन्मदात्री रही है और संस्कृत यूरोपीय भाषाओं की जननी थी। इस प्रकार संस्कृत भाषा के महत्व को नकारा नहीं जा सकता। संस्कृत कंप्यूटर की कोडिंग के लिए सबसे उपयुक्त भाषा है। भारत की अधिकांश साहित्यिक रचनाएं, ग्रंथ, उपनिषद, संस्कृति, इतिहास और परम्परा से संबन्धित बाते संस्कृत में लिखी गईं हैं। इन ग्रंथों का अनुवाद कई भाषाओं में हुआ है मगर इसकी मौलिकता और जीवंतता संस्कृत भाषा में ही नीहित है। कालिदास की अद्भुत साहित्यिक कृतियां मेघदूतम, कुमारसंभव, बाणभट्ट की कादंबरी, पतंजलि के योग सूत्र, आध्यात्मिक ग्रंथ जैसे भगवद गीता, वेद, उपनिशद और बेशक दुनिया के महानतम महाकाव्य महाभारत और रामायण सभी मूल रूप से संस्कृत में लिखे गए ।"

प्रसिद्ध इतिहासकार और लेखक विलियम कुक टेलर के ये शब्द हैं, "इस भाषा की महारत हासिल करना लगभग जीवनभर का श्रम है, इसका साहित्य अंतहीन लगता है' जर्मनी जैसे कई देशों में इस विषय को लेगर गहन विचार मंथन हो रहा है। भाषाविद आज भी इसके शोध में लगे हैं।" महर्षि श्री अरबिंदों के शब्दों में "अगर मुझसे पूछा जाए कि भारत के पास सबसे बड़ा खजाना क्या है और उसकी सबसे बड़ी विरासत क्या है, तो मैं बिना किसी हिचकिचाहट के जवाब दूंगा कि यह संस्कृत भाषा और साहित्य है और इसमें वह सब कुछ है। यह एक शानदार विरासत है, और जब तक यह हमारे लोगों के जीवन को प्रभावित करती है, तब तक भारत की मूल प्रतिभा बनी रहेगी।" स्वामी विवेकानंद के अनुसार "भाषा ही उन्नत्ति का प्रतीक है।

## सूडोकु नवताल- 7114

★ ☆ ☆ ☆ ☆ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 9 | | | | 1 | | | |
| 5 | 4 | | | 6 | 8 | | 1 | 3 |
| | | 1 | | 7 | | 9 | 5 | |
| | 8 | 9 | | 5 | 3 | | 4 | 7 |
| | | | | | | | | |
| 6 | 1 | | 4 | 9 | | 2 | 3 | |
| | 3 | 4 | | 1 | | 8 | | |
| 7 | 5 | | 8 | 3 | | | 2 | 4 |
| | | | 6 | | | | 7 | 9 |


Jagranjosh.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल -7113 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 6 | 2 | 3 | 4 | 1 | 7 | 5 | 8 |
| 1 | 4 | 8 | 9 | 7 | 5 | 6 | 2 | 3 |
| 5 | 7 | 3 | 2 | 6 | 8 | 1 | 4 | 9 |
| 3 | 2 | 1 | 6 | 9 | 4 | 8 | 7 | 5 |
| 4 | 8 | 7 | 5 | 1 | 2 | 9 | 3 | 6 |
| 6 | 9 | 5 | 8 | 3 | 7 | 4 | 1 | 2 |
| 8 | 3 | 4 | 7 | 2 | 6 | 5 | 9 | 1 |
| 2 | 1 | 6 | 4 | 5 | 9 | 3 | 8 | 7 |
| 7 | 5 | 9 | 1 | 8 | 3 | 2 | 6 | 4 |

# अनीति से कमाया धन न सुख देता है न शांति: लक्ष्मी



संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पलामू जिले के अमानत नदी तट सिंगरा चातुर्मास यज्ञ स्थल पर लक्ष्मी प्रपन्न जीयर स्वामी जी ने कथा में कहा की अनीति और गलत रास्ते से कमाया गया धन मनुष्य का नैतिक पतन कर देता है। ऐसे अर्जित धन मन को अशांत और बेचैन रखता है. ऐसा धन परिवार में गलत संस्कार लता है। अनीति से अर्जित पैसा से सुंदर महल बना सकते है, महल में एसो आराम के संसाधन लगा सकते है। लक्जरी गाड़ी घोड़ा खरीद सकते हैं लेकिन फिर भी शांति नही मिलेगा। जब सुख भोगने का समय आएगा तब पता चलेगा किडनी फेल हो गया. लीवर फेल हो गया कई गंभीर बीमारी से ग्रस्त हो जायेंगे। अर्जित धन का आप भोग ही नही कर पाएंगे। इसीलिए हमेशा सही रास्ते और सदाचार के रास्ते ही पैसा और धन अर्जित करना चाहिए।

समधी की चर्चा करते हुए कहा की जब दोनो का सम बुद्धि हो वही समधी। जिसमे दोनो का अचार, व्यवहार एक समान हो वही समधी है। वर्तमान दौर में लोग दहेज के चक्कर में किसी को भी समधी बना ले रहे हैं। जात, संस्कार, धर्म संस्कृति कुछ नही देख रहे। शादी से पूर्व वर और वधू पक्ष को संस्कार, सभ्यता, संस्कृति, मयार्दा देख कर ही शादी करना चाहिए. दहेज रूपी पैसा पैर की धुली के समान होता है जो पैर धोते ही चला जाता है वैसे ही दहेज चला जायेगा।

**परमात्मा के लिए परमात्मा से जुड़े रहना ही ब्रह्चर्य, दूसरा वेद की आज्ञा के अनुसार चलना वेद का अनुपालन इसे स्वीकार करना भी ब्रह्मचर्य है**

समाधि के ऊपर कथा में कहा की जहा जाने से जिसे करने के बाद बुद्धि, चित, विचार शांत हो जाए वही समाधि है। भजन भाव करना उसमे परमात्मा का छवि का दर्शन करना भक्ति समाधि है। कर्म करते हुए मन को परमात्मा और सत्य में लगाना कर्म समाधि है। काम करते हुए नारायण का नाम जपना भी समाधि है।

ब्रह्मचर्य की चर्चा करते हुए बताया कि परमात्मा के लिए परमात्मा से जुड़े रहना ही ब्रह्चर्य। दूसरा वेद की आज्ञा के अनुसार चलना वेद का अनुपालन इसे स्वीकार करना भी ब्रह्मचर्य है। जन्म से मरण तक आजीवन अविवाहित रहकर सदाचार से जीवन जीना भी ब्रह्मचर्य है। सत्य दया परोपकार दुनिया में जितने भी अच्छे कर्म है उसे आचरण में उतारना भी ब्रम्भचर्य है। इससे पूर्व समय 4 से छह बजे तक झारखंड वीठाधीस्वर गोविंदाचार्य स्वामी जी ने राम चरित मानस कथा निवेदित किया।

# सेवानिवृत्त दूसरी पारी की शुरुआत, खुद को समाज व देश हित में लगाएं : अजहर

संवाददाता

**मेदिनीनगर।** चैनपुर में सेवानिवृत्ति जीवन में दूसरी पारी की शुरुआत है। विभाग या संस्था द्वारा निश्चित आयु सीमा पूरी करने के बाद कर्मचारी को सेवा निवृत होना पड़ता है। उक्त बातें रा. उर्दू उत्क्र. मध्य विद्यालय बीएमसी नेउरा के प्रधानाध्यापक एम.जे अजहर ने मोसर्रत जहां के सेवानिवृत्त होने पर विद्यालय में आयोजित विदाई सह सम्मान कार्यक्रम में कही। उन्होंने कहा कि सेवानिवृत्ति के पश्चात यदि स्वास्थ्य ठीक है तो समाज व देश हित में कार्य करने का भरपूर अवसर है। खुद को इस कार्य में लगाएं। कार्यक्रम की अध्यक्षता रेणु कुमारी जायसवाल



जबकि संचालन एम.जे. अजहर ने किया।अध्यक्षीय संबोधन में रेणु कुमारी जायसवाल ने कहा कि मुसर्रत मैम के सेवा काल में उन्हें नौकरी करने व जीवन जीने की कला सीखने का मौका मिला। उन्होंने कहा कि सेवानिवृत्ति के पश्चात उनका शेष जीवन सुखमय बीते, हम सब की यही कामना है। मोसर्रत जहां को अंग वस्त्र, बुके आदि देकर सम्मानित किया गया। विद्यालयी बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। मौके पर समसुद्दीन अंसारी, रेशमा कुमारी, राम प्रवेश सिंह, हलीमा खातून, नेहा श्रीवास्तव, मुकेश कुमार, मीना बीबी मजीदन बीबी, सैबुन बीबी, मुनिया खातून सहित सैकड़ो लोग उपस्थित थे। धन्यवाद ज्ञापन दीनानाथ कुमार ने किया।

## एक नजर

### चिकित्सा दिवस पर हरिहरगंज सीएचसी के चिकित्सको को अंग वस्त्र देकर किया सम्मानित



**हरिहरगंज।** सीएचसी में सोमवार को भाजपा नेता सह समाजसेवी चंदन प्रजापति द्वारा राष्ट्रीय चिकित्सा दिवस के अवसर पर एमबीबीएस डॉ गोपाल प्रसाद, संजीवनी हॉस्पिटल के संचालक डॉ अरविंद कुमार सहित अन्य चिकित्सा कर्मियों को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया। भाजपा ओबीसी मोर्चा के जिला मंत्री चंदन प्रजापति ने कहा कि धरती पर ईश्वर की अवधारणा के रूप में डॉ है। चिकित्सकों को धरती का भगवान कहा जाता है। कहा कि देशभर में चिकित्साको के योगदान को सम्मान देने के लिए 1 जुलाई को राष्ट्रीय चिकित्सा दिवस मनाया जाता है। चिकित्सकों ने भी अपने सम्मान के लिए आए हुए समाजसेवियों का आभार व्यक्त किया। इस मौके पर भाजपा प्रखंड मीडिया प्रभारी धर्मेंद्र कुमार गुप्ता, ओबीसी मोर्चा प्रखंड अध्यक्ष विवेक कुमार पटेल, डॉक्टर तोहिद अंसारी आदि मौजूद थे।

### सड़क दुघर्टना में एक युवक की मौत

**विश्रामपुर पलामू।** एनएच 75 स्थित पिपरा गांव विशाल ढाबा के निकट सड़क दुर्घटना में एक अधेड़ की मौत हो गई। मृतक का नाम रामजी भुईयां बताया जाता है। स्थानीय लोगों के द्वारा एनएच 75 सड़क को जाम कर दिया गया है। सड़क के दोनों किनारे वाहनों की लंबी कतार खड़ी है। इधर घटना की जानकारी मिलते हीं विश्रामपुर व नौगढ़ा ओपी घटना स्थल पर पहुंच मृतक रामजी भुईयां के शव को अपने कब्जे में लेकर लोगों से सड़क पर लगी जाम को हटाने की बातचीत कर रही है। जानकारी के अनुसार मृतक रामजी भुईयां एनएच 75 सड़क किनारे खड़े थे। इसी बीच पड़वा मोड़ से गढ़वा की ओर जा रही एक ट्रेलर अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खड़े रामजी को ठोकर मार दी। जिसमें घटना स्थल पर हीं मौत हो गई।

### शहर के बैरिया चौक और बाजार क्षेत्र में सड़क जाम से लोग परेशान

**मेदिनीनगर।** शहर के बैरिया चौक पर प्रतिदिन सड़क जाम की समस्या से लोगो को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। जिसके कारण सड़क पर पैदल चलने वालो को भी परेशानी हो रही है। इस जाम को हटाने में ट्रैफिक पुलिस के अधिकारी व जवान दिन भर परेशान रहते है। इसके बाद भी जाम की समस्या बना ही रहता है। जाम लगने का मुख्य कारण अतिक्रमण है। सड़कों के दोनों तरफ फुटपाथ पर छोटे-छोटे दुकानदार अपनी दुकानें लगा देते हैं। ठेले वाले कहीं पर भी खड़े हो जाते हैं। वही सड़क पर आड़े तिरछे खड़े वाहन जाम का मुख्य कारण बन रहे है।इस कारण लोगों को दस मिनट के रास्ते आधा घंटे में तय करना पड़ रहा है। वही शहर के पंजाब नेशनल बैंक रोड में तो स्थानीय दुकानदारों ने लगभग पूरे सड़क पर ही अपना कब्जा जमा लिया है।

### प्रसिद्ध भोजपुरी ब्यास कैलाश दुबे का निधन

**बिश्रामपुर (पलामू)।** प्रसिद्ध भोजपुरी ब्यास सह सेवानिवृत रेलकर्मी कैलाश दुबे का निधन हो गया। वे पिछले कुछ दिनों से बीमार चल रहे थे। रविवार को उनकी तबियत ज्यादा बिगड़ गई। उन्हे गढ़वा परमेश्वरी हॉस्पिटल ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। सोमवार को विश्रामपुर थाना क्षेत्र के गौरा गांव के शमशान घाट पर उनका दाह संस्कार किया गया। मुखागणी उनके नाती मृत्युंजय दुबे ने दी। यहां बताते चलें कि स्व कैलाश दुबे पत्रकार ब्रजेश दुबे के चचेरे चाचा थे। दाह संस्कार में युवा भाजपा नेता मनीष कुमार,दिनेश दुबे,पूर्व उप मुखिया गोपाल सिंह, संजय उपाध्याय, मोहन उपाध्याय,कमलेश उपाध्याय सहित काफी संख्या में लोग शामिल हुए। इधर उनके निधन पर कई लोगों ने शोक व्यक्त किया है। शोक व्यक्त करने वालों में पलामू सांसद विष्णु दयाल राम, पूर्व मंत्री सह विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी, वरीय कांग्रेसी नेता अमृत शुक्ला,जिला पार्षद विजय रविदास, सांसद प्रतिनिधि अनुज पांडेय, विधायक प्रतिनिधि राजन पांडेय, पूर्व प्रमुख संतोष चौबे, भाजपा नेता अजय दुबे सहित कई लोगों का नाम शामिल हैं।

### प्रशासन अवैध खनन को लेकर लगातार चला रही है अभियान

**हुसैनाबाद/पलामू।** प्रशासन अवैध खनन को लेकर लगातार अभियान चला रही है, वही अवैध कारोबारी प्रशासन से बच कर कारोबार करने के प्रयास में लगे हुए रहते है। एनजीटी के रोक के बाद भी बालू कारोबारी प्रशासन के आंख में धूल झोंक कर ले जाने के लिए नया तरीका अपनाने से बाज नही आ रहे है। ऐसे ही मामला पलामू जिला के हुसैनाबाद में सामने आयी है। रविवार को हुसैनाबाद के अंचल अधिकारी पंकज कुमार और देवरी ओपी प्रभारी बबलू कुमार के संयुक्त प्रयास से अवैध बालू कारोबारियों का नायाब तरीका का भंडाफोड़ किया गया है,जिसमे बालू के ऊपर स्टोन डस्ट की परत डाला हुआ एक बालू लोड ट्रैक्टर को जपला- देवरी मुख्य सड़क के महुराम के पास से जब्त किया गया है, जब्त ट्रैक्टर को देवरी ओपी थाना में रखा गया है।

# अफीम की खेती करने वाला आरोपी गिरफ्तार



संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पलामू जिले के तरहसी थाना क्षेत्र के अति सुदूरवर्ती और नक्सल प्रभावित इलाके गोइंदी से अफीम की खेती करने वाले सातवें आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। वह तीन वर्ष से फरार चल रहा था। गिरफ्तार प्रथिमिकी अभियुक्त की पहचान कुंवर यादव उर्फ राजकुंवर यादव पिता त्रिवेणी यादव के रूप में हुई है।

कुंवर यादव नक्सली गतिविधियों में शामिल रहा है। उसके खिलाफ मनातू थाना में 17 सीएलए एक्ट के तहत मामला दर्ज कर उसे वर्ष 2020 में जेल भेजा गया था। तरहसी थाना प्रभारी नीरज कुमार ने बताया कि गोइंदी के कुंवर यादव, पिता त्रिवेणी यादव के खिलाफ तरहसी थाना कांड संख्या 11/21 दिनाक 02/03/21 धारा 8 (बी)/18 एनडीपीएस एक्ट एवं 33 वन अधिनियम के तहत प्रथिमिकी दर्ज की गई थी। मामले में गुप्त सूचना के आधार पर कुंवर यादव को गिरफ्तार किया गया। थाना प्रभारी ने बताया कि कुंवर यादव से पहले 6 आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया था। सातवां आरोपी के रूप में कुंवर यादव फरार चल रहा था। वर्ष 2021 में कुंवर यादव ने गोइंदी के सात लोगों के साथ मिलकर और उग्रवादियों के संरक्षण में वन्य भूमि पर पोस्ता (अफीम) की खेती की थी। मामला दर्ज होने के बाद से कुंवर यादव लगातार फरार चल रहा था। कुंवर यादव मनातू के एक मामले में भी जेल जा चुका है। उग्रवादियों के साथ उसकी शांठ गांठ रही है।

## माओवादियों के लिए पोस्टर चिपकाने वाला गिरफ्तार, किए कई खुलासे

संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पलामू जिला पुलिस ने प्रतिबंधित नक्सली संगठन भाकपा माओवादियों के लिए पोस्टर चिपकाने वाले एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी ने पुलिस अधिकारियों के समक्ष कई अहम खुलासे किये हैं, जिसके बाद पुलिस इलाके में सर्च अभियान चला रही है। दरअसल, पलामू में लोकसभा चुनाव के दौरान पांडू मोहम्मदगंज हैदर नगर समेत कई इलाके में माओवादियों के द्वारा पोस्टरबाजी की गयी थी। माओवादियों ने पोस्टरबाजी के कई बातों का जिक्र किया था और रिवॉल्यूशनरी पीपुल्स कमेटी में लोगों को शामिल होने का आग्रह किया था। पुलिस ने पूरे



मामले में कार्रवाई करते हुए पोस्टर चिपकाने के आरोपी सुरेंद्र तिवारी को गिरफ्तार किया है। सुरेंद्र तिवारी पलामू के पांडू थाना क्षेत्र के बसडीहा के रहने वाले हैं। पलामू एसपी रीष्मा रमेशन ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली थी कि सुरेंद्र तिवारी की भूमिका माओवादियों के पोस्टर चिपकाने में है। पुलिस ने पूरे मामले में कार्रवाई करते हुए सुरेंद्र तिवारी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस की पूछताछ के दौरान सुरेंद्र तिवारी ने पुलिस को कई अहम जानकारियां दी हैं। इसके बाद पुलिस ने उसकी निशानदेही पर इलाके में सर्च ऑपरेशन चलाया जा रहा है। दरअसल, पलामू में लोकसभा चुनाव के दौरान 15 लाख इनामी माओवादी नितेश यादव के नेतृत्व में पोस्टर चिपकाया गया था। उस दौरान छह नामजद माओवादियों खिलाफ एफआईआर दर्ज किया गया था। पुलिस की जांच में इस बात का खुलासा हुआ था कि सभी पोस्टर को बिहार की इलाके में तैयार किया गया था।

### पुलिस ने आरोपी पत्नी को किया गिरफ्तार

**मेदिनीनगर।** छतरपुर थाना क्षेत्र में एक झोलाछाप डॉक्टर की एक नर्स ने हत्या कर दी है। झोलाछाप डॉक्टर और नर्स शादीशुदा थे और दोनों एक दूसरे से प्रेम करते थे। दोनों एक दूसरे के साथ छतरपुर में रहा करते थे। झोलाछाप डॉक्टर की हत्या करने के बाद नर्स भाग गई थी। पुलिस ने आरोपी नर्स को पकड़ लिया है। घटना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने पूरे मामले में छानबीन की तो चौंकाने वाली बात निकलकर सामने आई, जिसके बाद पुलिस ने आरोपी नर्स को गिरफ्तार कर लिया। झोलाछाप डॉक्टर अनुज कुमार यादव नौडीहा बाजार थाना क्षेत्र के ललगड़ा का रहने वाला था। छतरपुर एसडीपीओ नौशाद आलम ने बताया कि आरोपी नर्स को मेदिनीनगर के इलाके से गिरफ्तार किया गया है। नर्स ने ही झोलाछाप डॉक्टर की हत्या की है। पुलिस पूरे मामले में आगे की जांच कर रही है। प्रेम प्रसंग में घटना को अंजाम दिया गया है।

### प्रेम प्रसंग में युवक की हत्या, जांच में जुटी पुलिस

**मेदिनीनगर।** पलामू जिले के मेदिनीनगर नगर टाउन थाना क्षेत्र के नावाहाता में एक युवक की चाकू से गोदकर हत्या कर दी गई है, जिस जगह पर युवक की हत्या की गई है, वहां से युवक का घर कुछ ही दूरी पर है। घटना के बाद पुलिस ने एक संदिग्ध को हिरासत में लिया है। हत्या के सभी आरोपी मृतक के परिचित हैं।दरअसल सागर डोम नामक युवक अपने घर में था। रविवार की रात कुछ दोस्त उसके घर पर पहुंचे थे और उसे अपने साथ ले गए। बाद में घर से कुछ दूर पर मौजूद शौचालय के पास सागर डोम की चाकुओं से गोद कर हत्या कर दी गई। बाद में वहां से गुजर रहे लोगों ने देखा कि युवक सागर डोम खून से लथपथ पड़ा हुआ है. स्थानीय लोगों ने तत्काल इसकी जानकारी उसके परिजन और पुलिस को दी।

## न्यायिक सेवाओं में कमजोर वर्गो की व्यापक भागेदारी सुनिश्चित करनी चाहिए : शत्रुघ्न

संवाददाता

**मेदिनीनगर।** झारखण्ड क्रांति मंच के संस्थापक सह केन्द्रीय अध्यक्ष शत्रुघ्न कुमार शत्रु ने आज पटेल नगर स्थित आवास पर प्रेस वार्ता को सम्बोधित करते हुए आज से देश-भर में भारतीय न्याय संहिता 2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 एवं भारतीय साक्ष्य अधिनियम 2023 को आनन-फानन में लागू करने की कड़ी आलोचना करते हुए कहा है कि भारतीय संसद में विपक्ष के सैंकड़ों सांसदों को निलंबित कर बिना पर्याप्त बहश के पारित कराए गए। इन कानूनों को लागू कर मोदी सरकार देश को बेलगाम पुलिस राज में तब्दील कर विरोधियों को हमेशा के लिए जमींदोज कर मनु संहिता को नये रुप में थोपना चाहती है, जो निंदनीय है। प्रेस को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा है





कि भारत में किसी भी न्यायिक सुधार की प्रक्रिया को कानूनी रुप देने से पहले न्यायिक सेवाओं में कमजोर वर्गों की व्यापक भागेदारी सुनिश्चित करनी चाहिए। इस तरह के कानूनों को लागू करने से पहले संसद में गंभीर चर्चा के साथ लॉ कमिशन की सिफारिशों के अलावा निष्पक्ष न्यायविदों, कानूनविदों के अलावा भारत के संदर्भ में विभिन्न तरह के अपराधों की वैज्ञानिक विवेचना के बाद लोगों से व्यापक सुझाव लेकर ऐसे कानूनों को सही रुप में लागू करना चाहिए था।

### जहरीला सांप काटने से एक युवती घायल

**मेदिनीनगर।** चैनपुर थाना क्षेत्र के सेमरा गांव निवासी अनवर अंसारी की पुत्री हबीबा खातून उम्र 16 वर्ष को रविवार की रात जहरीला सांप ने काटकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। इसके बाद परिजनों के द्वारा घायल हबीबा खातून को इलाज के लिए चैनपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया जहां इलाज के बाद भी चिकित्सको ने उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे बेहतर इलाज के लिए मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया। जहां इलाज के बाद भी चिकित्सको ने हसीबा खातून की गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे रांची रिम्स रेफर कर दिया है।वही इस घटना के बारे में परिजनों ने बताया कि रविवार की शाम हसीबा खातून अपने मुर्गी को गोरने गई थी। इसी बीच मुर्गी गोरने के क्रम में जहरीला सांप के मुंह में उसकी उंगली चला गया।और सांप ने उसे काट कर गंभीर उसे घायल कर दिया। जिसमें उसकी स्थिति गंभीर हो गई। घायल का इलाज मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज अस्पताल में चल रहा है।

## जेल प्रशासन की ओर से बन्दियों को आपराधिक कानून की दी जानकारी

संवाददाता

**मेदिनीनगर।** जेल आईजी के निर्देश पर केंद्रीय कारा मेदिनी नगर में सोमवार को पहली जुलाई से लागू हो रहे तीन नए आपराधिक कानून को लेकर बन्दियों को जानकारी दी गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव अर्पित श्रीवास्तव ने लीगल एड डिफेंस काऊंसिल के अधिवक्ताओं के साथ कानून की बारीकियों की जानकारी दी।

उन्होंने कहा कि न्याय को सुलभ बनाने व जल्द से जल्द न्याय लोगो को मिल सके। इसलिए पुराने कानून को बदलकर नए कानून लागू किये गए है। उन्होंने कहा कि देश मे अंग्रेज के जमाने का कानून था।इसमे काफी बदलाव का जरूरत था।क्योंकि



अब नई टेक्नोलॉजी आ गई है।बर्तमान समय मे टेक्नोलॉजी की क्रांति आई है उन्होंने कहा कि अब जीरो एफ आई आर का प्रावधान किया गया हैं। साथ ही एफ आई आर ऑनलाइन दर्ज करने का भी प्रावधान हैं। उन्होंने कहा कि कम्प्लेन केस में पहले शिकायत कर्ता कोर्ट में आता था दो तीन गवाह लाता था अभियुक्त के बिना सुने न्यायालय के द्वारा मुदालय पर सम्मन निर्गत हो जाता था।लेकिन नए कानून में अब मुदालय का भी पक्ष सुना जाएगा।

### सोना दुकान से 50 लाख की चोरी

**मेदिनीनगर।** पलामू के छतरपुर थाना परिसर से महज 300 फीट की दूरी पर स्थित मुख्य बाजार में स्थित बृज बिहारी सोनी की ज्वेलर्स दुकान से उच्चके ने 50 लाख के सोना और चांदी के जेवर उड़ा ले गये। घटना रविवार की देर शाम करीब 7:45 बजे की बतायी जाती है. सूचना मिलने पर पुलिस का गस्ती दल घटना स्थल पर पहुंची। सीसीटीवी के माध्यम से युवक को थैला लेकर जाते देखा गया। जानकारी के अनुसार प्रतिष्ठा के मलिक बृज बिहारी सोनी दुकान बंद कर शटर लगाने की तैयारी कर रहे थे। जेवर से भरे थैला को दुकान के दरवाजे के पास रखकर बाइक के डिक्की में सब्जी रखने गये थे। इसी क्रम में एक उच्चका ने थैला लेकर निकल गया। बृज बिहारी सोनी सब्जी रख जब दुकान में लौटे तो देखा की थैला गायब है। इसके बाद ढूंढने लगा, लेकिन काफी खोजबीन के बाद भी नहीं मिला। बृज बिहारी सोनी ने बताया कि वह रोजाना दुकान से सामान घर ले जाते थे।

### पढ़ाई के साथ-साथ खेल भी जरूरी : संग्राम

**मेदिनीनगर।** एक दिवसीय प्रखण्ड स्त्रीय सुब्रतो मुखर्जी कप फुटबॉल टूर्नामेंट प्रतियोगिता 2024-25 का आयोजन +2 हाई स्कूल पाटन के खेल मैदान में आयोजित किया गया। जिसका उद्घाटन पाटन जिला परिषद सदस्य संग्राम सिंह, अंचल अधिकारी दीपक मिश्रा केल्हार पंचायत के मुखिया श्री मोहम्मद जैनुल सिद्दीकी बीससूत्री अध्यक्ष रामानंद पाण्डेय प्रधानाध्यापक, संतोष कुमार पाटन के प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी एवं अन्य सदस्य खेल प्रतिभागी इत्यादि लोगों ने क्षेत्र काटकर खेल की शुरूआत की। सोमवार को पहला मैच पाटन हाई स्कूल तथा किशनपुर हाई स्कूल के बीच लड़कों का फुटबॉल मैच खेला गया, जिसमें किशनपुर हाई स्कूल के बच्चो ने जित हासिल किया, जिला परिषद संग्राम सिंह ने कहा कि खेल से भौतिक शारीरिक और मानसिक सभी तरह का विकाश होता है। पढ़ाई के साथ-साथ खेल में भी खुद को कंस्ट्रेट करना चाहिए हमे गर्व होगा जब हमारे क्षेत्र पाटन से निकल कर जिला, राज्य के अलावे देश मे बच्चे खेल सके वैसे खिलाड़ी को हम हमेसा प्रोत्साहित करते आए हैं की पढ़ाई अथवा खेल के क्षेत्र में कोई भी छात्र/छात्रा ऐसे जो किसी भी अभाव में दिकत का सामना कर रहे हो वैसे को हमेशा मदद को तैयार हूं।

## सहायक अध्यापक संघर्ष मोर्चा के तत्वावधान में निकाली गई मशाल जुलूस

संवाददाता

**हुसैनाबाद/पलामू।** सहायक अध्यापक संघर्ष मोर्चा हुसैनाबाद प्रखंड इकाई द्वारा प्रदेश कमिटी संघर्ष मोर्चा के आह्वाहन पर अनुमंडलीय अध्यक्ष पप्पू पटेल तथा आंकलन सफल सहायक अध्यापक संघर्ष मोर्चा हुसैनाबाद के संयुक्त अध्यक्षता में और प्रखंड सचिव बैद्यनाथ पासवान उपाध्यक्ष रामप्रवेश राम मीडिया प्रभारी अनिल पासवान तथा महामंत्री संतोष पासवान के नेतृत्व में प्रखंड हुसैनाबाद के सभी सहायक अध्यापक तथा सक्रिय साथियों एवं सभी आम सहायक अध्यापक अध्यापिका की सहयोग एवं सभी कि उपस्थिति में शहर के राजकीय उर्दू मध्य विद्यालय हुसैनाबाद के प्रांगण से मशाल जुलूस के माध्यम से वेतनमान पाने के लिए आंदोलन का आगाज किया गया। मशाल जुलूस शहर के अंबेडकर चौक होते हुए जयप्रकाश चौक पर मशाल जुलूस समापन किया





जायेगा। मशाल जुलूस से पूर्व सहायक अध्यापकों ने बैठक की जिसकी अध्यक्षता अनुमंडलीय अध्यक्ष पप्पू पटेल और आंकलन सफल सहायक अध्यापक संघर्ष मोर्चा हुसैनाबाद के अध्यक्ष अभिषेक शर्मा के द्वारा संयुक्त रूप से किया गया।

बैठक को संबोधित करते हुए अभिषेक शर्मा ने संगठन की मजबूती पर अपनी बात रखी। अनुमंडलीय अध्यक्ष पप्पू पटेल ने बैठक बैठक को सम्बोधित करते हुए कहा कि आगे के कार्यक्रम को सफल बनाने और आपसी एकता बनाए रखने के साथ साथ सरकार को समान कार्य का सामान वेतन बिहार राज्य के तर्ज पर अपना वादा पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को झारखंड मुक्ति मोर्चा का सरकार बनते ही सहायक अध्यापक को तीन माह के अंदर वेतनमान दिया जायेगा, याद कराया और कहा कि सरकार अगर हमारी मांगे सहानुभूति पूर्वक पूरा नहीं करती है तो 08/07/2024 को पलामू उपायुक्त महोदय को माननीय मुख्यमंत्री के नाम संघर्ष मोर्चा अपना मांग पत्र देगी। इसके बाद भी हमारी मांगे पूरी नहीं हुई तो अनिश्चित कालीन मुख्यमंत्री आवास का घेराव दिनांक 20/07/2024 से किया जायेगा।

## खेल से बच्चों में होता है सर्वांगीण विकास: गीता

संवाददाता

**मेदिनीनगर।** खेल से बच्चों में सर्वांगीण विकास होता है। खेल पढ़ाई का एक हिस्सा है। उक्त बातें पंडवा प्रखंड प्रमुख गीता मेहता ने उपस्थित बच्चों को संबोधित करते हुए कही वे सोमवार को कोकरसा के खेल मैदान में आयोजित प्रखंड स्तरीय सुब्रतो कप फुटबॉल प्रतियोगिता में बतौर मुख्य अतिथि बोल रही थी।कहा कि अब के दौर में आप सभी अपना कैरियर खेल के क्षेत्र में भी बना सकते हैं। मौके पर बीडीओ चंद्रदेव प्रसाद ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि खेल हमें नैतिक और संयमित रहने का पाठ पढाता है। कहा कि खेल हमें अनुशासित बनता है। खेल को खेल भावना की तरह खेलना चाहिए। खेल में हार जीत से विचलित नहीं होना चाहिए। इससे पूर्व कार्यक्रम का उद्घाटन बीडीओ चंद्रदेव प्रसाद और प्रमुख गीता मेहता ने संयुक्त रूप से फिता काट



कर किया। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक रामानुज प्रसाद व अभय द्विवेदी ने संयुक्त रूप से किया। प्रतियोगिता को सफल बनाने में लेखपाल जयप्रकाश ठाकुर का अहम योगदान रहा। आज के इस प्रतियोगिता में उच्च विद्यालय लामी पतरा, प्लस टू सुरत उच्च विद्यालय लोहड़ा, उत्क्रमित उच्च विद्यालय दुलही उमवि मुरमा,कोकरसा, लोहड़ी, लामी, मध्य विद्यालय पतरा, तेलियाही के बच्चे भाग लिए। इस मौके पर शिक्षक नंदकुमार, अनिल, रंजीत, बीपीएम जरीना, शशि भूषण, आनंद, लाल बाबू, बीआरपी ओमप्रकाश सिंह, सुभाष चन्द्र, दिलीप सहित दर्जनों उपस्थित थे।

एक नजर

## कोचबिहार में चलती बस में डकैती, बाधा देने से चली फायरिंग




**कोलकाता।** कोचबिहार में चलती बस में डकैती। आरोप है कि लूटपाट के दौरान बाधा देने पर बदमाशों ने फायरिंग कर दी। यह घटना कोचबिहार में बांग्लादेश सीमा के पास घोक्साडांगा में हुई। बताया जा रहा है कि बस सोमवार सुबह घोक्साडांगा से नबद्वीप की ओर जा रही थी। तीन लोग सड़क से बस में चढ़े। थोड़ी दूर जाने के बाद ये अपनी पहचान बना लेते हैं।यात्रियों को आग्नेयास्त्रों से धमकाया गया और कीमती सामान जब्त कर लिया गया। बस चालक के सिर पर बंदूक तानकर बस को रोका गया। बस का कंडक्टर गंभीर रूप से घायल हो गया। इस बीच, यात्रियों द्वारा लूटपाट रोकने पर बदमाशों ने बस के अंदर फायरिंग कर दी। घटना के बाद पुलिस मौके पर पहुंची। लेकिन तब तक अपराधी लूटपाट की घटना को अंजाम देकर भाग चुके थे। लुटेरों का घटना सुनने के बाद पुलिस ने जांच शुरू की।

## रहस्यमई तरीके से नवादा से 5 बालक लापता

**नवादा।** नवादा जिले के धमाल थाने के तुर्कावन गांव से पांच लड़के रहस्यमय तरीके से लापता हो गये है, जिसकी सूचना परिजनों ने थाने में देकर कार्रवाई की मांग की है। इस घटना के बाद गांव में मातम का माहौल है । थाना प्रभारी ने बताया कि गांव के तनिष्क कुमार ,कुंदन कुमार, पंकज कुमार, छोटू उर्फ रणधीर कुमार, रिशु कुमार रविवार की शाम से ही रहस्यमय तरीके से गायब हो गए हैं,जिसकी सूचना सोमवार को ग्रामीणों ने आकर थाने को दी है। पुलिस इसे एक गंभीर मामला मानते हुए जांच कर रही है । संभावना व्यक्त की जा रही है कि अपहरणकर्ता गिरोह के लोगों ने ही इस घटना को अंजाम दिया है ।सभी लड़कों का उम्र 10 से 12 वर्ष के बीच है। पुलिस का मानना है कि इतने कम उम्र के बच्चों का लपता होना एक गंभीर मामला है ।समाज में बच्चों को जागरूक करना जरूरी है ।

## जिला क्रिकेट संघ ने भारत के टी 20 विजेता बनने पर मनाया जश्न

**अररिया।** भारतीय टीम के टी 20 विश्व कप विजेता बनने पर क्रिकेट प्रेमियों के जश्न मनाने का दौर लगातार जारी है।सोमवार को नेताजी सुभाष स्टेडियम में अररिया जिला क्रिकेट संघ के बैनर तले जिला क्रिकेट संघ के खिलाड़ियों और जिला क्रिकेट अकादमी में क्रिकेट के गुर सीख रहे छोटे छोटे नौनिहाल क्रिकेटरों ने भारतीय टीम के जीत का जश्न मनाया। जिला क्रिकेट संघ द्वारा बच्चों सहित मौजूद क्रिकेट प्रेमियों के बीच मिठाई का वितरण किया।एक दूसरे का मुंह मीठा करवाकर मौजूद क्रिकेट प्रेमियों ने जश्न मनाया।मौके पर बिहार क्रिकेट संघ के जिला प्रतिनिधि ओम प्रकाश जायसवाल, अररिया जिला क्रिकेट संघ सदस्य सत्येन्द्र नाथ शरण, सचिव सुनील कुमार, कोषाध्यक्ष अमित सेनगुप्ता सहित अन्य किक्रेट प्रेमी मौजूद थे।

## मंदिर के पास युवक का शव बरामद

**नवादा ।** नवादा जिले के कौआकोल थाना क्षेत्र के बड़राजी-विशनपुर मुख्य पथ पर बजरंगबली मन्दिर के पास सोमवार को बंसेड़ी से पुलिस ने एक युवक का शव बरामद किया है। बरामद शव थाना क्षेत्र के रामपुर बलुआ गांव निवासी सेवानिवृत्त पंचायत सचिव बैजनाथ यादव के 30 वर्षीय पुत्र सुबोध यादव की है। आशंका जताई जा रही है कि युवक ने आत्महत्या की है। घटनास्थल के पास सल्फास की टिकिया के खाली प्लास्टिक भी बरामद किया गया है। परिजन का कहना है कि हत्या कर लाश को फेंक दिया गया है,जिसकी जांच की भी मांग की है ।स्थानीय ग्रामीणों के अनुसार युवक ने दो-तीन दिन पूर्व भी गांव में ही आत्महत्या का प्रयास किया था। वहीं स्थानीय लोगों की मानें तो मृतक शराबी किस्म का युवक था। थानाध्यक्ष ने शव बरामदगी की पुष्टि करते हुए बताया कि ग्रामीणों से मिली सूचना के आलोक में पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए नवादा भेज दिया है। प्रथम द्दष्टया मामला आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## शेखपुरा में एक्सिस बैंक से अपराधियों ने लूटे 50 लाख रुपए

**पटना ।** शेखपुरा के बरबीघा थाना क्षेत्र में एक्सिस बैंक में घुसकर सोमवार को बेखौफ अपराधियों ने हथियार के बल पर 50 लाख रुपए लूट लिये। घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंचे पुलिस के वरीय अधिकारी के नेतृत्व में अपराधियों की पहचान के लिए सीसीटीवी फुटेज को खंगाला जा रहा है। बरबीधा के श्रीकृष्ण चौक के पास स्थित एक्सिस बैंक की शाखा में हुई इस लूट की घटना का वीडियो सामने आया है। वीडियो में देखा जा रहा है कि बैंक खुलते ही अपराधी आ धमके और कर्मियों को पिस्टल की नोंक पर बंधक बना लेते है और जमकर लूटपाट करते है। इस दौरान बैंक में आये ग्राहकों के साथ भी लूटपाट करते है।

# सीपीआईएमएल ने भाजपा व तृणमूल से बराबर दूरी की रणनीति अपनाई

**राज्य में अन्य वामपंथी और लोकतांत्रिक ताकतों के साथ मिलकर समन्वित आंदोलन चलाने पर भी जोर दिया गया है**




एजेंसी

**कोलकाता।** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी-लेनिनवादी) अब पश्चिम बंगाल में तृणमूल कांग्रेस और भाजपा दोनों से समान दूरी की रणनीति अपनाएगी। कोलकाता में रविवार देर शाम समाप्त हुई माकपा की दो दिवसीय राज्य समिति की बैठक में इस बारे में फैसला लिया गया। पार्टी के एक वरिष्ठ नेता ने सोमवार को नाम उजागर नहीं करने की शर्त पर इस बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पश्चिम बंगाल में चार विधानसभा क्षेत्रों के लिए आगामी उपचुनावों के लिए पार्टी की यही रणनीति होगी। इसमें माकपा नेतृत्व सीधे लोगों से कांग्रेस-वाम मोर्चा गठबंधन के उम्मीदवारों को वोट देने की अपील कर रहा है। सीपीआई (एमएल) के महासचिव दीपंकर भट्टाचार्य ने स्पष्ट किया है कि भाजपा और तृणमूल कांग्रेस से समान दूरी बनाए रखने का फैसला मुख्य रूप से भ्रष्टाचार के मुद्दे पर है। क्योंकि दोनों पार्टियों के लिए अलग-अलग दृष्टिकोण रखने का कोई कारण नहीं है। दरअसल, भाकपा (माले) के अंदरूनी सूत्रों ने बताया कि राज्य समिति की बैठक में इस बात पर विस्तृत चर्चा हुई कि पार्टी किस तरह केंद्रीय स्तर पर भाजपा और राज्य स्तर पर तृणमूल कांग्रेस के खिलाफ समानांतर आंदोलन चलाएगी। अंदरूनी सूत्रों ने बताया कि यह तय किया गया है कि पश्चिम बंगाल में तृणमूल कांग्रेस के खिलाफ पार्टी जिन दो मुद्दों पर जोर देगी, वे हैं भ्रष्टाचार और सत्तारूढ़ पार्टी के एक वर्ग की मनमानी। बैठक में राज्य में अन्य वामपंथी और लोकतांत्रिक ताकतों के साथ मिलकर समन्वित आंदोलन चलाने पर भी जोर दिया गया है। संयोग से, भाजपा और तृणमूल कांग्रेस से समान दूरी के संबंध में पार्टी की नई लाइन हाल ही में संपन्न लोकसभा चुनावों में माकपा की लाइन के विपरीत है, जहां पार्टी नेतृत्व ने भाजपा को वोट न देने का आह्वान किया था। हालांकि माकपा ने इंडी गठबंधन में तृणमूल की मौजूदगी का विरोध नहीं किया था। बल्कि, लोगों से अपील थी कि वे भाजपा को हराने में सक्षम किसी भी पार्टी को वोट दें।

## मयनागुड़ी में 5 टोटो सहित दो बाइक बरामद, 3 गिरफ़्तार

**कोलकाता।** मयनागुड़ी थाने को फिर मिली सफलता। चोरी की 5 टोटो सहित दो बाइक बरामद की गई। इस घटना में धूपागुड़ी से दो युवक और फालाकाटा से एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस के मुताबिक आरोपियों में जगा बर्मन का घर फलकट्टा में है। बाकी 2 आरोपी अजय रॉय और मनोज रॉय हैं। पता चला है कि मयनागुड़ी में काफी समय से एक के बाद एक टोटो चोरी की शिकायतें आ रही थीं। इस घटना की जांच कर फालाकाटा से एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने उससे पूछताछ की और 2 और आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। इससे पहले मयनागुड़ी पुलिस ने चोरी की 9 बाइक बरामद की थी।

# गाड़ी का धुआं अत्यधिक होने पर ही सिग्नल हरा, कमाल एआई तकनीक

संवाददाता

**कोलकाता।** गाड़ी के धुएं से होने वाले वायु प्रदूषण को कम करने के लिए लालबाजार आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की मदद ले रहा है। लाल सिग्नल तभी हरा होगा जब ट्रैफिक सिग्नल पर अधिक संख्या में वाहन खड़े हों और प्रदूषणकारी धुआं छोड़ रहे हों। परिणामस्वरूप, वे गाड़ी सिग्नल पर रुके बिना आगे बढ़ जाएंगी। कोलकाता के कुछ ट्रैफिक सिग्नलों में यह सिस्टम प्रायोगिक तौर पर शुरू हो चुका है। अगर यह सफल रहा तो इस सिस्टम को पूरे कोलकाता में लॉन्च किया जायेगा।



कोलकाता में प्रदूषण का मुख्य कारण वाहन कार्बन उत्सर्जन है। एक पुलिस सर्वेक्षण के अनुसार, शहर के प्रमुख सड़क जंक्शन सबसे अधिक प्रदूषित हैं। और इस प्रदूषण के लिए जिम्मेदार है गाड़ी से लगातार निकलने वाला धुआं। पुलिस के अनुसार, कार्बन उत्सर्जन के कारण वायु प्रदूषण शहर के किसी भी अन्य खुले स्थान की तुलना में प्रमुख सड़क जंक्शनों पर लगभग 29 गुना अधिक है। ट्रैफिक सिग्नल लाल होने के बाद गाड़ी नियमानुसार रूकती है। इंजन चलते ही एक के बाद एक काला धुआं निकलने लगती है। और इसके साथ ही कार्बन बाहर निकलने लगता है, जो वायु प्रदूषण का कारण बनता है। अध्ययन में पुलिस ने पाया कि जिन चौराहों पर लाल सिग्नल पर गाड़ी एक से तीन मिनट तक खड़ी रहती हैं, उन चौराहों के आसपास वायु प्रदूषण अधिक होता है। यह भी देखा गया है कि गैर-वातानुकूलित वाहनों के यात्री लगातार धुएं के कारण असहज महसूस करते हैं। यहां तक कि कई लोगों को सांस लेने में भी दिक्कत हो रही है। फिर, अगर किसी कारण से शहर की सड़क पर ट्रैफिक जाम हो जाता है, तो वायु प्रदूषण की यह समस्या भी बढ़ जाती है।

इस वायु प्रदूषण को नियंत्रण में लाने के लिए लालबाजार ट्रैफिक विभाग गूगल की आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की मदद ले रहा है। गूगल अपनी कृत्रिम बुद्धिमत्ता का उपयोग यह पता लगाने के लिए कर रहा है कि कौन सा सड़क जंक्शन या दिशा अधिक कार्बन उत्सर्जित करके वायु प्रदूषण पैदा कर रहा है। तुरंत वह सूचना स्वचालित रूप से लालबाजार के ट्रैफिक कंट्रोल रूम तक पहुंच रही है। ट्रैफिक कंट्रोल अधिकारी जंक्शन पर ड्यूटी पर तैनात अधिकारियों या ट्रैफिक सिग्नल पर मौजूद पुलिसकर्मियों को लाल सिग्नल को हरा करने का निर्देश दे रहे हैं। नतीजा यह हुआ कि जो गाड़ी खड़ी रहने के कारण वायु प्रदूषण फैला रही थीं, अब गाड़ी के चलने से वहां से वायु प्रदूषण कम हो रहा है। वहीं, वायु प्रदूषण दोबारा शुरू होने पर आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के जरिए वाहन सिग्नल को बदला जा रहा है।

# गरीबों को घटिया चावल आपूर्ति करने वाले चार राइस मिल मालिकों पर प्राथमिक दर्ज

एजेंसी

**नवादा ।** प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के तहत घटिया चावल की आपूर्ति कर लाखों का बारा- न्यारा करने वाले नवादा जिले के चार मील मालिकों पर सोमवार को रजौली के एसडीओ आदित्य कुमार पीयूष ने प्राथमिक की दर्ज कराई है ।ताकि व्यवस्था में सुधार हो सके । नवादा जिले के प्रभारी मंत्री डॉ प्रेम कुमार के सामने रजौली के विधायक प्रकाश वीर ने गरीबों के मिलने वाले चावल को जानवरों के खाने लायक भी नहीं बताया था,जिसके बाद मंत्री डॉ प्रेम कुमार ने अधिकारियों को सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए थे। रजौली के अनुमंडल पदाधिकारी आदित्य कुमार पीयूष ने अपने अनुमंडल



क्षेत्र के डीलरों की बैठक कर घटिया चावल का नमूना की मांग की थी । उन्होंने बताया कि डीलरों ने इतना खराब चावल लाया, जिसे जानवरों को भी नहीं खिलाया जा सकता था ।निश्चित तौर पर मिल मालिकों के इस तरह के रवैए अमानवीय कहै जा सकते हैं। एसडीओ आदित्य कुमार पीयूष ने घटिया चावल आवृत्ति करने वाले मां तारा एग्रो राइस मिल वारिसलीगंज ,त्रिमुला राइस मिल नारदीगंज ,दरावा राइस मिल कौवाकोल तथा तैयार राइस मिल के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराकर सख्त कार्रवाई किए जाने की बात कही गई हक। अनुमंडल पदाधिकारी ने बताया कि सरकारी दर पर मिलने वाले अनाज सब मिलाकर लगभग 38 रुपये किलो की दर से पड़ता है ।जिसकी भरपाई देश के अधिकारियों ,व्यवसाइयो तथा नागरिकों द्वारा दिए गए टैक्स के पैसे से की जाती है ।वहीं राइस मिल मालिक इसे खैरात समझकर घटिया चावला आपूर्ति कर रुपए लूटने में लगे हुए हैं। जिसे किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा । उन्होंने कहा कि गरीबों को लूटने वाले इन मिल मालिकों के विरुद्ध जांच कर सख्त अपराधी कार्रवाई की जाएगी ।

## बस मालिक संघ ने पत्र लिखकर किराया बढ़ाने की मांग की

**कोलकाता।** बस ओनर्स एसोसिएशन ने परिवहन मंत्री और सचिव को पत्र लिखकर बस किराया बढ़ाने का अनुरोध किया है। 2018 में आखिरी बार किराया एक टका बढ़ाया गया था। तब से प्राइवेट बस का किराया नहीं बढ़ा है। इसलिए बस मालिकों का संगठन परिवहन विभाग से बस किराया बढ़ाने की मांग कर रहा है। उनका तर्क है कि 2020 की कोविड महामारी के दौरान हुए लॉकडाउन ने निजी परिवहन बुनियादी ढांचे को पूरी तरह से नष्ट कर दिया है। इसके साथ ही बस चलाने की लागत भी बढ़ गई है। इसलिए उन्होंने दोबारा परिवहन विभाग को पत्र लिखकर किराया बढ़ाने की मांग की। पत्र में कहा गया है कि पिछले कुछ वर्षों में निजी बस परिवहन की लागत में बेतहाशा वृद्धि हुई है।

# भारत के विश्व विजेता बनने पर फारबिसगंज में निकाली गई भव्य रैली, जमकर झूमे क्रिकेट प्रेमी



एजेंसी

**फारबिसगंज/अररिया।** भारत के विश्व विजेता बनने पर फारबिसगंज में द अरविन्द स्टोर ने सोमवार को भव्य रैली निकाली। भारत बनाम साउथ अफ्रीका का टी20 वर्ल्ड कप का लाइव प्रसारण शुरू होने के बाद क्रिकेट प्रेमियों में भारत की जीत को लेकर काफी उत्साह नजर आ रहा था। मैच शुरू होते ही सड़कों पर सन्नाटा पसर गया था। सभी के निगाहें वेस्टइंडीज में हो रहे भारत-साउथ अफ्रीका टी20 विश्व कप पर लगी हुई थी। एक ओर जहां साउथ अफ्रीका पहली बार विश्व विजेता बनने के लिए मैदान में उतरा था। वहीं भारत टी20 वर्ल्ड कप में दूसरी बार अपना परचम लहराने के लिए मैदान पर उतरा था। भारत 2007 में पहली बार टी20 का विश्व विजेता बना था। एक बार फिर भारत विश्व विजेता बना है। फारबिसगंज में भारत के विश्व विजेता बनने पर दिवाली जैसा माहौल देखने को मिला चारों ओर आतिशबाजी और भारत माता की जय घोष के नारे सुनने और देखने को मिले। हर कोई भारत की जीत को अपने तरह से मना रहा था। भारत की जीत उस समय हुई जब आधा भारत सो जाता है। लेकिन भारत को वर्ल्ड कप जीतता देखने के लिए पूरे भारत की निगाह टीवी पर टिकी हुई थी। जैसे ही भारत की जीत हुई चारों ओर आतिशबाजी देखने को मिली। फारबिसगंज में भी सड़कों पर युवाओं ने भारत की जीत का जमकर जश्न मनाया। युवाओं ने एक दूसरे को मिठाई खिलाई और भारत माता की जय घोष के नारे लगाए। फारबिसगंज शहर में द अरविन्द स्टोर द्वारा भव्य रैली निकाला गया, जहाँ शहर के सड़कों पर युवाओं ने हाथ में तिरंगा झंडा और वर्ल्ड कप लेकर भारत की जीत का जश्न मनाया और डीजे के धुन पर खूब थिरकते हुए देखे गए। अरविंद स्टोर द्वारा निकाला गया ये जुलूस शहर के विभिन्न चौराहों होते हुए शहर का परिभ्रमण किया वही, इस जुलूस में सैकड़ों के संख्या में युवा मौजूद थे।

## नालंदा में दो नकली सिपाही गिरफ्तार

**बिहारशरीफ।** नालंदा पुलिस ने दो नकली सिपाही को गिरफ्तार किया है। दोनों की करतूत सुनकर पुलिस महकमा भी भौचक है। पुलिस की वर्दी पहन कर दाएं बाएं करने वाले यह दोनों शातिर शेखपुरा जिले के बरबीघा के रहने वाले है। दोनों ने बिहार शरीफ में किराए का मकान ले रखा था। एक महिला की शिकायत पर नगर थाने की पुलिस ने दोनों को धर दबोचा। गिरफ्तार दोनों नकली सिपाही शेखपुरा जिले के बरबीघा थाना क्षेत्र के माऊर गांव निवासी कुंवर यादव का पुत्र पप्पू कुमार और जमुई जिला के खगड़पुर निवासी सूर्यनारायण यादव का पुत्र मनीष कुमार है। सदर एसडीपीओ नुरुल हक ने बताया कि एक महिला ने दो पुलिसकर्मी पर गंभीर आरोप लगाए थे। महिला की शिकायत थी कि दोनों पुलिसकर्मियों ने उसे धमकी देते हुए केस उठाने की बात कही थी। महिला के शिकायत के आधार पर पुलिस ने कांड दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी।

## चोपड़ा मामले में तृणमूल विधायक का दाहिना हाथ कहा जाने वाला 'जेसीबी' गिरफ्तार



संवाददाता

**कोलकाता।** इलाके के तृणमूल विधायक के दाहिने हाथ कहे जाने वाले तजम्मुल उर्फ जेसीबी को उत्तरी दिनाजपुर के चोपड़ा में एक जोड़े की पिटाई के मामले में गिरफ्तार किया गया है। घटना के तुरंत बाद पुलिस ने जेसीबी को गिरफ्तार कर लिया। सोमवार को उसे इस्लामपुर कोर्ट ले जाया गया। पता चला है कि रविवार को मध्यस्थता बैठक के नाम पर बांग्लादेश की सीमा से सटे लक्ष्मीपुर पंचायत क्षेत्र के उत्तरी दिनाजपुर के चोपड़ा पर एक युवती को सड़क पर फेंक कर पिटाई करने का आरोप लगा था। जेसीबी पर लगे आरोप। स्थानीय सूत्रों के मुताबिक, जिस लड़की की पिटाई हुई वह शादीशुदा है। शादी के बाद वह दूसरे रिश्ते में पड़कर अपने प्रेमी के साथ भाग गई। ग्राम प्रधानों की ओर से कहा गया है कि अगर आपको इलाके में रहना है तो 10,000 रूपए देना होगा। एक मध्यस्थता बैठक आयोजित की गई। उस मध्यस्थता बैठक में जेसीबी और गांव के अन्य लोग भी मौजूद थे। मुलाकात के नाम पर युवती को सड़क पर फेंककर पीटा गया। घटना का एक वीडियो वायरल हो गया है। वहां देखा गया कि एक शख्स युवती को जमीन पर गिराकर डंडे से पीट रहा है। हालांकि वीडियो की प्रमाणिकता की पुष्टि नहीं की गई है। घटना में स्थानीय निवासी एक बार भी विरोध करते नजर नहीं आये। हालांकि, इलाके के तृणमूल विधायक ने जेसीबी से अपने संबंध से इनकार किया है।

# जनता दरबार में 21आवेदकों का किया गया समस्या समाधान



एजेंसी

**बिहारशरीफ।** नालंदा के जिलाधिकारी शुशांक शुभंकर ने सोमवार को जनता दरबार में 21 लोगों की समस्याएं सुनीं। समस्याओं के निदान के लिए संबंधित पदाधिकारी को आवश्यक दिशा निर्देश दिया। आवेदक द्वारा बताया गया कि असामाजिक तत्वों द्वारा जबरदस्ती मेरे मकान का रास्ता सभी तरफ से कर दिया गया है जिसके कारण मैं अपने मकान में प्रवेश नहीं कर पा रही हूं। जिलाधिकारी द्वारा सम्बंधित समस्या निवारण के लिए अंचलाधिकारी बिहारशरीफ एवं थानाध्यक्ष को निर्देशित किया गया।

बराह ग्राम के आवेदक द्वारा बताया गया की सरकारी गली में दरवाजा खोलने की मंजूरी प्रदान की जाये। जिलाधिकारी द्वारा इस समस्या निष्पादन के लिए प्रभारी पदाधिकारी, जिला राजस्व शाखा, नालन्दा को निर्देशित किया गया है। वहींआवेदक द्वारा बताया गया कि मैं रुपसपुर ग्राम में सड़क के किनारे चाय की दुकान खोलकर परिवार का भरण- पोषण करता था। सड़क बन जाने के कारण मेरा दुकान टुट गया है। जिसके लिए भूमिहीन को घर बनाने हेतु जमीन उपलब्ध कराया जाए। सम्बंधित मामले को समस्या निदान हेतु जिलाधिकारी द्वारा प्रभारी पदाधिकारी जिला राजस्व शाखा, नालंदा को निर्देशित किया गया है । आवेदक के द्वारा बताया गया कि मेरे रैयती जमीन में ठीकेदार द्वारा जबरन मिट्टी भरकर सड़क निर्माण कार्य किया गया है। जिलाधिकारी महोदय द्वारा सम्बंधित समस्या निदान हेतु अपर समाहर्ता, लोक शिकायत निवारण, नालन्दा को निर्देशित किया गया। ग्राम तिउरी के आवेदक के द्वारा बताया गया कि वार्ड नं 5 में बिजली का तार बहुत ही जर्जर स्थिति में है। कभी भी खतरा होने की संभावना बनी रहती है। बिजली तार को शीघ्र बदलने की आवश्यकता है। जिलाधिकारी द्वारा सम्बंधित समस्या निष्पादन करने हेतु विद्युत कार्यपालक अभियंता (ग्रामीण), बिहारशरीफ को निर्देश दिया गया है। अस्थावां प्रखंड के आवेदक के द्वारा बताया गया आठ महीनों से म्यूटेशन का कार्य पेंडिंग रहने के बावजूद अंचलाधिकारी अस्थावां द्वारा म्यूटेशन का कार्य नहीं किया जा रहा है। जिलाधिकारी द्वारा इस समस्या के निवारण के लिए भूमि सुधार उप समाहर्ता, बिहारशरीफ को शीघ्र जांच करने को निर्देश दिया गया। हरनौत ग्राम के निवासी के द्वारा बताया गया कि मेरे रैयती जमीन पर अंचलाधिकारी द्वारा पानी निकासी हेतु नाला निर्माण कार्य करने हेतु सजग है। इस पर तत्काल रोक लगाया जाय।

**अनाधिकृत विद्युत पोल पर निर्देशित किया गया**

जिलाधिकारी ने इस समस्या के निवारण हेतु अनुमंडल पदाधिकारी बिहारशरीफ को निर्देश दिए । आशानगर, सोहसराय के आवेदक द्वारा बताया गया कि निजी सम्पत्ति पर अनाधिकृत विद्युत पोल की स्थापना कर दिया गया है।

# राज्य में गणप्रहार की एक और घटना तारकेश्वर में युवक की पीट-पीटकर हत्या

संवाददता

**कोलकाता।** चोरी के शक में फिर सामूहिक पिटाई का आरोप। इस बार घटना स्थल हुगली के तारकेश्वर के नैता माल पहाड़पुर ग्राम पंचायत का रानाबांध इलाका है। पता चला है कि विश्वजीत मन्ना नाम के युवक की मौत गंभीर पिटाई से हुई है। वह पेशे से ड्राइवर था। घटना में पुलिस पहले ही दो लोगों को गिरफ्तार कर चुकी है। पारिवारिक सूत्रों के मुताबिक, दोनों आरोपी विकास सामंत और देवकांत सामंत बिस्वजीत के रिश्तेदार हैं। रविवार की रात जब वह घर पर सो रहा था तो देवकांत ने विश्वजीत को फोन किया और उठा ले लिया। उन्होंने दावा किया कि बिस्वजीत ने उनके घर में चोरी की है। देवकांत ने इसके लिए विश्वजीत से पैसे की भी मांग की। लेकिन बिस्वजीत चोरी के आरोप से इनकार करते हुए पैसे नहीं देना चाहते थे। फिर पिटाई हुई। उसे सड़क पर फेंक कर पाइप से बुरी तरह पीटा गया। चोट लगने से विश्वजीत बेहोश हो गए।

उसकी मां ने बार-बार अपने बेटे को छुड़ाने की कोशिश की लेकिन कोई फायदा नहीं हुआ। मृतक के भाई अभिजीत सामंत ने दावा किया कि उनके भाई ने चोरी नहीं की। इसके बावजूद उसे पीटा गया। रात करीब दो बजे जब बिस्वजीत को तारकेश्वर ग्रामीण अस्पताल में भर्ती कराया गया तो डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। आरोपी विकास सामंत की पत्नी रेखा सामंत ने कहा कि उनके पति और बेटे देवकांत ने पाइप से विश्वजीत की पिटाई की। उनके घर से पैसे चोरी हो गये। रेखा ने कहा कि उन्हें बदनामी के कारण पीटा गया कि बिस्वजीत ने वो पैसे चुराए हैं। उन्होंने कहा कि जिस पैसे की चोरी के आरोप में विश्वजीत को पीटा गया था, वह पैसा बाद में उनके घर में मिला। सोमवार की सुबह स्थानीय निवासियों ने विकास सामंत के घर पर धावा बोल दिया। इलाके में काफी उत्साह है। अराजकता रोकने के लिए पुलिस तैनात कर दी गई है।

## एक नजर

### मां के नाम एक पेड़ कार्यक्रम में वृक्षारोपण



**जमशेदपुर ।** केंद्रीय नेतृत्व के निर्देश पर भाजपा मंडल अध्यक्ष राजेश सिंह के नेतृत्व में कदमा स्थित गणेश पूजा मैदान में मां के नाम एक पेड़ कार्यक्रम के तहत वृक्षारोपण किया गया। मौके पर मुख्य रूप से पूर्व महानगर उपाध्यक्ष अजय श्रीवास्तव, जिला उपाध्यक्ष संजीव सिन्हा, मंडल महामंत्री अजय झा, भोला शर्मा, मानिक सिंह, ओम प्रकाश सिंह, राजेश सोनकर, बर्मा प्रसाद, कार्तिक गोप, अंजी राव, डीएन सिंह, निर्दोष वर्मा, विक्की यादव, किशोर ओझा, तापस सरकार, बिनोद रजक, राघव प्रसाद, सपन मंडल, अनूप वर्मा समेत अन्य कार्यकर्ता भी मौजूद थे।

### 251 छात्र-छात्राओं के बीच नि:शुल्क साइकिल वितरण किया गया



**कोडरमा ।** कल्याण विभाग द्वारा संचालित योजना उन्नति का पहिया के तहत जिले के जयनगर प्रखंड के विभिन्न 10 सरकारी विद्यालयों में कक्षा आठ में अध्यनरत छात्र-छात्राओं के बीच साइकिल वितरण किया गया। जिला कल्याण विभाग द्वारा आदर्श मध्य विद्यालय, बालिका मध्य विद्यालय जयनगर, मध्य विद्यालय सदडीहा, मध्य विद्यालय लतबेधवा, मध्य विद्यालय मकतपुर, उत्क्रमित उच्च विद्यालय गोदखर, उत्क्रमित उच्च विद्यालय नईटाड, उत्क्रमित मध्य विद्यालय, हिंदी विद्यालय कथाडीह, उत्क्रमित मध्य विद्यालय सांथ और उत्क्रमित मध्य विद्यालय योगियाटीलह के बच्चों के बीच साइकिल वितरण किया गया। कुल 251 छात्र-छात्राओं के बीच साइकिल का वितरण किया गया। मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी, प्रमुख एवं अन्य उपस्थित थे।

### रोटरी क्लब ऑफ जमशेदपुर वेस्ट ने चिमटी पहाड़िया गांव में लगाए 500 पौधे



**जमशेदपुर ।** रोटरी क्लब ऑफ जमशेदपुर वेस्ट के नए सत्र 2024-25 का शुभारंभ सोमवार पटमदा के पास स्थित चिमटी पहाड़ियां नामक गांव में स्थानीय की मदद से सागवान समेत कई फलों के 500 पौधे का वृक्षारोपण और 100 गुणा 100 फीट का एक बड़ा तालाब बनाने के लिए निर्माण कार्य शुरू कर किया गया। यह कार्यक्रम नवनिर्वाचित अध्यक्ष डॉ अमित मुखर्जी एवं सचिव दीप्ति सिंह के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित हुआ। इस दौरान उन्होंने बताया कि गांव वालों के पास जीवन जीने के लिए कोई भी संसाधन उपलब्ध नहीं है। ना सड़क है, ना बिजली है, ना पानी है, ना खेती है और ना ही स्कूल है। ऐसे गांव को रोटरी क्लब जमशेदपुर वेस्ट ने गोद लिया है। उन्होंने कहा कि गांव में तालाब का निर्माण कराया जा रहा है। जिसमें पहाड़ के जल को इकट्ठा कर गांव वालों के लिए खेती एवं दिनचर्या के लिए पानी उपलब्ध रहेगी। साथ ही आने वाले समय में इस गांव के लिए खेती, बिजली (सोलर पैनल), शिक्षा एवं चिकित्सा पर क्लब के सदस्य काम करेंगे। मौके पर सदस्य अमिताभ, जेबी सिंह, संजीव सहगल, अनु सहगल, एमके झा, अशोक झा, आलोक सरकार और नंदकिशोर अग्रवाल भी मौजूद थे।

### मांडू विधानसभा क्षेत्र का विकास मेरी पहली प्राथमिकता: जेपी पटेल



**गिद्दी।** मांडू विधानसभा क्षेत्र के विधायक सह पूर्व मंत्री जयप्रकाश भाई पटेल ने डाड़ी प्रखंड के विभिन्न पंचायतों में कई योजनाओं का उदघाटन व शिलान्यास किया।मांडू विधायक जयप्रकाश भाई पटेल ने कहा कि अपने विधानसभा क्षेत्र में हर पंचायत एवं गांव स्तर तक विकास की कार्य को गति देने का काम कर रहा हूँ। और आगे भी करता रहूँगा। मिश्राइन मोढा पंचायत में दो पीसीसी पथ एवं कनकी पंचायत में एक गार्डवाल का उद्घाटन एवं गिद्दी एवं रेलीगढा में दो पीसीसी पथ का शिलान्यास किया गया। जिससे लोगों में काफी खुशी है।इस मौके पर राकेश सिंह, सेवालाल महतो,गोविंद मुंडा, रामफल महतो,गोपाल बरदा,आदेश करमाली, गिरजा शंकर,विशाल कुमार, भोला दूबे, रोहित कुमार सिंह एवं काफी संख्या में लोग मौजूद थे।

उपायुक्त की अध्यक्षता में जिला स्तरीय परामर्शदात्री समिति की मार्च त्रैमासिक की बैठक सम्पन्न

# सभी बैंको को बैठक करने का निर्देश



संवाददाता

**कोडरमा ।** समारहणालय स्थित सभाकक्ष में उपायुक्त मेघा भारद्वाज की अध्यक्षता में जिला स्तरीय परामर्शदात्री समिति की मार्च 2024 त्रैमासिक की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में जिले के सभी बैंको के प्रदर्शन पर विस्तृत चर्चा की गई। समीक्षा के दौरान वित्तीय वर्ष 2023-24 के मार्च तिमाही तक सभी बैंको के कार्यों की समीक्षा की गई। उपायुक्त ने अग्रणी जिला प्रबंधक को निर्देशित किया कि जिले में कृषि के क्षेत्र में और सुधार लाने की आवश्यकता है। आगे सभी बैंको के समन्वयक को निर्देशित किया कि जिले का ऋण जमानुपात 41.65 प्रतिशत है उसे बढ़ाने की आवश्यकता है, क्योंकि यह ऋण जमानुपात के न्युनतम मान 40 प्रतिशत है। उन्होने ऋण जमानुपात को सुदृढ़ करने के लिए सभी बैंको को बैठक करने के लिए निर्देशित किया। ततपश्चात उपायुक्त ने केंद्र व राज्य सरकार की योजनाओं जैसे प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम (पीएमईजीपी), प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना (पीएमएसबीवाई.), प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना (पीएमजेजेबीवाई), अटल पेंशन योजना, मुद्रा लोन, अबुआ आवास योजना, गुरुजी क्रेडीट कार्ड योजना, पीएम स्वनिधि, डिजिटली इनेबल्ड मार्केट प्लेस की भी समीक्षा की एवं इसमें और तेजी लाने को कहा। इसके अतिरिक्त उपायुक्त ने सभी बैंको के समन्वयकों को निर्देशित किया कि साइबर धोखा-धड़ी के प्रति आमलोगों को जागरूक करने हेतु विभिन्न क्षेत्रों में कैंप का आयोजन कर आमजनों को जागरूक करें। उक्त बैठक में उप विकास आयुक्त ऋतुराज, सहायक महाप्रबंधक आर वी आई, राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति, सभी बैंको के जिला समन्वयक, डी डी एम नाबार्ड, जिला सहकारिता पदाधिकारी, निदेशक आर सेटी, महाप्रबंधक जिला उद्योग केंद्र हजारीबाग सह कोडरमा, ज़िला गब्य विकास पदाधिकारी, जिला मतस्य विकास पदाधिकारी, डी पी एम, जेएसएलपीएस, निदेशक आत्मा व अन्य संबंधित जन उपस्थित रहे।

### द्वितीय विशेष मतदाता सूची संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम को लेकर बैठक

**हजारीबाग।** अंचल कार्यालय, सदर, हजारीबाग में द्वितीय विशेष मतदाता सूची संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 2024 तथा आगामी विधानसभा चुनाव के निमित मतदान केन्द्रों के भवन/स्थल परिवर्तन से संबंधित बैठक सभी राजनीतिक दल के प्रखण्ड अध्यक्ष के साथ की गई। बैठक में विस्तार से आगामी पुनरीक्षण कार्यक्रम की जानकारी दी गई। बैठक में सभी राजनीतिक दल के प्रतिनिधि शामिल हुए। बैठक में कुल 4 (चार) मतदान केन्द्र के भवन/स्थल परिवर्तन का निर्णय सर्वसम्मति से लिया गया।

## 250 से अधिक छात्रों को दी गई सीए में करियर की जानकारियां




संवाददाता

**जमशेदपुर ।** मारवाड़ी युवा मंच टाटानगर अचीवर्स शाखा ने फॉर्मेशन वीक उत्सव के पांचवे दिन सीए डे (चार्टर्ड अकाउंटेंट) के अवसर पर करियर काउंसिल इन सीए प्रोफेशन कार्यक्रम के तहत कक्षा 11 एवं 12 के बच्चों के लिए एक सेमिनार का आयोजन किया। इस दौरान शाखा अध्यक्ष अंशुल रिंगसिया के नेतृत्व में बिस्टुपुर स्थित चर्च स्कूल बेल्डीह में आयोजित सेमिनार में 250 से अधिक बच्चों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता सीए ऋषि अरोड़ा ने बच्चों को सीए कोर्स के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि किस प्रकार बच्चे 10 वीं या 12 वीं के बाद इस कोर्स में अपना करियर बना सकते हैं। वहीं कार्यक्रम में सम्मानित अतिथि के तौर पर सीए विनीत मेहता उपस्थित रहे। इसे सफल बनाने में मुख्य रूप से मानस रंजन दास, धीरेन कुमार दास, रितेश कुमार दास, अविनाश दास, एस्तेर मोहंती, शाखा सचिव विजय सोनी, सुगम सरायवाला, सौरव अग्रवाल, चेतन अग्रवाल, अमित कुमार अग्रवाल समेत अन्य का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

### डिस्ट्रिक्ट राइफल टूर्नामेंट का समापन सह पुरस्कार वितरण समारोह संपन्न

**हजारीबाग।** हजारीबाग डिस्ट्रिक्ट राइफल टूर्नामेंट का समापन सह पुरस्कार वितरण समारोह सोमवार शाम को संपन्न हुआ। समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में डीआईजी छोटानागपुर सुनील भास्कर एवं विशिष्ठ अतिथि जिला खेल पदाधिकारी कैलाश राम, समाजसेवी मुन्ना सिंह, उपाध्यक्ष मनोज गुप्ता, हरिश श्रीवास्तव, आदर्श कुमार सिंह उपास्थि हुए। हमारे मुख्य अतिथि डीआईजी चोटनागपुर सुनील भास्कर ने विजेताओं गोल्ड, ब्रॉन्ज और सिल्वर मेडल देकर सम्मानित किया। वहीं कार्यक्रम में मौजूद अन्य विशिष्ट अतिथियों ने भी विजेताओं को गोल्ड ब्रॉन्ज और सिल्वर मेडल देकर सम्मानित किया। डीआईजी भास्कर ने कहा कि जिले में हजारीबाग जिला राइफल एसोसिएशन द्वारा अच्छी प्रेरणा, उत्साह व सुविधा से बच्चे अच्छा प्रदर्शन कर रहे है।

## ग्रिजली विद्यालय में येलो कलर डे का आयोजन



संवाददाता

**कोडरमा ।** तिलैया डैम स्थित ग्रिजली विद्यालय के प्री प्राइमरी के छात्रों के लिए येलो कलर डे का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों को उनकी रचनात्मकता और कौशल को विकसित करते हुए पिले रंग को पहचानने तथा पिले रंग से सम्बंधित विषयों पर उनका मार्गदर्शन करना था। इस अवसर पर विद्यालय के छात्रों द्वारा विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कक्षा एलकेजी के छात्र हर्ष एवं ग्रुप के द्वारा येलो ग्रुप गान प्रस्तुत किया गया। कक्षा यूकेजी के छात्र शिवांश कुमार ने सूर्यमुखी बनकर रोल प्ले किया एवं छात्रा कयरा ने केला बनकर रोल प्ले किया। वहीं कक्षा नर्सरी के छात्रों ने आम फलों का राजा है के ऊपर कविता प्रस्तुत किया। इसके अलावा पीले रंग की थीम से प्रेरित होकर ड्राइंग, पेंटिंग और शिल्प-निर्माण सहित विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के सीईओ प्रकाश गुप्ता ने छात्रों को सम्बोधित करते हुए कहा की पीला रंग खुशी, ऊर्जा और सकारात्मकता का प्रतीक है और इस दिवस को मनाने का उद्देश्य छात्रों में इन मूल्यों को स्थापित करना है, उन्हें उत्साह और खुशी के साथ जीवन जीने के लिए प्रोत्साहित करना है।

## मुख्यमंत्री ने लक्ष्मीकांत महाकुड़ को वैवाहिक जीवन की शुभकामनाएं दी



एजेंसी

**सरायकेला।** मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन सोमवार को सरायकेला-खरसावां जिले के राजनगर प्रखंड स्थित हेंसल गांव पहुंचकर लक्ष्मीकांत महाकुड़ को उनके सुखद वैवाहिक जीवन की शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने नव दंपति को आशीर्वाद दिया। इस मौके पर नींबू महाकुड़ सहित अन्य उपस्थित थे।

### कोडिंग के ज्ञान से छात्र संवार पाएंगे अपना भविष्य : याशिता

**रामगढ़।** कोडिंग के ज्ञान से छात्र अपना भविष्य संवार सकते हैं। प्रोफेशनल और पर्सनल दोनों काम में यह ज्ञान उनके बेहद काम आएगा। यह बातें रामगढ़ शहर के थाना चौक स्थित स्टडी सर्किल संस्थान में कोडिंग एंड बियोंड कार्यशाला में कंप्यूटर साइंस की छात्रा यशिका ने कही। कार्यशाला का संचालन संस्था की अत्यंत मेधावी छात्रा, याशिता, जो कंप्यूटर साइंस इंजीनियरिंग के प्रथम वर्ष की छात्रा हैं, के द्वारा किया गया। इस कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य छात्रों को कोडिंग की दुनिया से परिचित कराना था। तकनीकों एवं ट्रेंड्स के बारे में जानकारी प्रदान करना बेहद जरूरी है। गहन ज्ञान और कुशलता के साथ छात्रों को कोडिंग की मूल बातें सिखाईं और उन्हें उन्नत स्तर की तकनीकों के बारे में भी अवगत कराया।

### डेंगू से बचाव और उसके रोकथाम के लिए जन जागरूकता रैली का आयोजन

**हजारीबाग।** डेंगू माह को लेकर जिला भी. बी.डी. कार्यालय सदर अस्पताल, हजारीबाग की ओर से जन-जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। इस रैली में डॉ. कपिलमुनि प्रसाद, जिला भी.बी.डी. पदाधिकारी हजारीबाग ने इस जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली में शहरी क्षेत्र की सभी सहिया, बी.टी.टी. एवं ए.एन.एम.टी. स्कूल, की सभी प्रशिक्षुओं ने भाग लिया। जागरुकता रैली सदर अस्पताल परिसर से शहरी क्षेत्र के प्रमुख मार्गों में चलाया गया। डेंगू रोग से बचाव हेतु प्रसार-प्रसार के तहत सभी लोगों को पोस्टर, हैण्डबिल देकर जागरूक किया गया। जिला भी.बी.डी. पदाधिकारी डॉ. कपिलमुनि प्रसाद द्वारा बताया गया कि मौनसून काल में डेंगू का प्रकोप बढ़ जाता है जिससे बचने के लिए लोगों को साफ-सफाई रखना, घर के आसपास पानी जमा नहीं होने देना, सोते समय मच्छरदानी का प्रयोग करना अति आवश्यक है।

## मायुमं सुरभि शाखा का तुलसी भवन में उन्नति फेस्टिवल मेले का हुआ शुभारंभ



संवाददाता

**जमशेदपुर ।** लोकल फॉर वोकल को बढ़ावा देने के साथ साथ महिला सशक्तिकरण को लेकर मारवाड़ी युवा मंच स्टील सिटी सुरभि शाखा द्वारा तीन दिवसीय उन्नति फेस्टिवल मेला (प्रदर्शनी सह बिक्री) का शुभारंभ सोमवार को बिस्टुपुर स्थित तुलसी भवन में किया गया। मेला सुबह 10 से रात्रि 9 बजे तक चलेगा और जिसका समापन बुधवार को होगा। अतिथियों द्वारा मेले का उदघाटन दीप प्रज्जवलित कर किया गया। इस अवसर पर मारवाड़ी युवा मंच के प्रदेशाध्यक्ष अरूण गुप्ता, महासचिव सार्थक अग्रवाल, समाजसेवी उमेश शाह और अभिषेक अग्रवाल गोल्डी मुख्य रूप से उपस्थित रहे। इस दौरान शाखा अध्यक्ष कविता अग्रवाल, सचिव पूजा अग्रवाल, कोषाध्यक्ष पायल अग्रवाल, कार्यक्रम संयोजिका संजना अग्रवाल एवं खुशबू कांवटिया ने संयुक्त रूप से बताया कि महिलाओं को स्वावलंबी बनाने के लिए इस मेले में का आयोजन किया गया है। उन्होंने कहा कि मेले में ऐसी कई महिलाओं को प्लेटफार्म उपलब्ध कराया गया हैं, जो घर में खाना बनाकर रोजगार कर रही है। जिसके तहत एक ही छत के नीचे कुर्ती, साड़ी, गिफ्ट आइटम, चादर, बांदरवाल, लड्डू गोपाल की पोशाक, ज्वेलरी, हाथ के बने हुए मंगोड़ी, पापड़ और अचार उचित मूल्य पर प्राप्त होंगे। साथ ही समय की बचत भी होगी। जिसे सफल बनाने में सुरभि शाखा की सभी महिलाएं प्रयासरत हैं। मेले के पहले दिन ही काफी भीड़ उमड़ी। वहीं शाखा अध्यक्ष कविता अग्रवाल ने स्वागत उदगार देते हुए लगातार किए जा रहे कार्यों की जानकारी भी दी। कार्यक्रम में शाखा कोषाध्यक्ष पायल अग्रवाल ने मंच संचालन एवं कार्यकम संयोजिका संजना अग्रवाल ने धन्यवाद ज्ञापन दिया। मौके पर शाखा की उषा चौधरी, बिन्दया नारेडी, सिद्धि काउंटिया, अनीता अग्रवाल, पिंकी अग्रवाल, निभा मोदी, पिंकी खेड़िया, मुस्कान अग्रवाल, रश्मी अग्रवाल, रची बंसल, प्रांतीय संयोजिका मनीषा संघी समेत अन्य भी मौजूद थे।

## रोटरी क्लब के नए सत्र का आगाज ब्लड डोनेशन शिविर से हुआ



संवाददाता

**कोडरमा ।** रोटरी क्लब कोडरमा के नए सत्र का आगाज ब्लड डोनेशन शिविर के साथ मानवता की सेवा के नेक कार्य से प्रारंभ हुआ। रोटरी सभागार में ब्लड डोनेशन कैंप का आयोजन किया गया जिसमें रोटरी क्लब इनर व्हील क्लब मॉडर्न पब्लिक स्कूल अहिवरण वंशज मोदी समाज ने संयुक्त रूप से भागीदारी की 45 लोगों ने अपना अमूल्य ब्लड डोनेट किया कार्यक्रम का प्रारंभ इनर व्हील की सदस्यों के द्वारा राष्ट्रगान गीत के द्वारा किया गया इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सिविल सर्जन डॉक्टर अनिल कुमार को पुष्प गुच्छ देकर रोटरी अध्यक्ष अमित कुमार ने सम्मानित किया एवं स्वागत भाषण दिया कार्यक्रम का मंच संचालन रोटेरियन आरती आर्य ने किया शिविर के परियोजना निदेशक रोटेरियन सुरेश पिलानिया में अपना योगदान दिया पूर्व अध्यक्ष अजय अग्रवाल ने ब्लड डोनेशन के महत्व पर अपना प्रकाश डाला रोटरी के पदाधिकारीयो ने मॉडर्न पब्लिक स्कूल के प्रिंसिपल शैलेंद्र कुमार इनर व्हील क्लब की अध्यक्ष कंचन भदानी अहिवरन मोदी समाज के सचिव पंकज मोदी को पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया सत्र 24- 25 रोटरी जोन 8 की असिस्टेंट गवर्नर संगीता शर्मा ने अपने संबोधन में रोटरी कोडरमा के द्वारा किए गए सेवा क्षेत्र के कार्यों को बताया और कहा कि आने वाले दिनों में रोटरी और अधिक अच्छा कार्य करेगी मंच पर आसीन सभी अतिथियों ने कार्यक्रम को संबोधित किया मुख्य अतिथि सिविल सर्जन अनिल कुमार ने कहा कि ब्लड डोनेशन से नेक कार्य कोई नहीं हो सकता मानवता की सेवा का यह सच्चा उदाहरण है रोटरी क्लब कोडरमा समाज सेवा के क्षेत्र में अग्रणी भूमिका निभाती है किए गए एकत्रित ब्लड से जरूरतमंदों को बहुत लाभ मिलेगा प्रशासन को बहुत मदद मिलेगी सेवा के इस कार्यक्रम में आकर मुझे बहुत खुशी हुई स्वास्थ्य से जुड़े किसी भी प्रकार की आवश्यकता हो तो में सहयोग प्रदान करूंगा सर्वप्रथम पहला ब्लड डोनेट रोटरी के अध्यक्ष अमित कुमार ने दिया धन्यवाद ज्ञापन नए सत्र के रोटरी सचिव प्रवीण मोदी ने किया और कहा कि मानवता की सेवा के लिए रोटरी प्रतिबद्ध है पब्लिक रिलेशन के डायरेक्टर सह मीडिया प्रभारी नवीन जैन ने कहा कि आगे आने वाले दिनों में भी रोटरी कोडरमा के द्वारा मानवता की सेवा रक्षा के लिए ब्लड डोनेशन कैंप लगाया जाएगा इस मौके पर रेड क्रॉस सोसाइटी के अध्यक्ष अजीत बरनवाल को निवर्तमान सेक्रेटरी नवीन जैन ने बुके देकर सम्मानित किया ब्लड डोनेट करने वाले में मुख्य रूप से रोटरी क्लब कोडरमा से मनीष पेड़ीवाल अनिल खाटू वाला विपुल बगड़िया आकाश खेतान प्रतीक जैन सिमरनजीत सिंह अलका खाटू वाला वीरू यादव इनर व्हील क्लब से स्नेहा दारूका शैलजा दारूका कृतिका मोदी मॉडर्न पब्लिक चंदवारा पुलिस लाइन से सार्जेंट मेजर जेवियर बाखल पुलिसकर्मी संतोष मंडल उत्तम मिश्रा इस्लाम अंसारी जितेंद्र मेहता आदि लोग शामिल थे ।

### शिव परिवार की प्रतिमाएं पहुंची लक्ष्मी-नारायण मंदिर
### 3 से होगा पांच दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ का श्रीगणेश



संवाददाता

**जमशेदपुर ।** गोलमुरी केबुल टाउन स्थित श्री लक्ष्मी-नारायण मंदिर परिसर में रविवार को शिव परिवार और मां काली की प्रतिमाएं पहुंच गई हैं। इन प्रतिमाओं को कोलकाता के कारीगरों द्वारा बनाया गया है। साथ ही सभी प्रतिमाओं को मंदिर परिसर में ही रखा गया है। जिसके बाद 7 जुलाई को इनका प्राण-प्रतिष्ठा होगा। जबकि श्री लक्ष्मी-नारायण की बेहद खूबसूरत प्रतिमा पहले ही मंदिर परिसर में आ चुकी है। इस प्रतिमा को राजस्थान के कारीगरों द्वारा बनाया गया है। बताते चलें कि 3 से 7 जुलाई तक श्री लक्ष्मी-नारायण मंदिर में महायज्ञ का आयोजन होना है। जिसको लेकर तैयारियां तेजी से चल रही हैं। लोगों के बैठने के लिए बेहतर व्यवस्था की जा रही है। बारिश की संभावना को देखते हुए वाटरप्रूफ पंडाल बनाए जा रहे हैं। वहीं यज्ञकुंड बनकर तैयार है। मंदिर परिसर में चारों तरफ हैलोजन लाइटें भी लगाई गई हैं। ताकि कोई असुविधा न हो। इस संबंध में श्री लक्ष्मी-नारायण मंदिर जीर्णोद्धार समिति के संयोजक सह विधायक सरयू राय ने बताया कि प्राण-प्रतिष्ठा महायज्ञ की तैयारियां अंतिम चरण में हैं। लोगों के बीच में इस महायज्ञ को लेकर खासा उत्साह भी देखा जा रहा है। उन्होंने बताया कि मंदिर के गर्भगृह के परिक्रमा पथ में भगवान श्री विष्णु के दस अवतारों की छवि भी स्थापित की जाएगी।

## एक नजर

### ऑस्ट्रेलिया ए और भारत ए के बीच बहुप्रारुपीय श्रृंखला अगस्त में निर्धारित



**नई दिल्ली।** ऑस्ट्रेलियाई ए महिला क्रिकेट टीम अगस्त में क्वींसलैंड में बहुप्रारुपीय श्रृंखला में भारत ए से भिड़ेगी। घरेलू टीम की ओर से में ताहलिया मैकग्राथ, किम गर्थ, मेगन स्कट और टायला व्लामिनक सीमित ओवरों के मैचों में हिस्सा लेंगी। भारतीय ए टीम इस दौरे पर ब्रिस्बेन में तीन टी20, मैके में तीन 50 ओवर के मैच और गोल्ड कोस्ट में चार दिवसीय मैच खेलेगी। ऑस्ट्रेलियाई टीम की उप-कप्तान मैकग्राथ टी20 और 50 ओवर की टीमों की कप्तानी करेंगे, जबकि क्वींसलैंड की ऑलराउंडर चार्ली नॉट चार दिवसीय टीम की अगुआई करेंगी। तीनों टीमों में प्रमुख घरेलू खिलाड़ी शामिल हैं, जो उच्च सम्मान के लिए अपने दावों को आगे बढ़ाने की कोशिश करेंगे। चार दिवसीय खेल दोनों देशों के खिलाड़ियों को लंबे समय तक क्रिकेट खेलने का दुर्लभ मौका देगा। मैकग्राथ ने क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के हवाले से कहा, ₹मैं इस सीरीज का हिस्सा बनने और भारत ए द्वारा पेश की जाने वाली चुनौती के लिए वास्तव में उत्सुक हूं। यह हममें से उन लोगों को एक मजबूत प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ एक बड़ी गर्मी की तैयारी करने का मौका देता है जो हंड्रेड में नहीं खेल रहे हैं।

### आईओए ने पेरिस जाने वाले भारतीय एथलीटों को दी औपचारिक विदाई, कीट का किया अनावरण

**नई दिल्ली।** पेरिस 2024 ओलंपिक के लिए जाने वाले भारतीय एथलीटों को रविवार शाम यहां एक होटल में भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम में औपचारिक विदाई दी गई, साथ ही भारतीय दल के कीट का भी अनावरण किया गया। केंद्रीय युवा मामले और खेल तथा श्रम और रोजगार मंत्री डॉ. मनसुख मंडाविया, केंद्रीय पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी, और भारतीय ओलंपिक संघ की अध्यक्ष एवं राज्य सभा सदस्य, डॉ. पी.टी. उषा ने भारतीय टीम की तीन किटों का अनावरण किया। आत्मविश्वास से भरे एथलीटों द्वारा रैंप-वॉक के दौरान जेएसडब्ल्यू इंस्पायर द्वारा डिजाइन की गई प्लेइंग किट, तरुण तहिलियानी के स्वामित्व वाली टीएएसवीए द्वारा डिजाइन की गई औपचारिक पोशाक और पूमा द्वारा परफॉर्मेंस शू और ट्रैवल गियर सहित किट का प्रदर्शन किया गया। इस अवसर पर डॉ. मनसुख मंडाविया ने कहा कि सभी भारतीयों ने देश के एथलीटों की कड़ी मेहनत, समर्पण और अटूट भावना का जश्न मनाया।

### ताइक्वांडो कलर बेल्ट परीक्षा में 60 खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया

**मुरादाबाद।** हिंदू माडल इंटर कॉलेज में सोमवार को ताइक्वांडो कलर बेल्ट परीक्षा का आयोजन हुआ। जिसमें जिले के खान ताइक्वांडो एकेडमी, हिंदू माडल ताइक्वांडो एकेडमी, शिशु वाटिका ताइक्वांडो अकादमी, संकल्प ताइक्वांडो एकेडमी, मुस्तफा ताइक्वांडो एकेडमी, मुस्कान ताइक्वांडो एकेडमी आदि से लगभाग 60 खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया। इस दौरान परीक्षक के रूप में, मुस्तफा, मोहसिन, नोमान, अमन, वासित, मुस्कान वा मुख्य परीक्षक के रूम में मुरादाबाद के हेड कोच तकी ईमाम रहे, इस परीक्षा में खिलाड़ियों ने येलो बेल्ट से लेकर रेड वन बेल्ट तक भाग लिया।

# भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने टेस्ट मैच में द.अफ्रीका को दी 10 विकेट से करारी शिकस्त

**चेन्नई। एजेंसी**



भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने यहां एमए चिदंबरम स्टेडियम में खेले गए एकमात्र टेस्ट मैच के चौथे दिन सोमवार को दक्षिण अफ्रीका को 10 विकेट से करारी शिकस्त दी। इस मैच में भारतीय टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए अपनी पहली पारी शैफाली वर्मा को दोहरे शतक (205) और स्मृति मंधाना (149) के बहेतरीन शतकीय पारी की बदौलत 6 विकेट पर 603 रन बनाकर घोषित कर दी थी, जिसके जवाब में दक्षिण अफ्रीका ने अपनी पहली पारी में 266 रन बनाए, इसके बाद भारतीय टीम ने उन्हें फॉलोआन दिया। दूसरी पारी में अफ्रीकी टीम 373 रनों पर सिमट गई और भारत के सामने जीत के लिए 37 रनों का लक्ष्य रखा। 37 रनों के लक्ष्य का पीछा करने भारत की नई सलामी जोड़ी शैफाली वर्मा और शुभा सतीश मैदान में उतरी। दोनों ने बड़ी आसानी से 9.2 ओवर में बिना किसी नुकसान के भारत को 10 विकेट से जीत दिला दी। शैफाली 24 और शुभा 13 रन बनाकर नाबाद रहीं। स्नेह राणा, जिन्होंने मैच में 10 विकेट लिए, को उनकी शानदार गेंदबाजी के लिए प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया।

दक्षिण अफ्रीका ने दूसरी पारी में बनाए 373 रन, कप्तान लौरा वोल्वार्ट और सुने लुस का शतक इससे पहले दक्षिण अफ्रीका ने फॉलोआन खेलते हुए अपनी दूसरी पारी में 373 रन बनाए। दक्षिण अफ्रीका के लिए वोल्वार्ट और सुने लुस ने शानदार शतक लगाते हुए क्रमशः 122 और 109 रन बनाए। इन दोनों के अलावा नादिने डी क्लर्क ने बेहतरीन अर्धशतक लगाते हुए 61 रन बनाए। भारत की तरफ से स्नेह राणा, दीप्ती शर्मा और राजेश्वरी गायकवाड़ ने 2-2 व पूजा वस्त्राकर, शैफाली वर्मा और कप्तान हरमनप्रीत कौर ने 1-1 विकेट लिया।

वनडे में पहले ही दो शतक और 90 रन बना चुकीं मंधाना के पास इस बार दोहरा शतक बनाने का मौका था, लेकिन 149 रन पर उनकी पारी थम गई, जब उन्होंने डेलमी टकर की एक गेंद को स्लिप में मौजूद एनेरी डर्कसेन को कैच थमा दिया। मंधाना ने 161 गेंदों का सामना किया और 27 चौके और 1 छक्का लगाया। आउट होने से पहले मंधाना ने शैफाली के साथ पहले विकेट के लिए 292 रन जोड़े, जो महिला टेस्ट इतिहास की सबसे बड़ी साझेदारी है। हालांकि इसके बाद बल्लेबाजी करने आईं शुभा सतीश कुछ खास नहीं कर सकीं और 15 रनों की छोटी पारी खेल, नादिन डी क्लार्क का शिकार बनीं। हालांकि, दक्षिण अफ्रीका की राहत ज्यादा देर तक नहीं रही क्योंकि शैफाली ने लगातार दो छक्के और एक रन लेकर शानदार दोहरा शतक पूरा किया। उनके लगातार हमले और जेमिमाह रोड्रिग्स के तेज योगदान ने दक्षिण अफ्रीका की मुश्किलें बढ़ा दीं, हालांकि शैफाली के रन आउट होने से दक्षिण अफ्रीका को राहत मिली। शैफाली ने 197 गेंदों पर 23 चौके और 8 छक्के की बदौलत 205 रन बनाए। कुछ ही देर बाद रोड्रिग्स अपना अर्धशतक पूरा करने के बाद 55 रनों के व्यक्तिगत स्कोर पर डेलमी टकर का दूसरा शिकार बनीं। इसके बाद कप्तान हरमनप्रीत कौर (69) और ऋचा घोष (86) ने शानदार अर्धशतकीय पारी खेल भारत को स्कोर 603 रनों तक पहुंचाया।

### भारत ने 6 विकेट पर 603 रन बनाकर घोषित की

शैफाली-मंधाना के बीच पहले विकेट के लिए महिला टेस्ट इतिहास की सबसे बड़ी साझेदारी इस मैच में भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। भारत को शैफाली वर्मा और मंधाना ने अच्छी शुरूआत दिलाई। शैफाली ने कवर के जरिए चौका लगाकर अपनी लय हासिल कर ली, फिर पीछे मुड़कर नहीं देखा। दोनों के बीच साझेदारी 292 रनों तक पहुँच गई, जिसमें दोनों बल्लेबाजों ने बड़े शतक जड़े। शैफाली के आक्रामक स्ट्रोक प्ले, जिसमें उनके रिकॉर्ड-तोड़ छक्कों की झड़ी भी शामिल थी, ने दक्षिण अफ्रीकी गेंदबाजो को निराश कर दिया।

### दक्षिण अफ्रीका की पहली पारी 266 रनों पर सिमटी, भारत ने दिया फॉलोआन

दक्षिण अफ्रीका ने भारत के पहली पारी के 603 रनों के जवाब में अपनी पहली पारी में 266 रन बनाए, जिसके बाद भारत ने अफ्रीका को फॉलोआन दिया। दक्षिण अफ्रीका के लिए सुने लुस (65) ने मारिजने कप्प (74) ने शानदार अर्धशतकीय पारी खेली। इन दोनों के अलावा नादिन डी क्लर्क और एनेके बॉश ने 39-39 रनों की पारी खेली। भारत की तरफ से स्नेह राणा ने 8 और दीप्ती शर्मा ने 2 विकेट लिए।

### श्रीलंका सीरीज से भारतीय टीम को मिलेगा नया मुख्य कोच, जय शाह ने की पुष्टि

ब्रिजटाउन। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के सचिव जय शाह ने पुष्टि की है कि टीम इंडिया के नए मुख्य कोच आगामी श्रीलंका श्रृंखला से टीम में शामिल होंगे। भारतीय टीम को तीन मैचों की टी20 और इतने ही मैचों की एकदिवसीय श्रृंखला के लिए श्रीलंका का दौरा करना है, जो 27 जुलाई से शुरू होगा। मुख्य कोच राहुल द्रविड़ का कार्यकाल टी20 विश्व कप 2024 के फाइनल मैच के बाद समाप्त हो गया, जहां भारत ने दक्षिण अफ्रीका को सात रनों से हराकर 17 साल बाद प्रतिष्ठित ट्रॉफी जीती। बारबाडोस में पत्रकारों से बात करते हुए शाह ने कहा कि क्रिकेट सलाहकार समिति (सीएसी) ने पहले ही दो नामों का साक्षात्कार लिया है और उन्हें शॉर्टलिस्ट किया है। उन्होंने कहा कि मुंबई पहुंचने के बाद बीसीसीआई के सदस्य इसकी घोषणा करेंगे। बीसीसीआई सचिव ने पुष्टि की कि पूर्व भारतीय क्रिकेटर वीवीएस लक्ष्मण टीम के अंतरिम कोच के रूप में जिम्बाब्वे जाएंगे। ईएसपीएनक्रिकइंफो ने शाह के हवाले से कहा कोच और चयनकर्ता दोनों की नियुक्तियां जल्द ही की जाएंगी। सीएसी ने साक्षात्कार लिया है और दो नामों को शॉर्टलिस्ट किया है और मुंबई पहुंचने के बाद जो भी उन्होंने फैसला किया है। हम उसके अनुसार चलेंगे। वीवीएस लक्ष्मण जिम्बाब्वे जा रहे हैं, लेकिन श्रीलंका सीरीज से एक नया कोच शामिल होगा। गौतम गंभीर का नाम इस भूमिका के लिए खूब जोड़ा जा रहा है।

# आईसीसी ने टी20 विश्व कप 2024 की टीम ऑफ द टूर्नामेंट घोषित की, रोहित शर्मा को मिली कमान

**नई दिल्ली। एजेंसी**



अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने रविवार देर रात आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप 2024 की टीम ऑफ द टूर्नामेंट घोषित की है, जिसकी कमान भारतीय कप्तान रोहित शर्मा को सौंपी गई है। टीम में चार अलग-अलग देशों के खिलाड़ियों को शामिल किया गया है। टीम में चैंपियन भारत के छह खिलाड़ियों को शामिल किया है, जिसमें कप्तान रोहित शर्मा, प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट जसप्रीत बुमराह, अक्षर पटेल, अर्शदीप सिंह, सूर्यकुमार यादव और हार्दिक पांड्या शामिल हैं। सेमीफाइनल में शानदार प्रदर्शन के बाद अफगानिस्तान के तीन खिलाड़ियों कप्तान राशिद खान,फजलहक फारुकी और रहमानुल्लाह गुरबाज को भी टीम में जगह मिली है। इसके अलावा टीम में वेस्टइंडीज के निकोलस पूरन और ऑस्ट्रेलिया को मार्कस स्टोइनिस को भी टीम में शामिल किया गया है। दक्षिण अफ्रीका के तेज गेंदबाज एनरिक नाट्र्जे को 12वां खिलाड़ी बनाया गया है।

रोहित प्रतियोगिता में दूसरे सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी रहे, उन्होंने आठ पारियों में 257 रन बनाए। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ जीत में उनका प्रदर्शन सबसे बेहतरीन रहा, उन्होंने इन मैच में केवल 41 गेंदों पर 92 रन बनाए, इसके बाद इंग्लैंड के खिलाफ सेमीफाइनल में उन्होंने 57 रन जोड़े। उनके साथ अफगानिस्तान के विकेटकीपर रहमानुल्लाह गुरबाज शीर्ष क्रम में शामिल हैं, जो भारतीय ओपनर से ज्यादा रन बनाने वाले एकमात्र खिलाड़ी हैं। रहमानुल्लाह ने 281 रन बनाए, जिससे अफगानिस्तान अपने इतिहास में पहली बार सेमीफाइनल में पहुंचा, उन्होंने तीन मैचों में अर्धशतक बनाए। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ उनके 60 रन अफगानिस्तान को सुपर 8 से आगे ले जाने में अहम साबित हुए। तीसरे नंबर पर वेस्टइंडीज के विकेटकीपर बल्लेबाज निकोलस पूरन हैं, जिन्होंने 38 की औसत से 228 रन बनाए, जिसमें अफगानिस्तान के खिलाफ जीत में 53 गेंदों में 98 रन की पारी भी शामिल है। टीम में दूसरे भारतीय खिलाड़ी सूर्यकुमार यादव हैं, जिन्होंने कुछ महत्वपूर्ण पारियां खेली हैं, खास तौर पर इंग्लैंड के खिलाफ सेमीफाइनल में 47 रन की पारी खेली।

### रोहित शर्मा ने टी-20 विश्व कप ट्रॉफी के साथ खिंचवाई फोटो

**नई दिल्ली। एजेंसी**



भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान रोहित शर्मा ने सोमवार को बारबाडोस के एक समुद्र तट पर टी-20 विश्व कप ट्रॉफी के साथ फोटो खिंचवाई। भारतीय टीम ने शनिवार को बारबाडोस के केंसिंग्टन ओवल में दक्षिण अफ्रीका को सात रनों से हराकर टी20 विश्व कप का 2024 का खिताब जीता। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने रोहित की तस्वीरें साझा कीं, जिसमें वह समुद्र तट पर प्रतिष्ठित ट्रॉफी के साथ पोज देते नजर आए। बीसीसीआई ने एक्स पर तस्वीरें शेयर करते हुए लिखा एक अरब सपने, एक अरब भावनाएं और एक अरब मुस्कुराहटें! मिशन पूरा हुआ। विश्व कप जीत लिया। हम विश्व चैंपियन हैं। कैप्टन! आपने कर दिखाया। टी-20 विश्व कप 2024 के खिताबी मुकाबले की बात करें तो मैच में भारत ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। एक समय केवल 34 रनों पर 3 विकेट गंवाकर मुश्किलों में फंसी भारतीय टीम को विराट (76) और अक्षर पटेल (47) ने 72 रनों की साझेदारी कर मैच में भारत की वापसी कराई।

## तेजस ने बनाया रिकॉर्ड, साहिल ने भाला फेंक में जीता स्वर्ण

**पंचकुला। एजेंसी**



63वीं अंतर-राज्यीय एथलेटिक्स चैंपियनशिप के अंतिम दिन रविवार को 110 मीटर बाधा दौड़ में 13.54 सेकंड के नए मीट रिकॉर्ड के साथ तेजस शिरसे ने स्वर्ण पदक जीता। 22 वर्षीय शिरसे ओलंपिक मानक (13.27 सेकंड) को हासिल करने का लक्ष्य बना रहे थे, लेकिन उन्हें सफलता नहीं मिली।

साहिल सिलवाल ने भी खुद को बड़ी चुनौतियों के लिए तैयार साबित किया, उन्होंने भाला फेंक में शीर्ष स्थान हासिल किया। सिलवाल, जो कुछ साल पहले सबसे होनहार थ्रोअर में से एक थे, ने अपने अंतिम थ्रो में 81.81 मीटर की दूरी तय करके नया व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। मीट में सबसे प्रतीक्षित इवेंट में 4*400 मीटर मिश्रित रिले टीम ने नया राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाया, लेकिन पेरिस के लिए क्वालीफाई करने से चूक गए। मोहम्मद अनस, मोहम्मद अजमल, ज्योतिका श्री दांडी और किरण पहल की चौकड़ी ने 3:12.82 सेकंड का समय निकालकर पिछले राष्ट्रीय रिकॉर्ड से लगभग दो सेकंड बेहतर प्रदर्शन किया।

## प्रतिस्पर्द्धी खेल समुदाय के लिए योग को अपनाना एक स्वाभाविक कदमः उषा

**नई दिल्ली। एजेंसी**



भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) की अध्यक्ष डॉ. पीटी उषा ने एशियाई ओलंपिक परिषद (ओसीए) के कार्यकारी बोर्ड (ईबी) को एशियाई खेल कार्यक्रम में शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को बढ़ावा देने वाली प्राचीन भारतीय विद्या योग को शामिल करने के उनके प्रस्ताव पर तुरंत सहमति देने के लिए धन्यवाद दिया है। उन्होंने आईओए द्वारा जारी एक आधिकारिक बयान में कहा कि ओसीए अध्यक्ष राजा रणधीर सिंह ने उन्हें इस निर्णय के बारे में सूचित किया है। उन्होंने कहा, मुझे खुशी है कि ओसीए कार्यकारी बोर्ड ने योग को वह मान्यता देने के भारत के अनुरोध पर सहज रूप से सहमति व्यक्त की है जिसका वह हकदार है।

प्रस्ताव अब खेल समिति के माध्यम से पुष्टि के लिए महासभा में जाएगा। आईओए अध्यक्ष ने कहा कि प्रतिस्पर्धी खेल समुदाय के लिए योग को अपनाना एक स्वाभाविक कदम है, खासकर तब जब प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की दूरदृष्टि और पहल के कारण दुनिया ने इसे अपनाया है। उन्होंने कहा इसकी सार्वभौमिक अपील है और दुनिया भर के लोगों ने योग को अपनाया है और इसके लाभ उठाए हैं। उन्होंने ओसीए बैठक से पहले युवा मामले और खेल मंत्री डॉ. मनसुख मंडाविया को उनके प्रयासों के लिए धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा जब हम प्रधानमंत्री के नेतृत्व में सामूहिक प्रयास करते हैं, तो हम बिना किसी बाधा के सफलता प्राप्त कर सकते हैं। मुझे खुशी है कि योग को खेल के सबसे बड़े उत्सवों में शामिल करने के भारत के प्रयास को प्रतिध्वनि मिल रही है।

# वाणिज्य



### बिटकॉइन ने फिर 62 हजार डॉलर से ऊपर छलांग लगाई

## क्रिप्टो करेंसी मार्केट में रौनक, टॉप 10 में

**नई दिल्ली। एजेंसी**



क्रिप्टो करेंसी मार्केट में रौनक नजर आ रही है। मार्केट कैप के लिहाज से टॉप-10 में शामिल क्रिप्टो करेंसीज में से दुनिया की सबसे बड़ी क्रिप्टो करेंसी बिटकॉइन और दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी क्रिप्टो करेंसी एथेरियम समेत 8 क्रिप्टो करेंसीज मजबूती के साथ ग्रीन जोन में कारोबार कर रही हैं। जबकि 1 क्रिप्टो करेंसी गिरावट के साथ रेड जोन में और 1 क्रिप्टो करेंसी बिना बदलाव के 24 घंटे पहले की कीमत पर ही कारोबार कर रही हैं। आज की तेजी के कारण बिटकॉइन एक बार फिर 62 हजार डॉलर के स्तर को पार कर गया है। भारत में क्रिप्टो करेंसी का कारोबार करने के लिए अधिकृत एजेंसी कॉइन मार्केट कैप के मुताबिक भारतीय समय के हिसाब से आज शाम 5 बजे तक बिटकॉइन 1.88 प्रतिशत की मजबूती के साथ 62,641.74 डॉलर यानी 52.27 लाख रुपये के स्तर पर कारोबार कर रहा था। इसी तरह एथेरियम की कीमत भी 2.16 प्रतिशत की तेजी के साथ उछल कर 3,459.38 डॉलर के स्तर पर आ गई थी।

बिटकॉइन और एथेरियम के अलावा टेथर 0.08 प्रतिशत, बीएनबी 0.53 प्रतिशत, सोलाना 3.77 प्रतिशत, एक्सआरपी 2.13 प्रतिशत, डॉगकॉइन 2.04 प्रतिशत और काडानो 3.83 प्रतिशत की तेजी के साथ ग्रीन जोन में कारोबार कर रहे थे। दूसरी ओर टॉनकॉइन 0.47 प्रतिशत की कमजोरी के साथ रेड जोन में बना हुआ था। इसके अलावा यूएसडी कॉइन की कीमत में पिछले 24 घंटे के कारोबार के दौरान कोई बदलाव नहीं हुआ है।

कॉइन मार्केट कैप से मिली जानकारी के मुताबिक पिछले 24 घंटे के कारोबार के दौरान क्रिप्टो करेंसी के ग्लोबल मार्केट कैप में 1.99 प्रतिशत की तेजी दर्ज की गई है। फिलहाल क्रिप्टो करेंसी का ग्लोबल मार्केट कैप बढ़ कर 2.31 लाख करोड़ डॉलर यानी करीब 192.76 लाख करोड़ रुपये हो गया है। ग्लोबल मार्केट कैप में बढ़ोतरी होने के साथ ही पिछले 24 घंटे के दौरान क्रिप्टो करेंसीज के लेन-देन में भी तेजी आई है।

## सिल्वन प्लाईबोर्ड की शेयर बाजार में एंट्री विसामन ग्लोबल की फीकी शुरुआत

**नई दिल्ली। एजेंसी**




प्लाईवुड, ब्लैकबोर्ड, फ्लश डोर, वीनियर और सॉर टिम्बर बनाने वाली कंपनी सिल्वन प्लाईबोर्ड ने आज शेयर बाजार में धमाकेदार एंट्री की है। इस कंपनी के शेयर नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) के एसएमई (स्मॉल एंड मीडियम एंटरप्राइजेज एक्सचेंज) प्लेटफॉर्म पर 66 रुपये के स्तर पर लिस्ट हुए। इस तरह इस कंपनी के आईपीओ में निवेश करने वाले निवेशकों को 20 प्रतिशत का लिस्टिंग गेन मिला है। वहीं विसामन ग्लोबल सेल्स के शेयरों की भी नेशनल स्टॉक एक्सचेंज के एसएमई प्लेटफॉर्म पर लिस्टिंग हुई। लेकिन इस लिस्टिंग में निवेशकों को सिर्फ 5 प्रतिशत का ही लिस्टिंग गेन मिल सका। उल्लेखनीय है कि सिल्वन प्लाईबोर्ड का 28.05 करोड़ रुपये का आईपीओ 24 जून से 26 जून तक सब्सक्रिप्शन के लिए खुला था। आईपीओ के तहत 55 रुपये के भाव पर निवेशकों को शेयर ऑफर किए गए थे। खुदरा निवेशकों ने इस आईपीओ के प्रति काफी उत्साह दिखाया था, जिसके कारण ये आईपीओ ओवरऑल 84.03 गुना ओवर सब्सक्राइब हुआ था। आईपीओ का आधा हिस्सा खुदरा निवेशकों के लिए सुरक्षित रखा गया था, जो 84.11 गुना ओवर सब्सक्राइब हुआ था। इस आईपीओ के जरिए 45 रुपये के प्रीमियर के साथ 10 रुपये की फेस वैल्यू वाले 51 लाख नए शेयर जारी किए गए थे।

## घरेलू शेयर बाजार में मजबूती का रुख, सेंसेक्स और निफ्टी उछले

**नई दिल्ली। एजेंसी**



घरेलू शेयर बाजार में आज मजबूती नजर आ रही है। हालांकि सपाट स्तर पर मिले-जुले कारोबार की शुरूआत हुई थी। लेकिन बाजार खुलने के बाद खरीदारी के सपोर्ट से सेंसेक्स और निफ्टी दोनों सूचकांकों ने रफ्तार पकड़ ली। पहले एक घंटे का कारोबार होने के बाद सेंसेक्स 0.16 प्रतिशत और निफ्टी 0.20 प्रतिशत की मजबूती के साथ कारोबार कर रहे थे।

शुरूआती एक घंटे के कारोबार के बाद स्टॉक मार्केट के दिग्गज शेयरों में से विप्रो, हीरो मोटोकॉर्प, टेक महिंद्रा, ग्रासिम इंडस्ट्रीज और जेएसडब्ल्यू स्टील के शेयर 1.83 प्रतिशत से लेकर 1.47 प्रतिशत की बढ़त के साथ कारोबार कर रहे थे। दूसरी ओर एनटीपीसी, पावर ग्रिड कॉरपोरेशन, डिवीज लेबोरेट्रीज, अपोलो हॉस्पिटल और सन फार्मास्युटिकल्स के शेयर 2.17 प्रतिशत से लेकर 0.78 प्रतिशत की गिरावट के साथ कारोबार करते नजर आ रहे थे।

अभी तक के कारोबार में स्टॉक मार्केट में 2,271 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हो रही थी।

इनमें से 1,715 शेयर मुनाफा कमा कर हरे निशान में कारोबार कर रहे थे, जबकि 556 शेयर नुकसान उठा कर लाल निशान में कारोबार कर रहे थे। इसी तरह सेंसेक्स में शामिल 30 शेयरों में से 23 शेयर लिवाली के सपोर्ट से हरे निशान में बने हुए थे। दूसरी ओर, 7 शेयर बिकवाली के दबाव में लाल निशान में कारोबार कर रहे थे। जबकि निफ्टी में शामिल शेयरों में से 34 शेयर हरे निशान में और 16 शेयर लाल निशान में कारोबार करते नजर आ रहे थे। बीएसई का सेंसेक्स 10.62 अंक की मामूली बढ़त के साथ 79,043.35 अंक के स्तर पर खुला।

## एक नजर

### विधानसभा अध्यक्ष ने व्यापारी नेताओं को शपथ दिलाई



**देहरादून।** उद्योग व्यापार मंडल के पदाधिकारियों को विधानसभा अध्यक्ष ऋतु भूषण खंडूरी ने शपथ दिलाई। शपथ ग्रहण समारोह का शुभारंभ विधानसभा अध्यक्ष ने दीप प्रज्वलित कर किया।साथ ही बलिदान होने वाले कोटद्वार के इंदर सिंह रावत और पाबौ के भूपेंद्र सिंह नेगी के प्रति शोक संवेदना व्यक्त की। विधानसभा अध्यक्ष ने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को शपथ ग्रहण समारोह में पदाधिकारियों से पूर्ण जिम्मेदारी के साथ अपने कर्तव्य निर्वहन की अपेक्षा की। साथ ही शुभकामनाएं देते हुए कहा कि युवा प्रतिनिधि मंडल चुने जाने के नाते उन्हें व्यापारिक हितों को देखते हुए सामूहिक विचार के साथ जुड़ कर कार्य करना होगा। इसके साथ ही व्यापार संघ के वरिष्ठ अनुभवी सदस्यों के अनुभव का लाभ भी लेना आवश्यक है। विधानसभा अध्यक्ष ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का आभार व्यक्त करते हुए कोटद्वार पौड़ी गढ़वाल से चार धाम यात्रा शुरू करने पर जोर देने के लिए धन्यवाद किया।

### ओली ने मांगा प्रधानमंत्री का इस्तीफा



**काठमांडू।** नेपाल का सत्ताधारी गठबन्धन टूट के कगार पर पहुंच गया है। बस इसकी औपचारिक घोषणा बाकी है। नेपाल के सत्तारूढ़ गठबन्धन के प्रमुख घटक दल नेकपा एमाले नेता केपी शर्मा ओली और प्रमुख विपक्षी दल के नेता शेरबहादुर देउवा के बीच नया सत्ता समीकरण बनाने की सहमति के बाद प्रधानमंत्री प्रचण्ड से इस्तीफा देने की मांग की गई है। सोमवार सुबह प्रधानमंत्री निवास पहुंच कर केपी शर्मा ओली ने प्रचण्ड से इस्तीफा देने का आग्रह किया। ओली का कहना है कि नया सत्ता समीकरण बनने के बाद बहुमत गंवा चुके प्रधानमंत्री को अपने पद से इस्तीफा देना चाहिए। जवाब में प्रधानमंत्री प्रचण्ड ने ओली को इसी गठबन्धन का नेतृत्व करने की पेशकश की। ओली से मुलाकात के दौरान प्रचंड ने वाम एकता को कायम रखने के लिए भी इस गठबन्धन को बचाना जरूरी होने की बात कही है। प्रचण्ड ने कहा कि वे ओली का समर्थन करने के लिए भी तैयार हैं लेकिन ओली ने कहा कि दूसरी तरफ समझौता हो चुका है इसलिए अब इस पर पुनर्विचार नहीं हो सकता।

### सिंध प्रांत में सड़क हादसे में सात की मौत

**कराची।** पाकिस्तान के सिंध प्रांत में एक तेज रफ्तार वाहन के एक ट्रेलर ट्रक से टकराकर पलट जाने से चार बच्चों सहित कम से कम सात लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि यह दुर्घटना प्रांतीय राजधानी कराची में उस समय हुई जब ट्रेलर ट्रक ने यू-टर्न लिया और पीछे से आ रही मिनी बस उससे टकराकर पलट गयी। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि मृतकों में एक ही परिवार के चार बच्चे और दो महिलाएं शामिल हैं। वे सभी हॉक्सबे समुद्र तट पर घूमने गए थे। उन्होंने बताया, जिस बस में वे यात्रा कर रहे थे वह ट्रेलर से टकराने के बाद पलट गयी।

### स्मैक के साथ दो गिरफ्तार

**हरिद्वार।** पुलिस ने गश्त के दौरान दो स्मैक तस्करों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इनके कब्जे से स्मैक व तस्करी में प्रयुक्त बाइक बरामद की है। जनपद की कलियर थाना पुलिस ने गश्त के दौरान टंकी चौक पिरान कलियर के पास से दो स्मैक तस्करों को गिरफ्तार किया। तलाशी लेने पर दोनों के पास से 80 ग्राम स्मैक बरामद हुई। पुलिस ने तस्करी में प्रयुक्त बाइक को भी सीज कर दिया है। आरोपितों के नाम पते फारुख निवासी रामपुर चुंगी धोबी वाली गली थाना कोतवाली गंगनर जनपद हरिद्वार व तौकीर निवासी रामपुर चुंगी पिलखन वाली मस्जिद थाना कोतवाली गंगनहर हरिद्वार बताए गए हैं।

### मुठभेड़ में चेन स्नैचर साथी समेत गिरफ्तार

**वाराणसी।** एसओजी, शिवपुर और लालपुर थाने की संयुक्त पुलिस टीम ने सोमवार को मुठभेड़ में शातिर चेन स्नैचर किशन सरोज और उसके साथी को दबोच लिया। कांशीराम आवास के पास हुई मुठभेड़ में घायल बदमाश किशन को पांडेयपुर स्थित पं. दीन दयाल उपाध्याय अस्पताल में भर्ती कराया गया। बदमाश शिवपुर क्षेत्र में चेन स्नेचिंग की घटना में शामिल रहा। बदमाश के पास से असलहा और कारतूस भी बरामद हुआ। है। किशन सरोज अपने साथी के साथ रिंग रोड से कहीं जा रहा था। सटीक सूचना पर एसओजी, शिवपुर और लालपुर थाने की संयुक्त पुलिस टीम ने दोनों को घेर लिया। यह देख बदमाशों ने पुलिस टीम पर फायर झोंक दिया। जवाबी कार्रवाई में एक बदमाश के बाएं पैर में गोली लगी तो वह लड़खड़ा गया।

# नए आपराधिक कानूनों को राजनीतिक रंग देना ठीक नहीं : शाह

**नई दिल्ली। एजेंसी**

- अपराधों पर प्राथमिकी और कानूनी प्रक्रिया नए कानूनों के तहत होगी
- नए कानून लागू होने के बाद ग्वालियर में पहली प्राथमिकी चोरी के मामले में रात 12.10 मिनट पर दर्ज हुई



केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सोमवार को विपक्ष के इन आरोपों को कि तीनों नए आपराधिक कानून बिना चर्चा के पारित कर दिए गये, इसे पूरी तरह से खारिज करते हुए कहा कि इन्हें राजनीतिक रंग देना ठीक नहीं है। संसदीय शौध में केन्द्रीय गृहमंत्री शाह ने नए आपराधिक कानूनों पर पत्रकारवार्ता की। इसमें उन्होंने कहा कि करीब चार साल के विमर्श के बाद कानून लाया गया है और संसद की गृह मामलों की समिति में इस पर विस्तार से विचार किया गया।

विपक्षी सांसदों सहित सदस्यों ने सुझाव दिए और कुछ राजनीतिक सुझावों को छोड़कर लगभग सभी सुझावों को इसमें शामिल किया गया है। लेकिन विपक्ष शायद संसद में, इस विषय पर चर्चा नहीं करना चाहता था। केन्द्रीय गृह मंत्री ने मीडिया रिपोर्टों के इतर जानकारी दी कि नए कानून लागू होने के बाद ग्वालियर में पहली प्राथमिकी चोरी के मामले में रात 12.10 मिनट पर दर्ज हुई है। साथ ही उन्होने बताया कि जहां तक मीडिया में चल रही खबर है तो वे बताना चाहते हैं कि एक स्ट्रीट वेंडर के खिलाफ किसी नए प्रावधान के तहत मामला दर्ज नहीं हुआ है। पुलिस ने इसकी समीक्षा करने के लिए प्रावधान का इस्तेमाल किया और उस मामले को खारिज कर दिया। उन्होंने बताया कि कल मध्य रात्रि के बाद हुए अपराधों पर प्राथमिकी और कानूनी प्रक्रिया नए कानूनों के तहत होगी।

उल्लेखनीय है कि 01 जुलाई को मध्य रात्रि के बाद से भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की जगह भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस), आपराधिक प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) की जगह अब भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) और इंडियन एविडेंस एक्ट की जगह अब भारतीय साक्ष्य अधिनियम (बीएसए) लागू हो गया है।

शाह ने इस अवसर पर देशवासियों को बधाई दी कि आजादी के करीब 77 साल बाद हमारी आपराधिक न्याय प्रणाली पूरी तरह से 'स्वदेशी' हो रही है। यह भारतीय मूल्यों पर काम करेगी। उन्होंने कहा कि नए आपराधिक कानूनों में दंड की बजाए न्याय, देरी के बजाए तेज न्याय और पुलिस के बजाए पीड़ित और शिकायतकर्ता के अधिकार सुरक्षित होंगे।

## देश को नई दिशा दिखाएंगे नए कानून: पुष्कर सिंह धामी

**देहरादून। एजेंसी**

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने भारतीय न्याय व्यवस्था में तीन नए कानूनों के लागू होने पर कहा कि आज भारतीय न्याय व्यवस्था के लिए ऐतिहासिक दिन है। अंग्रेजों के जमाने से चले आ रहे पुराने और गैरजरूरी कानूनों को हटाकर वर्तमान परिस्थिति के हिसाब से नए आपराधिक कानून लागू हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि नए कानून प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं गृहमंत्री अमित शाह के नेतृत्व में न्याय की अवधारणा को मजबूत करेंगे और न्याय प्रक्रिया को अधिक सरल व सुलभ बनाने में पुलिस एवं न्यायालयों की मदद करेंगे।

उल्लेखनीय है कि संपूर्ण देश में सोमवार से तीन नए अपराधिक कानून यथा भारतीय न्याय संहिता-2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता-2023 और भारतीय साक्ष्य अधिनियम-2023 लागू हो गए हैं। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सोमवार को पुलिस मुख्यालय



देहरादून में भारतीय न्याय व्यवस्था में लागू हुए तीन नए आपराधिक कानूनों का राज्य में औपचारिक शुभारंभ किया। साथ ही तीन नए कानूनों पर आधारित आईओ एप्लीकेशन का शुभारंभ एवं विवेचक पुलिसकर्मियों को टैबलेट वितरित किए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि अनुशासन, निष्पक्षता और न्याय देश की पुरानी परंपरा रही है। ये तीनों कानून देश के हर नागरिक की स्वतंत्रता, मानव अधिकार और सबके साथ समान व्यवहार को सुनिश्चित करेंगे। ये कानून गुलामी की मानसिकता को मिटाने और औपनिवेशिक कानूनों से मुक्ति दिलाने की मोदी सरकार की प्रतिबद्धता को दशार्ता है।

## तालिबान प्रतिनिधिमंडल ने सशर्त संयुक्त राष्ट्र की बैठक में भाग लिया



**इस्लामाबाद। एजेंसी**

तालिबान का एक प्रतिनिधिमंडल रविवार को कतर में अफगानिस्तान पर संयुक्त राष्ट्र की बैठक में शामिल हुआ। आयोजकों के इस आश्वासन के बाद प्रतिनिधिमंडल बैठक में शामिल हुआ कि महिलाओं को इस बैठक में शामिल नहीं किया जाएगा। दो दिवसीय यह बैठक कतर की राजधानी दोहा में अफगान संकट पर संयुक्त राष्ट्र द्वारा आयोजित तीसरी बैठक है। तालिबान सरकार के मुख्य प्रवक्ता और उसके प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व करने वाले जबीहुल्ला मुजाहिद ने एक्स पर लिखा कि प्रतिनिधिमंडल ने बैठक से इतर रूस, भारत और उज्बेकिस्तान सहित अन्य देशों के प्रतिनिधियों से मुलाकात की। पहली बैठक में तालिबान को आमंत्रित नहीं किया गया और संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंतोनियो गुतारेस ने कहा कि तालिबान ने फरवरी में हुई दूसरी बैठक में शामिल होने के लिए कुछ शर्तें रखीं, जिनमें अफगान नागरिक समाज के सदस्यों को वार्ता से बाहर रखने तथा तालिबान को देश का वैध शासक मानने की शर्त शामिल थी। तालिबान ने 15 अगस्त, 2021 में अफगानिस्तान की सत्ता पर नियंत्रण हासिल किया था।

## आर्थिक विकास में अहम भूमिका निभाएगा अमृतसर-कोलकाता इंडस्ट्रियल कॉरिडोर: नंदी

**लखनऊ। एजेंसी**

उत्तर प्रदेश के औद्योगिक विकास मंत्री नंद गोपाल गुप्ता 'नंदी' ने सोमवार को कहा कि अमृतसर-कोलकाता इंडस्ट्रियल कॉरिडोर (एके आईसी) उत्तर प्रदेश के आर्थिक विकास में अहम भूमिका निभाएगा। उन्होंने कहा कि यह कॉरिडोर केवल उत्तर प्रदेश में नहीं बल्कि पूरे उत्तर और पूर्वी भारत के लिए लाभकारी साबित होगा। उत्तर प्रदेश सरकार इस महत्वकांक्षी परियोजनाओं के लिए तेजी से भूमि अधिग्रहण कर रही है, जिससे राज्य में औद्योगिक विकास और रोजगार सृजन को बड़ा बढ़ावा मिलेगा।



श्री नंदी ने अमृतसर-कोलकाता इंडस्ट्रियल कॉरिडोर के लिए राज्य सरकार के किए जा रहे प्रयासों की जानकारी देते हुए बताया कि यह कॉरिडोर सात राज्यों के 20 शहरों में फैला होगा। इसमें उत्तर प्रदेश के आगरा और प्रयागराज में दो महत्वपूर्ण नोड स्थापित किए जाएंगे। यह कॉरिडोर न केवल हमारे राज्य को, बल्कि पूरे उत्तर और पूर्वी भारत के आर्थिक परिदृश्य को बदल देगा।

मंत्री नंदी ने बताया कि कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश में राज्य सरकार इस परियोजना के लिए हर संभव सहायता प्रदान कर रही है। हमने अधिकारियों को निर्देश दिए है कि वे इस मेगा प्रोजेक्ट के लिए प्रर्याप्त भूमि की उपलब्धता सुनिश्चित करें और केंद्र सरकार के साथ निरंतर समन्वय बनाए रखें। उन्होंने यह भी बताया कि राज्य सरकार ने निवेशकों का विश्वास बढ़ाने के लिए उद्योग संबंधी मुद्दों का समयबद्ध समाधान सुनिश्चित कर रही है। प्रदेश सरकार माल ढुलाई गलियारें, एक्सप्रेस-वे, हवाई अड्डे, राजमार्ग, जलमार्ग और लॉजिस्टिक्स हब जैसे विभिन्न इंफ्राक्ट्रक्चर परियोजनाओं को भी बढ़ावा दे रही है।

औद्योगिक विकास मंत्री ने हाल ही में बैंक ऑफ अमेरिका के प्रतिनिधिमंडल के दौरे का उल्लेख करते हुए बताया कि अमेरिकी निवेशक राज्य में निवेश के अवसरों की तलाश कर रही हैं। अमेरिकी प्रतिनिधि मंडल का यह दौरा उत्तर प्रदेश की बढ़ती वैश्विक पहचान का प्रमाण है। हमारी समृद्ध सांस्कृति विरासत, अनुकूल व्यावासयिक माहौल और बेहतर कानून व्यवस्था ने उत्तर प्रदेश को भारत का सबसे पसंदीदा व्यापारिक गंतव्य बना दिया है।

### हिटलर की याद दिलाता है सुक्खू सरकार का शासन : पवन

**धर्मशाला।** देहरा विधानसभा उपचुनाव के भाजपा सह-संजोयक व कांगड़ा विधानसभा क्षेत्र के विधायक पवन काजल ने मुख्यमंत्री सुक्खू की तुलना हिटलर से करते हुए कहा कि सुक्खू सरकार का शासन उसी प्रकार से है जैसा की हिटलर के समय का था। सोमवार को जारी एक प्रेस बयान में भाजपा नेता ने कहा कि नौ विधान सभाओं में हुए पहले उपचुनावों में सुक्खू सरकार ने पुलिस बल पर लोगों को डराने का काम किया। धर्मशाला को सुक्खू ने छावनी में तबदील कर दिया था। सुधीर शर्मा के घर की और आने जाने वाले रास्तों में पुलिस के नाके लगवा दिया गए थे। रात को पुलिस की फौज गश्त कर लोगों के दिलों में दहशत फलाने में उतारु थी, मगर सुक्खू जनता की आवाज को दबा नही सके। पवन काजल ने कहा कि दूसरों को डर दिखाकर शासन करने वाली सुक्खू टोली खुद खौफजदा होती नजर आएगी। पवन काजल ने कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू को देहरा के विकास का नहीं अपनी पत्नी की जीत की चिंता सता रही है।

## विकसित भारत के निर्माण के लिए विकसित मानसिकता आवश्यक : राष्ट्रपति

**नई दिल्ली। एजेंसी**

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा कि विकसित भारत के निर्माण के लिए विकसित मानसिकता आवश्यक है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि अधिकारी नई सोच और नए समाधानों के साथ देश के विकास को आगे बढ़ाएंगे। राष्ट्रपति ने सोमवार को भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) के 2022 बैच के अधिकारियों के एक समूह को राष्ट्रपति भवन में संबोधित करते हुए उक्त बातें कहीं।



राष्ट्रपति मुर्मू ने आईएएस अधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि हमारे देश में भारतीय प्रशासनिक सेवा को एक स्वप्निल करियर (ड्रीम जॉब) माना जाता है। उन्होंने कहा कि लाखों महत्वाकांक्षी युवा आईएएस अधिकारी बनने का सपना देखते हैं। उनमें से कई इस सेवा में चयन के लिए कड़ी मेहनत करते हैं। उन्होंने जोर देकर कहा कि ऐसे सभी युवाओं में से केवल आपको ही इस प्रतिष्ठित सेवा के माध्यम से नागरिकों के कल्याण के लिए काम करने का अवसर मिला है। उन्होंने अधिकारियों को सलाह दी कि वे जहां भी काम करें, अपनी संवेदनशीलता, ईमानदारी और कार्यकुशलता से अपनी छाप छोड़ें। राष्ट्रपति ने कहा कि इस उच्च प्रौद्योगिकी युग में जब लोगों को देश-दुनिया की जानकारी वास्तविक समय में मिल रही है, तब अधिकारियों की चुनौतियां और बढ़ गई हैं। जब तक आप किसी भी योजना के सामाजिक या आर्थिक लक्ष्य को प्राप्त करेंगे, तब तक लोगों की जरूरतें, जागरूकता और आकांक्षाएं और बढ़ चुकी होंगी। इसलिए आपको ऐसी व्यवस्थाएं बनानी चाहिए जो उन्हें भविष्य के लिए तैयार रहने में सक्षम बनाएं। राष्ट्रपति ने कहा कि बड़े लक्ष्यों को प्राप्त करने, समावेशी और सतत विकास तथा हर वर्ग के सामाजिक-आर्थिक सशक्तिकरण के लिए प्रशासन की कार्य संस्कृति जनभागीदारी पर आधारित होनी चाहिए।

उन्होंने कहा कि आज के संदर्भ में अधिकारियों को न केवल प्रशासक बल्कि सुविधाप्रदाता और प्रबंधक की भूमिका भी निभानी होगी। आपकी सफलता इस बात पर निर्भर करेगी कि आप सभी को साथ लेकर कैसे जवाबदेह, पारदर्शी और प्रभावी प्रशासन प्रदान कर पाते हैं। राष्ट्रपति ने कहा कि प्रशासक के लिए सबसे महत्वपूर्ण बात लोगों का विश्वास जीतना और उसे बनाए रखना है। उन्होंने लोगों को सुलभता, पारदर्शिता और विश्वास निर्माण के लिए प्रौद्योगिकी का उपयोग करने की सलाह दी।

### आवास विकास क्षेत्र में कई जगह सड़क धंसी

**सहारनपुर।** जनपद की आफिसर कॉलोनी की सीवर लाइन का काम लगभग डेढ़ महीने से चल रहा है, जिसके चलते पुरानी लाइनें जगह-जगह मिट्टी भरने से जाम हो गई हैं। इसको लेकर स्थानीय निवासियों ने कई बार शिकायतें की लेकिन पुरानी सीवर लाइन की सफाई का काम नहीं किया गया। अब बारिश ने बंद सीवर लाइन ने नागरिकों की समस्या को बढ़ा दिया है। बारिश का पानी भरने से सड़क में बने गड्ढें जान के लिए मुसीबत बन गए हैं। आवास विकास स्थित जैन कॉलेज रोड से ऑफिसर कॉलोनी तक सीवर लाइन का काम लगभग 50 दिनों से चल रहा है। यह सीवर लाइन आवास विकास हरि मंदिर के सामने से होकर गुजर रही है और काम धीमी गति से होने के कारण भी परेशानी का सबब बनी हुई हैं। बरसात के ठीक पहले यह काम किया जाना नगर निगम की प्लानिंग पर सवाल खड़ा करता है। वहीं काम की गति इतनी धीमी है जो आवास विकास निवासी लोगों व हरि मंदिर में आने वाले भक्तों के लिए परेशानी का सबब बनी हुई है। बारिश के चलते यहां जगह-जगह से सड़क धंस गई है और पुरानी सीवर लाइन में मिट्टी भर गयी है, जिसके कारण जल भराव हो सकता है और सड़क मे बने गड्ढे बडे. हादसों का कारण बन सकते हैं।

## पेपर लीक मामले में राजनीति के बजाय शीघ्र और स्थायी समाधान निकाला जाय : मायावती

**लखनऊ। एजेंसी**

बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने सोमवार को कहा कि उत्तर प्रदेश समेत अन्य राज्यों में होने वाली परीक्षाओं में पेपर लीक एवं सरकारी भर्तियों में भ्रष्टाचार का मामला अति-गंभीर, दु:खद व चिन्तनीय है। इन समस्याओं के प्रति किसी प्रकार की सरकारी लापरवाही और न ही राजनीति उचित है, बल्कि इसकी रोकथाम के लिए सख़्त कदम आवश्यक है। मायावती ने 'एक्स' पर पोस्ट करते हुए कहा कि देश में समय-समय पर होने वाली विभिन्न परीक्षाओं की पवित्रता के साथ ही वर्तमान में खासकर मेडिकल की नीट-यूजी एवं पीजी परीक्षाओं को लेकर जो अनिश्चितता बनी हुई है। उससे लोगों में बेचैनी, चिन्ता व आक्रोश की लहर स्वाभाविक है, जिसका शीघ्र और सही स्थाई समाधान निकालना बहुत ही जरूरी है।

आगे उन्होंने कहा कि वैसे आल इण्डिया ही नहीं बल्कि यूपी समेत राज्यों में होने वाली परीक्षाओं में



पेपर लीक व सरकारी भर्तियों में भ्रष्टाचार का मामला भी अति-गंभीर एवं चिन्तनीय है। इन समस्याओं के प्रति किसी प्रकार की सरकारी लापरवाही और न ही राजनीति उचित बल्कि इसकी रोकथाम के लिए सख़्त कदम आवश्यक है। मायावती ने अखिलेश को दी जन्मदिन की बधाई। बसपा प्रमुख मायावती ने समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री व सांसद अखिलेश यादव को आज उनके जन्मदिन पर हार्दिक बधाई दी है। उन्होंने उनके लम्बी उम्र की कामना करते हुए शुभकामनाएं और उनके परिवार वालों को भी इस अवसर की दिली मुबारकबाद दी।

**चारधाम यात्रा** | **जरा सी ढिलाई पर अब तक 162 तीर्थयात्रियों ने जान गवां दी**

# खराब मौसम के बावजूद चारधाम यात्रा चरम पर

**देहरादून। एजेंसी**

- डॉक्टरों की सलाह को दरकिनार कर जोश में कम समय में यात्रा पूरी करने निकलने वाले लोग जान को खतरे में डाल रहे हैं



चारधाम यात्रा आसान नहीं है। खास तौर पर उनके लिए जो पूरी तरह से फिट नहीं है। कारण चढ़ाई वाले रास्ते और उस पर बदले मौसम के साथ हवा में ऑक्सीजन की कमी। ऐसे में दिल कमजोर है तो दिक्कत होनी स्वाभाविक है। खराब मौसम के बावजूद इन दिनों चारधाम यात्रा चरम पर है। ऐसे में कई तीर्थयात्री एहतियात नहीं बरत रहे हैं। जरा सी ढिलाई पर अब तक 162 तीर्थयात्रियों ने जान गवां दी है। उत्तराखंड की चारधाम यात्रा विश्वभर में प्रसिद्ध है। एक तरफ खाई तो दूसरे तरफ पहाड़, पथरीले, घुमावदार व चढ़ाईनुमा रास्ता होने के बावजूद आस्था की डगर पर देश-दुनिया से आने वाले तीर्थयात्री मन्नतों की मंजिल की ओर बढ़ते दिख रहे हैं। यात्रा मार्ग पर जगह-जगह ब्लड प्रेशर समेत अन्य जरूरी जांच कर यात्रियों को आगाह किया जा रहा है लेकिन डॉक्टरों की सलाह को दरकिनार कर जोश में कम समय में यात्रा पूरी करने निकलने वाले लोग जान को खतरे में डाल रहे हैं। राज्य आपातकालीन परिचालन केंद्र देहरादून उप सचिव व ड्यूटी आफिसर शिव स्वरूप त्रिपाठी ने बताया कि चारधाम यात्रा में अब तक 162 तीर्थयात्रियों की मौत हुई है। केदारनाथ धाम में सबसे अधिक 77 तीर्थयात्रियों ने जान गवाई है। बद्रीनाथ धाम में अब तक 39, यमुनोत्री धाम में 29 व गंगोत्री धाम में 13 तो हेमकुंड साहिब में अब तक चार तीर्थयात्रियों की मौत हुई है। त्रिपाठी ने बताया कि विषम भौगोलिक परिस्थितियां, पहुंच मार्ग पर चढ़ाई और बदलते मौसम से यात्रियों की तबियत खराब हो रही है। जिसमें कुछ को जान गंवानी पड़ रही है। समुद्रतल से 11,750 फीट की ऊंचाई पर स्थित केदारनाथ में ऑक्सीजन का दबाव काफी कम है। यहां मौसम के खराब होते ही चारों तरफ कोहरा छाने और बर्फबारी से दिन-दोपहर में ही सांस लेने में दिक्कत होने लगती है। यहां कई यात्रियों को धड़कन बढ़ने, बेचैनी, चक्कर आने और सीने में दर्द की शिकायत होती है, जो हृदयाघात का कारण बनती है।

## हरिद्वार : वर्षा के कारण जलभराव से लोग हलकान

**हरिद्वार। एजेंसी**

मानसून की शुरूआत ने ही सारे इतंजामों की पोल खोल दी है। मूसलाधार बारिश के कारण हरिद्वार शहर जलमग्न हो गया। हरिद्वार में बीती देर रात हुई मूसलाधार बारिश से रानीपुर मोड़ पर जलभराव हो गया। जलभराव में एक छोटा वाहन फंस गया। वाहन चालक पानी का अंदाजा नहीं लगा पाया कि कितना पानी भरा है। वाहन बीच में ही बंद हो गया। इसके साथ ही स्थानीय लोगों को आवाजाही में परेशानी उठानी पड़ी। एक बाइक सवार भी पानी के बीच से पैदल बाइक निकालते हुए दिखाई दिए। बीते दो दिन पहले कारें पानी में बह गई थी। कार बहने की तस्वीरें भी वायरल हुई थीं। प्रशासन ने रानीपुर मोड़ की वर्षों पुरानी समस्या के समाधान के लिए 15 करोड़ रुपये की योजना बनाई थी लेकिन यह योजना केवल फाइलों में ही अटकी हुई है। आज तक समस्या का समाधान नहीं हो पाया है। इस बरसात में भी लोगों को इसी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।



### फायर यूनिट ने छात्र-छात्राओं को दी आग से बचाव की जानकारी

**हरिद्वार।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर फायर यूनिट ने जन जागरुकता अभियान कार्यक्रम शुरू किया। रुड़की के प्रभारी अग्निशमन अधिकारी सुंदरपाल के नेतृत्व में कौशिक पब्लिक स्कूल इमलीखेड़ा में छात्र-छात्राओं एवं अध्यापकों को जागरूक किया गया। उन्होंने प्राथमिक अग्निशमन उपकरणों के संचालन, घरेलू गैस सिलेंडर में आग लगने पर बचाव के तरीके, इलेक्ट्रिक फायर आदि के संबंध में जानकारी दी। इसी के साथ फायर यूनिट ने आपातकालीन नंबर 112 के बारे में भी अवगत कराया। फायर यूनिट ने प्राथमिक अग्निशमन उपकरणों को छात्रों एवं अध्यापकों से भी चलवाकर दिखाया एवं फायर टेंडर से आग बुझाने के तरीके भी बताए। उन्होंने अग्निकांड के दौरान धुएं भरे वातावरण में ब्रीदिंग ऑपरेटस सेट एजबेसट सूट के महत्व को भी समझाया।

### संघर्ष मोर्चा की बैठक किए गए कई आहम विचार विमर्श

# निर्माणधीन पावर प्लांट पर विस्थापित का अधिकार है

संवाददाता

**पतरातू ।** कटिया सरना काली मन्दिर परिसर में पीवीयूएनएल के विस्थापित प्रभावितों की बैठक का आयोजन विस्थापित-प्रभावित संघर्ष मोर्चा के बैनर तले किया गया। बैठक की अध्यक्षता आदित्य नारायण प्रसाद तथा संचालन भुवनेश्वर महतो व प्रदीप महतो ने संयुक्त रुप से किया।

बैठक में पीटीपीएस में पीवीयूएनएल द्वारा स्थापित किए जा रहे 4000 मेगावाट पावर प्लांट और उसमें यहां के विस्थापित-प्रभावितों का



अधिकार और भागीदारी को लेकर पीवीयूएनएल प्रबंधन के रोल को लेकर विस्तार से चर्चा किया गया। साथ ही स्पष्ट किया गया कि निर्माणधीन पावर प्लांट पर सिर्फ और सिर्फ विस्थापित-प्रभावित ग्रामीणों का अधिकार है और इसके लिए ही विप्रसं मोर्चा लगातार आवाज बुलंद कर रहा है और आगे भी करता रहेगा। वर्तमान प्रबंधन के साथ हम सभी की उम्मीदें जुडी हुई है। प्रबंधन विस्थापित-प्रभावितों की उम्मीदों पर खरा उतरे भावनाओं को समझें, समस्याओं के समाधान के लिए इधर-उधर घूमने के बजाय सीधा रास्ता अख्तियार करें, तो हमारा सहयोग भी निमार्णाधीन प्लांट के लिए मिलेगा।

लेकिन यदि इसे नजर अंदाज किया गया तो मोर्चा आगे बढ़कर विस्थापित-प्रभावित ग्रामीणों के अधिकार की सुरक्षा के लिए हर तरह का कदम उठाने के लिए तैयार है। आज के बैठक में मुख्य रुप से कुमेल उरांव, राजा राम प्रसाद, किशोर कुमार महतो, अब्दुल क्यूम अंसारी, कौलेश्वर महतो, प्रिय नाथ मुखर्जी, मनु मुंडा, अशोक महतो, कपिल मुंडा, लक्ष्मी कांत, देव राज राम, प्रेम कुमार, राकेश मुंडा, राकेश सिंह, अशोक उरांव, राजकुमार, नरेश महतो, राजेश महतो, रिंकू देवी, वीणा देवी, प्रदीप कुमार, प्रकाश, भरत साहू, विजय सोनी, बासुदेव ठाकुर, असलम इकबाल, राजेंद्र साहू, अमित कुमार, पूनम देवी, कौधल्या देवी, सरिता देवी, माला देवी, ममता देवी, चंदा देवी, ललिता देवी, कदम देवी, मधु देवी सहित भारी संख्या में महिला पुरुष शामिल हुए।

## पर्यावरण सुरक्षा सबों का दायित्व : रेखा

संवाददाता

**भुरकुंडा ।** लायंस कल्ब ऑफ भुरकुण्डा के तत्वधान में सोमवार को वन महोत्सव मनाया गया। इस दौरान पटेल नगर सीसीएल कॉलोनी स्थित श्री राधा कृष्ण ठाकुर बाड़ी मंदिर प्रांगण, गायत्री माता मंदिर प्रगांण और भुरकुण्डा हाई स्कुल मैदान में फलदार पौधा रोपण किया गया। और पौधो को सुरक्षित करते हुये जाली लगाई गई। कल्ब की नव नियुक्तअध्यक्ष रेखा देवी व सचिव अंजू देवी ने श्री राधाकृष्ण मंदिर प्रांगण में फलदार पौधा रोपण कर कार्यक्रम की शुरूआत की। मौके पर अध्यक्ष रेखा वर्णवाल ने कोयलांचल वासियों से अधिक से अधिक पौधे लगाने की अपील की। और कहा कि पर्यावरण की



सुरक्षा हमसबों का दायित्व है। ताकि आने वाली पीढ़िया को हम सुरक्षित रख सके।पौधा रोपण के दौरान पदाधिकारियों व सदस्यों द्वारा आम, नीम,आँवला, जामून,अमरूद, काजू, अशोक, गुलमोहर सहित विभिन्न प्रकार के दर्जनो पौधों को रोपा गया और इसके संरक्षण का संकल्प लिया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में क्लब की अध्यक्ष रेखा वर्णवाल, सचिव अंजू देवी, कोषाध्यक्ष शिवा प्रसाद, पूर्व अध्यक्ष माला शर्मा, बीना सिंह,एमजेएफ लायन राजेंद्र महतो, अशोक सिन्हा, विजय वर्णवाल,अखिलेश शर्मा, निर्मल अग्रवाल, विजयंत कुमार, संजय सिंह, विनय चन्द्र तिवारी, प्रमोद शर्मा, विमल राय, एच एन यादव, राजेश सहित स्थानिय लोगों में मुन्ना यादव, अशोक सिंह, सत्यानारायण ठाकुर, पुनित सिंह आदि का विशेष योगदान रहा।

## एक नजर

### टीएलएम का राज्य स्तर पर आयोजित निपुण समागम -2024




**हजारीबाग।** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान, डायट, हजारीबाग में आज जिला स्तरीय टीएलएम मेला (शिक्षण अधिगम समाग्री) का आयोजन किया गया। टीएलएम मेला का विधिवत उद्घाटन उपायुक्त नैंसी सहाय, जिला शिक्षा पदाधिकारी,प्रवीण रंजन, प्राचार्य डायट, दीपक कुमार द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। ज्ञात हो कि 16 प्रखंडों के चयनित शिक्षकों के द्वारा डायट, हजारीबाग में चार दिवसीय गैर आवासीय कार्यशाला में स्वयं द्वारा टीएलएम का निर्माण किया गया। जिसकी प्रदर्शनी आज डायट, हजारीबाग में की गई। टीएलएम का निर्माण का विषय हिंदी, अंग्रेजी व गणित आधारित था। जिला स्तर पर चयनित ळछट का राज्य स्तर पर आयोजित निपुण समागम-2024 जो 5 जुलाई 2024 को रांची में निर्धारित है। इस दौरान प्रदर्शनी का भी आयोजन किया जायेगा। टीएलएम निर्माण जिला नोडल के डायट के संकाय रंजीत कुमार वर्मा एवं महेंद्र कुमार गुप्ता की देख रेख में की गई।

### डॉक्टर्स डे में रोटरी भुरकुंडा ने सीसीएल डॉक्टर्स को किया सम्मानित



**भुरकुण्डा ।** रोटरी कल्ब ऑफ भुरकुण्डा के तत्वधान में रोटरी इंटरनेशनल के नये सत्र 2024-25 की शुरूआत चेंज ओवर डे के साथ की गई। साथ ही डॉक्टर्स डे में सीसीएल अस्पताल के डॉक्टर को सम्मानित कर डॉक्टर्स डे मनाया गया । नये सत्र 2024-25 के नव नियुक्त अध्यक्ष रोटेरियन प्रवीण शर्मा सचिव रोटेरियन रंजीत गुप्ता व चार्टर अध्यक्ष परमजीत सिंह धामी ने बरका सयाल सीएमओ डॉअनुप कुमार टोप्पो,डॉ नदीम अनवर , डॉ एमआफताब , डॉ राजेश कुमार को अंग वस्त्र व मोमेंटो देकर सम्मानित किया । मौके पर अध्यक्ष प्रवीण शर्मा ने कहा की फस्ट जुलाई डॉक्टर्स डे के दिन ही रॉटरी इंटरनेशनल का चेंज ओवर डे मनाया जाता है। उन्होंने कहा की डॉक्टर धरती में ईश्वर के स्वरूप है। जो जीवन दाता है, उन्हें सम्मान मिलना चाहिए। उन्होंने आश्वस्त करते हुये कहा की नये सत्र में रोटरी भुरकुण्डा पूर्व की भांति समाजिक कार्यो में बढ़चढ़ कर योगदान देता रहेगा। कार्यक्रम में क्लब के रोटेरियन अशोक शर्मा , डॉ एन के सिंह ,श्रीकान्त गुप्ता ,मुख़्तार सिंह, राम अवतार प्रसाद ,अजय गोयल ,राम किशोर प्रसाद ,विजय कुमार का पूर्ण सहयोग रहा ।

### मांडू विधानसभा क्षेत्र का विकास करना मेरी पहली प्राथमिकता है: जेपी पटेल

**गिद्दी।** पूर्व मंत्री सह मांडू विधानसभा क्षेत्र के स्थानीय विधायक जयप्रकाश भाई पटेल ने डाड़ी प्रखंड के विभिन्न पंचायतों में कई योजनाओं का उदघाटन व शिलान्यास किया।मांडू विधायक जयप्रकाश भाई पटेल ने कहा कि मैं अपने विधानसभा क्षेत्र में हर पंचायत एवं गांव स्तर तक विकास की कार्य को गति देने का काम कर रहा हूँ और आगे भी करते रहेंगे। मिश्राइन मोढा पंचायत में दो पीसीसी पथ एवं कनकी पंचायत में एक गार्डवाल का उद्घाटन एवं गिद्दी एवं रेलीगडा में दो पीसीसी पथ का शिलान्यास किया गया। इस मौके पर राकेश सिंह,नंदकुमार महतो,नागेश्वर पटेल, विशाल कुमार, भोला दूबे, रोहित कुमार सिंह एवं काफी संख्या में लोग मौजूद थे।

### मुखिया ने पीसीसी पथ निर्माण का किया शिलान्यास



**गिद्दी।** डाडी प्रखंड के गिद्दी पंचायत ख में मुखिया उषा देवी द्वारा पीसीसी पथ निर्माण का शिलान्यास किया गया। मुखिया उषा देवी ने बताया कि गिद्दी पंचायत ख में रोहन करमाली के घर के पास से रामबृक्ष मुंडा के घर तक उक्त पीसीसी पथ का निर्माण किया जाएगा। उक्त पीसीसी पथ का लागत तकरीबन 2लाख 51हजार 900 रुपया होगा। मुखिया ने बताया कि उक्त स्थल पर पीसीसी पथ निर्माण होने से आने जाने वाले राहगीरों को काफी साहूलियत होगी। उक्त कच्ची सडक पर लोगों का चलना दुभर हो गया था। लोगों कि परेशानियों को देखते हुए उक्त पथ का निर्माण किया जा रहा है। इस अवसर पर मुखिया उषा देवी,उपमुखिया सरिता देवी, रोहन करमाली, रामबृक्ष मुंडा सहित अन्य लोग मौजूद थे।

# उपायुक्त के निर्देश पर बीएम सेवा सदन, गोला को किया गया सील

संवाददाता

**रामगढ़।** राज्य स्तर से प्राप्त निरीक्षण प्रतिवेदन में की गई अनुशंसा के आलोक में उपायुक्त, रामगढ़ चंदन कुमार ने कार्रवाई करते हुए बीएम सेवा सदन, गोला का क्लीनिकल रजिस्ट्रेशन एक सप्ताह के लिए स्थगित करते हुए 10,000 रुपए का आर्थिक दण्ड का जुमार्ना लगाया गया था। इसी क्रम में सोमवार को जिला प्रशासन रामगढ़ द्वारा बीएम सेवा सदन, गोला को सील कर दिया गया सील होने के उपरांत 7 जुलाई 2024 तक बीएम सेवा सदन में किसी भी तरह की चिकित्सीय कार्य पर पूरी



तरह से निषेध रहेगा। जिले में स्वास्थ्य सुविधाएं सुदृढ़ करने के उद्देश्य से उपायुक्त ने सभी अस्पताल संचालको को अस्पतालों सहित अन्य स्वास्थ्य संस्थानों में चिकित्सक की उपस्थिति, योग्य स्टाफ, मेडिकल रिकॉर्ड का सही रख-रखाव, जैविक कचरे, फायर एनओसी से संबंधित प्रोटोकोल का अनुपालन अनिवार्य रूप से सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है। उपायुक्त ने कहा है कि चिकित्सीय संस्थानों के संचालन हेतु निर्धारित दिशा निर्देशों व नियमों का अनुपालन सुनिश्चित नहीं करने वाले स्वास्थ्य संस्थानों पर कार्रवाई की जायेगी।गौरतलब होकि क्लीनिकल एस्टेब्लिशमेंट एक्ट अन्तर्गत दिनांक 14 जून 2024 को राज्य एवं जिला स्तरीय टीम के द्वारा संयुक्त रूप से चिकित्सीय संस्थानो का निरीक्षण किया गया था।

### उपायुक्त ने सुनी जनता की समस्याएं



**रामगढ़।** उपायुक्त, रामगढ़ चंदन कुमार ने अपने कार्यालय कक्ष में जिले के सुदूरवर्ती क्षेत्रों से अपनी समस्याओं को लेकर उनसे मिलने आए लोगों से मुलाकात की। इस दौरान लोगों ने भूमि, सड़क, रोजगार, आवास, विभिन्न विकास कार्यों, योजनाओं के लाभ सहित अपनी समस्याओं से उपायुक्त को अवगत कराया जिसके उपरांत उपायुक्त ने मामलों के निष्पादन हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया।

## जल संरक्षण को लेकर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

संवाददाता

**हजारीबाग।** आईसेक्ट विश्वविद्यालय, हजारीबाग की एनएसएस इकाई के बैनर तले जल शक्ति, नारी शक्ति के जरिए हुटपा, मेरू और झुमरा में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसके तहत जल संरक्षण कैसे किया जाए, इसके लिए क्या-क्या उपाय किए जाएं, ये तरीके बताए गए। साथ ही नुक्कड़ नाटक के माध्यम से जल की अहमियत को बताया गया। विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ पीके नायक ने जल संरक्षण को अहम बताते हुए कहा कि हर क्षेत्र में जल संरक्षण को लेकर जागरूकता की आवश्यकता है।




जल, जीवन के महत्वपूर्ण जरूरतों में शामिल हैं। इसलिए जल संरक्षण आवश्यक है। वहीं कुलसचिव डॉ मुनीष गोविंद ने इस बाबत कहा कि दरअसल जल सीमित मात्रा में उपलब्ध है, इसलिए इसके प्रयोग में भी सावधानी बरतने की आवश्यकता है और जल संरक्षण के माध्यम से जल को बचाया जा सकता है। ऐसे में जागरूकता ही एक ऐसा मार्ग है, जो जल संरक्षण में अहम कड़ी साबित हो सकता है। यही वजह है कि विश्वविद्यालय के एनएसएस इकाई की ओर से समय-समय पर जल संरक्षण सहित अन्य सामाजिक दायित्वों के मद्देनजर नुक्कड़ नाटक के जरिए लोगों को जागरूक करने का प्रयास जारी है। एनएसएस अधिकारी डॉ रोजिकांत के नेतृत्व में गई विश्वविद्यालय की एनएसएस टीम को स्थानीय मुखिया एवं जनप्रतिनिधियों का भी भरपूर सहयोग मिला। डॉ रोजीकांत ने बताया कि हुटपा मुखिया किरण देवी सहित अन्य के विशेष सहयोग से ज्यादा लोगों तक जागरूकता कार्यक्रम पहुंचाने में सफल रही। उन्होंने बताया कि एनएसएस इकाई की ओर से आने वाले दिनों में विभिन्न सामाजिक दायित्वों को लेकर जागरूकता कार्यक्रम चलाए जाएंगे।

### रेलीगढा परियोजना के मजदूरों ने जयराम बेदिया को अंग वस्त्र देकर दी विदाई



संवाददाता

**गिद्दी।** रेलीगढा परियोजना के रेस्ट हाउस में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में मासस के वरिष्ठ नेता मिथिलेश सिंह,विशिष्ट अतिथि परियोजना के पदाधिकारी ए एन सिंह, खान प्रबंधक कैलाश कुमार उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन यूनियन के नेता प्रदीप रजक ने किया। उपस्थित अतिथियों ने सर्वप्रथम जयराम बेदिया को पुष्पगुच्छ एवं उपहार देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर परियोजना पदाधिकारी ए एन सिंह ने कहा कि जयराम बेदिया अपने कार्य कुशलता के कारण कभी भी शिकायत का मौका हम लोगों को नहीं दिया और कोल इंडिया में लगभग 35 वर्षों का सेवा में रहते हुए हमेशा अपने कार्य के प्रति ईमानदारी के साथ कार्य किया। विदाई की घड़ी में इतना कहूंगा कि जितना समय कॉल इंडिया में इन्होंने अपना योगदान दिया इस तरह अपने पूरे परिवार के साथ हंसी खुशी जीवन पूरे परिवार के साथ बिताएंगे और कंपनी के तरफ से जो राशि आपको मिलेगी। ताकि रिटायरमेंट के बाद अपने परिवार की सारी जरूरत को अपने हिसाब से खर्च करें।

## गिद्दी ए लोकल सेल को लेकर बैठक आयोजित

संवाददाता

**गिद्दी।** संयुक्त मोर्चा के बैनर तले गिद्दी दुर्गा मंडप के प्रांगण में संयुक्त मोर्चा के नेताओ एवं दंगल सरदारों के बीच बैठक की गई। जिसके अध्यक्षता संयुक्त मोर्चा के संयोजक सुंदरलाल बेदिया एवं संचालन प्रदीप रजक व विजय प्रसाद ने संयुक्त रूप से किया। बैठक में वक्ताओं ने कहा कि गिद्दी लोकल सेल को चालू करने में संयुक्त मोर्चा का अहम योगदान रहा है। जिसकी वजह से गिद्दी लोकल सेल चल रहा है। लोकल सेल चलने से जहां सैकड़ो




लोगों को रोजगार सृजन होनी चाहिए थी। वह नहीं हो पा रहा है। जिससे बेरोजगार लोगों में रोष व्याप्त है। लोकल सेल चालू होने से पूर्व संयुक्त मोर्चा और विस्थापित मोर्चा के बीच जो समझौता हुआ था। उसके अनुरूप समझौते का पालन नहीं किया जा रहा है। जो सरासर गलत है। गिद्दी लोकल सेल में कितना दंगल बना है। इसको भी स्पष्ट अभी तक नहीं किया गया है और मोर्चा ने जो दंगल रेयत स्थापित मोर्चा को दिया गया है।उन दंगल को भी अभी तक पूरी गाड़ी नहीं मिल रही है। जबकि 50,000 टन कोयला का उठाव होना है। इस स्थिति में दंगल के मजदूरों को चार से पांच गाड़ी मिलनी चाहिए थी। लेकिन अभी तक एक रोटेशन भी संयुक्त मोर्चा को पूरा नहीं किया गया है। जिसके चलते मजदूरो उहा पोह की स्थिति में है। बैठक में दंगल के सरदारों से अपील की गई है कि 6 जुलाई को पुनः दुर्गा मंडप के समक्ष 149 दंगल के सभी मजदूरों का जुटान कर आगे की रणनीति बनाई जाएगी।

### सीसीएल सुरक्षा प्रहरी जुगल का निधन

**गिद्दी।** सिरका परियोजना में सुरक्षा प्रहरी के पद पर कार्यरत 55 वर्षीय जुगल महतो का निधन होने का मामला सोमवार को प्रकाश में आया है। सूचना मिलने के बाद सिरका सुरक्षा इंस्पेक्टर राजू राम, जीएम यूनिट के हवलदार भैया लाल सीसीएल नईसराय अस्पताल पहुंचे। बताया जाता है कि प्रहरी जुगल महतो बीते शनिवार को ड्यूटी करने के बाद अपने गांव बलसगरा चले गए थे। अचानक तबीयत बिगड़ने पर सोमवार को उन्हें सुबह में परिजनो द्वारा नईसराय अस्पताल लाया गया। जांच कर चिकित्स्कों ने मृत घोषित कर दिया गया।









**स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व संपादक निमिषा कुमारी** द्वारा शिवा सांई पब्लिकेशन प्रा० लि० काठीटांड़, रातू रांची, झारखंड 835222 से मुद्रित व 364, को ऑपरेटिव कालोनी, बोकारो स्टील सिटी, बोकारो, 827003 से प्रकाशित।
**प्रधान संपादक निमिषा कुमारी, प्रबंध संपादक विनय कुमार तिवारी*** ( * पी आर बी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार ) आर एन आई न०- JHA/HIN/ 2018/ 76658 फोन न० 8340571405, 9262578999